रांची, मंगलवार | 18 फरवरी 2025 | वर्ष-26, अंक- 19, पृष्ठ-12 | फाल्गुन कृष्णा पक्ष 06, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

झारखण्ड सरकार
GOVERNMENT OF JHARKHAND

## नियुक्तियों का बढ़ता कारवां...

नगर विकास एवं आवास विभाग के अंतर्गत विभिन्न पदों पर कुल

## 289 अभ्यर्थियों का नियुक्ति पत्र वितरण समारोह

राजस्व निरीक्षक | विधि सहायक | सेनेटरी सुपरवाईजर | सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर
गार्डेन अधीक्षक | वेटरनरी ऑफिसर पदों पर नियुक्तियाँ

मुख्य अतिथि

**श्री हेमन्त सोरेन**
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

विशिष्ट अतिथि

**श्री राधा कृष्ण किशोर**
माननीय मंत्री, वित्त विभाग, वाणिज्य-कर विभाग, योजना एवं विकास विभाग, संसदीय कार्य विभाग

**श्री संजय प्रसाद यादव**
माननीय मंत्री, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, उद्योग विभाग

**श्री सुदिव्य कुमार**
माननीय मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, उच्च एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग



## छात्रोपयोगी वेब पोर्टल्स का अनावरण

तथा रांची विज्ञान केंद्र, रांची के नव प्रवर्तन केंद्र का शुभारंभ समारोह एवं झारखण्ड अनुसंधान एवं नवाचार नीति-2025 हेतु राज्य स्तरीय कार्यशाला

दिनांक : 18 फरवरी 2025 | स्थान : प्रोजेक्ट भवन सभागार, धुर्वा, रांची

PR No. 346635 (IPRD) 2024-25

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

# उच्च शिक्षा से संबंधित छह पोर्टल आज लांच करेंगे मुख्यमंत्री

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में शैक्षिक सुविधाओं के लिए उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग ने छह पोर्टल तैयार किए हैं। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मंगलवार को उच्च शिक्षा के इन छह पोर्टल को लांच करेंगे। विश्वविद्यालयों के कामों को आसान बनाने और ऑनलाइन सुविधा बहाल करने के लिए पोर्टल बनाए गए हैं। इसके अलावा यूनिवर्सिटी-कॉलेज रिसर्च स्टार्टअप पॉलिसी पर भी चर्चा की जाएगी।

उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग ने फिक्सेशन एंड वेरिफिकेशन सिस्टम पोर्टल तैयार किया है। इससे शिक्षकों व कर्मचारियों के वेतन निर्धारण में सहुलित होगी। निजी विश्वविद्यालय पोर्टल में पुराने निजी विवि की सारी जानकारी के साथ-साथ नए निजी विवि के लिए आवेदन होंगे। वित्तरहित कॉलेज अनुदान पोर्टल में अब इन संस्थानों के अनुदान का काम पोर्टल के माध्यम से होगा। अप्रेंटिसशिप मैनेजमेंट पोर्टल में नियुक्ति-रजिस्ट्रेशन समेत अन्य कार्य किये जाएंगे। वहीं, लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम पोर्टल में ई-लर्निंग कोर्स होगा। साथ ही, विश्वविद्यालयों में फाइल ट्रैकिंग का काम होगा। इसके अलावा सीएम फेलोशिप फॉर एक्सीलेंस पोर्टल लांच किया जाएगा। इसमें तीन छात्रवृत्ति को रखा गया है। मानकी मुंडा छात्रवृत्ति के तहत शोध काम में जुटे छात्र-छात्राओं को 22500 से 25000 तक छात्रवृत्ति हर महीने दी जायेगी। नेट व सीएसआइआर पास छात्रों को 25 हजार और जेट पास छात्रों को 22,500 दिये जाएंगे। चार सालों तक यह फेलोशिप मिलेगी। हर साल 1000 छात्र-छात्राओं का चयन होगा। टीचिंग असिस्टेंटशिप के तहत 1500 से 2000 रुपये, शोध पत्र पेश करने के लिए 50 हजार से दो लाख रुपये, विदेश के विश्वविद्यालय में पढ़ने के लिए आठ लाख रुपये और रिसर्च असिस्टेंटशिप के लिए 1500 से दो हजार रुपये चयनित छात्र-छात्रा को दिये जायेंगे।



### इन पोर्टल की होगी लांचिंग

- फिक्सेशन एंड वेरिफिकेशन सिस्टम पोर्टल
- निजी विश्वविद्यालय पोर्टल
- वित्तरहित कॉलेज अनुदान पोर्टल
- अप्रेंटिसशिप मैनेजमेंट पोर्टल
- लर्निंग मैनेजमेंट सिस्टम
- सीएम फेलोशिप फॉर एक्सीलेंस पोर्टल

### यूनिवर्सिटी-कॉलेज रिसर्च स्टार्टअप पॉलिसी पर होगी चर्चा

झारखंड सरकार यूनिवर्सिटी-कॉलेज रिसर्च स्टार्टअप पॉलिसी तैयारी कर रही है। उच्च व तकनीकी शिक्षा विभाग महा विद्यायलयों और विश्वविद्यालयों में शोध कार्य को बढ़ावा देने के लिए यह पॉलिसी तैयार कर रहा है। पॉलिसी के माध्यम से शोध कार्य होंगे। इस पर मंगलवार को मंथन होगा। सभी विश्वविद्यालयों, निजी विवि के कुलपति, राज्य महाविद्यालय के प्रिंसिपल समेत पदाधिकारी पॉलिसी पर अपनी राय देंगे। विवि-कॉलेज में रिसर्च-अनुशंधान को लेकर क्या हो सकता है और कैसे स्टार्टअप को प्रमोट कर सकते हैं। इसी अनुसार पॉलिसी को अंतिम रूप दिया जाएगा।

## महासंघ ने मुख्यमंत्री से कर्मियों की मांग को लागू करने को कहा

**रांची।** झारखंड राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से महासंघ की लंबित 21 सूत्री मांगों को अविलंब लागू करने की मांग की है। उन्होंने राज्यकर्मियों के स्वास्थ्य बीमा को अविलंब लागू करने की मांग की। कहा कि राज्य सरकार द्वारा आज तक केंद्र के अनुरूप कई संवर्गों का वेतनमान, ग्रेड पे, कई भत्ते पर कोई कारवाई नहीं की गई। जेएसएलपीएस में कार्यरत ऑफिस बॉय/ऑफिस अटेंडेंट, हाउसकीपर को भारत सरकार द्वारा संशोधित दर से मानदेय का भुगतान नहीं किया जा रहा है। इन्हें एल 8 में नहीं जोड़ा गया। इस संवर्ग को मात्र प्रतिदिन 377 रुपए मानदेय दिया जा रहा है। कोई अवकाश नहीं दिया जा है। डाटा एंट्री ऑपरेटर को एल 7 में नहीं जोड़ा गया। राज्य के कई विभागों में कंप्यूटर ऑपरेटर को 43000 रुपए प्रतिमाह मानदेय दिया जा रहा है। इन्हें मात्र 22050 ही दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि पूर्व में सरकार ने महासंघ की मांगों पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया था, लेकिन फिर कार्रवाई नहीं हुई।

### रिनपास में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता, मंत्री ने कहा

# रिनपास के सभी पुराने भवन गिरा कर नए भवन बनाए जाएंगे

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी ने कहा कि रिनपास रांची की पहचान है। यहां वैसे लोगों का इलाज होता है, जिनको कोई नहीं पूछता है। इस संस्थान को जो सम्मान मिलना चाहिए था, वह दिलाएंगे। मंत्री सोमवार को संस्थान परिसर में आयोजित वार्षिक खेलकूद समारोह में बोल रहे थे। उन्होंने आगे कहा कि सेवा भावना से काम करें। स्वास्थ्य विभाग टीम वर्क से काम कर रहा है। तीन साल में स्वास्थ्य व्यवस्था में काफी बदलाव हुआ है। हम लोगों के दिलों तक पहुंचने का काम कर रहे हैं। यहां के सभी पुराने भवन को गिराकर नया भवन बनाया जाएगा। इस संस्था को अच्छी तरह चलाएंगे। समारोह में मरीज, विद्यार्थी और कर्मियों के बीच कई तरह की खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**राज्य का गौरव है रिनपास**

कांके के विधायक सुरेश बैठा ने कहा कि रिनपास राज्य का गौरव है। इसको और बढ़ाने की जरूरत है। इसके लिए जो भी सहयोग होगा, किया जायेगा। इसके लिए मिलजुल कर काम करने की जरूरत है। संस्थान की निदेशक डॉ जयति सिमलई ने अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में अपोलो अस्पताल के सईद अंसारी, पूर्व निदेशक डॉ अमूल रंजन सिंह, डॉ अशोक प्रसाद, डॉ अशोक कुमार नाग, डॉ विनोद, डॉ मनीषा किरण, डॉ सिद्धार्थ सिन्हा, डॉ अभिषेक, डॉ पीके सिंह आदि मौजूद थे।



### 100वें साल पर होगा भव्य कार्यक्रम

राज्य के स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार सिंह ने कहा कि संस्थान का 100वां साल पूरा होने जा रहा है। इस मौके पर भव्य समारोह का आयोजन होना चाहिए। तीन-चार दिनों का कार्यक्रम सितंबर में कराया जाना चाहिए। किसी भी संस्थान का 100 साल पूरा होना उपलब्धि है।

# महंगे पर्यटन आयोजन के बजाय बुनियादी जरूरतों पर ध्यान दे सरकार : राफिया नाज

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** राज्य में आयोजित स्काईड्राइविंग फेस्टिवल-2025 पर भाजपा की प्रदेश प्रवक्ता राफिया नाज ने राज्य सरकार की नीतियों पर सवाल उठाए हैं। राफिया नाज ने कहा कि महंगे पर्यटन आयोजनों के बजाय आम जनता की बुनियादी जरूरतों पर ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार इस प्रकार के आयोजन के माध्यम से केवल पर्यटन को बढ़ावा देने का दावा कर रही है, जबकि वास्तविकता में यह गतिविधियां सिर्फ समाज के एक विशेष वर्ग के लिए उपलब्ध हैं। उन्होंने कहा कि यह महंगा आयोजन राज्य के गरीब और मझले वर्ग के लिए न केवल दूर का सपना है, बल्कि यह सरकार की प्राथमिकताओं का वास्तविक प्रतिबिंब भी नहीं है। नाज ने कहा कि राज्य सरकार महंगे पर्यटन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन करती है और इस पर करोड़ों रुपये खर्च किए जाते हैं। वहीं, सरकार लगातार यह दावा करती है कि उसके पास बजट की कमी है, जिससे विकास कार्य और जनता की जरूरतें पूरी नहीं हो पा रही हैं। यह सरकार की दोहरे मापदंड को दर्शाता है।



उन्होंने कहा कि पिछले साल भी इसी तरह के महंगे आयोजनों पर खर्च किए गए पैसे के बाद ऑडिट में कई बड़ी गड़बड़ियां सामने आई थीं। इसके बावजूद सरकार ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। जब सरकार जनता के बुनियादी मुद्दों को हल करने के लिए बजट के अभाव का दावा करती है, तो ये महंगे आयोजन किस उद्देश्य के लिए हो रहे हैं? ऐसे महंगे पर्यटक आयोजन स्पष्ट रूप से बजट की बबार्दी को दशार्ता है। उन्होंने कहा कि भाजपा इस मुद्दे को लेकर जनता के बीच जाएगी और सरकार की नाकामियों को उजागर करेगी।

## पूजा सिंघल से जुड़े मामले में सुनवाई अब 21 फरवरी को



**रांची।** आईएएस पूजा सिंघल से जुड़े मामले में ईडी की ओर से रांची पीएमएलए (प्रीवेन्शन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट) की विशेष कोर्ट में दाखिल याचिका पर अब 21 फरवरी को सुनवाई होगी। इस मामले में ईडी ने कोर्ट से यह आग्रह किया है कि पूजा सिंघल को कोई विभाग नहीं दिया जाए। वहीं सोमवार को अदालत में ईडी और पूजा सिंघल की ओर से बहस पूरी कर ली गई। इसके बाद कोर्ट ने अग्रिम सुनवाई के लिए 21 फरवरी की तिथि निर्धारित की है। ईडी ने अदालत में याचिका दाखिल कर कहा है कि यदि पूजा सिंघल को राज्य सरकार किसी विभाग की जिम्मेदारी देती है तो वे अपने पद का दुरुपयोग कर केस को प्रभावित कर सकती हैं। उल्लेखनीय है कि मनरेगा घोटाला की अभियुक्त आईएएस अधिकारी पूजा सिंघल को केंद्रीय जांच एजेंसी ईडी ने 11 मई 2022 में गिरफ्तार किया था। जांच एजेंसी ने पांच मई 2022 को पूजा सिंघल के 25 ठिकानों पर छापेमारी की थी, जिसमें ईडी को बेहिसाब पैसे और अन्य जगहों पर इन्वेस्टमेंट के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी मिली थी।

# झारखंड में कैंसर का समुचित उपचार हो : राधा कृष्ण किशोर

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड में कैंसर देखभाल को अधिक प्रभावी और सुलभ बनाने के उद्देश्य से मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने सोमवार को मुंबई में टाटा ट्रस्ट के सीईओ सिद्धार्थ शर्मा से मुलाकात की। इस बैठक में राज्य में कैंसर उपचार की स्थिति, सस्ती और बेहतर चिकित्सा सुविधाओं का विकास और आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा, हमारा लक्ष्य झारखंड में कैंसर देखभाल के बुनियादी ढांचे को मजबूत करना है, ताकि मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर न जाना पड़े। सरकार इस दिशा में मेडिकल साइक्लोट्रॉन सुविधा स्थापित करने पर कार्य कर सकती है, जिससे पीईटी-सीटी सेंटरों को आवश्यक आपूर्ति मिलेगी और कैंसर निदान की लागत कम होगी।

बैठक के दौरान सिद्धार्थ शर्मा ने भी झारखंड में कैंसर देखभाल को बेहतर बनाने के लिए अपने विचार साझा किए। उन्होंने कहा कि रांची कैंसर हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर की सतत विकास प्रक्रिया को बनाए रखने के लिए सीजीएचएस दरों में 10 प्रतिशत की वृद्धि आवश्यक हो सकती है। इसके अलावा, उन्होंने कैंसर के प्रभावी उपचार के लिए शुरूआती जांच और स्क्रीनिंग के महत्व पर जोर दिया, जिसके तहत टाटा ट्रस्ट्स पहले से ही सरायकेला, रांची और खूंटी में सक्रिय रूप से काम कर रहा है। उन्होंने वित्त मंत्री से कहा कि कैंसर जांच और स्क्रीनिंग के लिए झारखंड के सभी 24 जिलों में सुविधा होनी चाहिए।



टाटा ट्रस्ट के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिद्धार्थ शर्मा ने ये भी कहा कि पूरे देश में कैंसर रोग एक बड़ी समस्या है। झारखंड में राज्य सरकार और प्राइवेट कंपनियों के साथ मिलकर कैंसर उपचार में टाटा ट्रस्ट्स अपना सहयोग देना चाहता है। उन्होंने सुझाव दिया कि झारखंड के हर जिले में इस पहल का विस्तार करने के लिए निजी कंपनियों को अपनी कॉर्पोरेट सामाजिक जिम्मेदारी (सीएसआर) के तहत आगे आना चाहिए। साथ ही, उन्होंने झारखंड में कैंसर रोगियों के लिए पोषण संबंधी कार्यक्रम चलाने की संभावना पर भी चर्चा की, जैसा कि टाटा ट्रस्ट्स महाराष्ट्र में पहले से कर रहा है।

वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर ने कहा कि उनके सुझावों से वो मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और स्वास्थ्य मंत्री डॉ इरफान अंसारी को अवगत कराएंगे। वित्त मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड सरकार स्वास्थ्य प्रक्षेत्र में प्राथमिकता के साथ काम करना चाहती है। उन्होंने बैठक के सकारात्मक परिणामों पर संतोष व्यक्त करते हुए कहा कि झारखंड सरकार इस दिशा में टाटा ट्रस्ट्स जैसे अनुभवी संगठनों के साथ मिलकर कार्य करने के लिए प्रतिबद्ध है। बैठक में सिद्धार्थ शर्मा के अतिरिक्त टाटा ट्रस्ट्स के वरीय अधिकारी और चिकित्सक शामिल रहे।

## सरयू राय की अग्रिम जमानत पर आंशिक सुनवाई



**रांची।** गोपनीय दस्तावेज लीक करने के मामले में चार्जशीटेड पूर्व मंत्री सह विधायक सरयू राय की ओर से दाखिल अग्रिम जमानत याचिका पर सोमवार को अपर न्यायायुक्त योगेश कुमार की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अदालत ने टीसीआर (ट्रायल कोर्ट रिकॉर्ड) की मांग की। साथ ही आगे की सुनवाई के लिए अदालत ने 22 फरवरी की तारीख निर्धारित की है। सरयू राय ने अग्रिम जमानत की गुहार लगाते हुए 13 फरवरी को अर्जी दाखिल की है। मामले में एमपी/एमएलए की विशेष अदालत पिछले दिनों दाखिल चार्जशीट पर संज्ञान लेते हुए समन जारी किया है। मामला उपस्थिति पर चल रहा है। सरयू राय के खिलाफ विभाग के अवर सचिव विजय वर्मा ने 2 मई 2022 को डोरंडा थाना में भादवि की पांच धाराएं एवं गोपनीय दस्तावेज का लीक करने के तीन धाराओं के तहत प्राथमिकी (कांड संख्या 105/22) दर्ज कराई थी। बता दें कि सरयू राय ने इसी दस्तावेज को हासिल करने के बाद प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मीडिया को कोरोना काल में किए गए राशि के उपयोग की जानकारी दी थी।

## रेलवे स्टेशन के गेट पर सख्ती से टिकट जांच हो : चैंबर

**रांची।** झारखंड चैंबर ने डीआरएम को पत्राचार कर महाकुम्भ के मद्देनजर रेलवे स्टेशन पर भीड़ को नियंत्रित करने के लिए ठोस पहल का आग्रह किया है। इस पत्र में चैंबर के डीआरयूसीसी प्रतिनिधि संजय अखौरी ने कहा है कि एयरपोर्ट की तरह रेलवे स्टेशन के प्रवेश द्वार पर भी यात्री टिकट की सख्ती से जांच होनी चाहिए, जिससे बेटिकट यात्री स्टेशन पर प्रवेश नहीं कर पाएं। उन्होंने कहा कि बीते दिनों अनियंत्रित भीड़ के कारण यात्रियों को असुविधा का सामना करना पड़ा था। ऐसे में कुम्भ मेला तक प्लेटफॉर्म टिकट जारी ही नहीं किया जाए, ताकि कम से कम लोगों का प्रवेश प्लेटफॉर्म में हो सके।

### आचार संहिता उल्लंघन मामला

# पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का बयान दर्ज, फैसला 20 फरवरी को

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** आचार संहिता उल्लंघन के 6 साल पुराने एक मामले में आरोपी पूर्व मंत्री बंधु तिर्की का बयान सोमवार को एमपी/एलएलए के विशेष न्यायिक दंडाधिकारी सार्थक शर्मा की अदालत में दर्ज किया गया। बयान दर्ज होने के बाद मामले में बहस प्रारंभ हुई। दोनों पक्षों की बहस पूरी होने के बाद अदालत ने फैसले की तारीख 20 फरवरी निर्धारित की है। अदालत ने पिछले दिनों अभियोजन पक्ष की गवाही बंद होने के बाद बंधु तिर्की को सशरीर बुलाया था। कोर्ट के आदेश पर बंधु तिर्की पहुंचे। सिल्ली विधानसभा के उप चुनाव के दौरान पूर्व मंत्री बंधु तिर्की ने अनगड़ा थाना क्षेत्र में आयोजित एक रैली को संबोधित करते हुए राज्य के तत्कालीन मुख्यमंत्री को छत्तीसगढ़ी कहने का आरोप है। उसी रैली में सुदेश कुमार महतो को नाभि में तीर मारने को लेकर संबोधित किया था। इस तरह के संबोधन को लेकर राहे के तत्कालीन सीओ छवि बाला बाड़ा ने अनगड़ा थाना में 7 जून 2018 को बंधु तिर्की के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन के आरोप में प्राथमिकी दर्ज कराई थी। बता दें कि उक्त संबोधन झाविमो में रहते हुए दिया था।

### वित्तीय वर्ष 2025-26 : विधान सभा का बजट सत्र 24 से

# तीन मार्च को बजट पेश करेगी सरकार, 11 दिनों का होगा सत्र



नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झारखंड विधान सभा का बजट सत्र 24 फरवरी दिन सोमवार से प्रारंभ होगा जो 27 मार्च दिन गुरूवार तक चलेगा। 11 दिनों के इस बजट सत्र मे जहां पहले दिन 24 फरवरी को सदस्यों का शपथ ग्रहण, राज्यपाल के अभिभाषण, शोक प्रकाश कार्यक्रम होगा। वहीं सत्र के समापन यानि 27 मार्च को प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक एवं गैर-सरकारी सदस्यों के कार्य लाए जाएंगे।

27 फरवरी को वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट सरकार सदन में लाएगी। वहीं 3 मार्च को सरकार झारखंड विधानसभा के पटल पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए बजट पेश करेगी।

### बजट सत्र 2025- 26 का पूरा कार्यक्रम

- 24 फरवरी : नये सदस्यों की शपथ, राज्यपाल का अभिभाषण, शोक प्रकाश
- 25 फरवरी : प्रश्नकाल, राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का उपस्थापन एवं वाद-विवाद
- 26 फरवरी : अवकाश
- 27 फरवरी : प्रश्नकाल, वित्तीय वर्ष 2024-25 का तीसरा अनुपूरक बजट, राज्यपाल के अभिभाषण पर वाद विवाद, सरकार का उत्तर एवं मतदान
- 28 फरवरी : प्रश्नकाल, अनुपूरक पर चर्चा
- 01-02 मार्च : अवकाश
- 03 मार्च : वित्तीय वर्ष 2025-26 का बजट
- 04 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 05 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 06 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 07 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 08-09 मार्च: अवकाश
- 10 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 11 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 12 से 16 मार्च तक : अवकाश
- 17 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 18 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 19 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 20 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद
- 21 मार्च : प्रश्नकाल बजट पर वाद-विवाद
- 22-23 मार्च : अवकाश
- 24 मार्च : प्रश्नकाल, बजट पर वाद-विवाद, विनियोग विधेयक
- 25 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक
- 26 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक व अन्य राजकीय कार्य
- 27 मार्च : प्रश्नकाल, राजकीय विधेयक, गैर सरकारी संकल्प

# परीक्षा में बुर्का प्रकरण पर रिपोर्ट के आधार पर कारवाई हो : बिजय चौरसिया

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता बिजय चौरसिया ने गिरिडीह में एक प्रेस वार्ता कर हेमंत सरकार को तुष्टीकरण से बाज आने की नसीहत दी। कहा समुदाय विशेष को खुश रखने को लेकर घिनौना खेल न खेले हेमंत सरकार। उन्होंने गिरिडीह के एक परीक्षा केंद्र में हुए बुर्का प्रकरण को लेकर जांच रिपोर्ट के आधार पर दोषियों पर करवाई की मांग की। श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य में संचालित परीक्षाओं पर सांप्रदायिक रंग न चढ़ाया जाए। राज्य में संचालित हो रही मैट्रिक और इंटर की परीक्षाओं में पारदर्शिता और सुचिता बरती जाय। कहा हेमंत सोरेन को मालूम होना चाहिए कि अरब देशों में भी परीक्षाएं स्कूल ड्रेस में हीं संचालित होती है और परीक्षार्थियों की पहचान करने में कोई कोताही नहीं बरती जाती है।

> *परीक्षाओं में बुर्के, हिजाब को बैन किया जाए*

श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य के पदाधिकारी भी किसी तुष्टीकरण के फेरे में न पड़े। किसी वर्ग व समुदाय को खुश करने के दबाव में आकर झारखंड परीक्षा संचालन अधिनियम के विरुद्ध कोई आचरण न करे अधिकारी।

श्री चौरसिया ने कहा कि राज्य के बहुत सारे परीक्षा केंद्रों से यह सूचना आ रही है कि एक समुदाय विशेष की बच्चियां बुर्के में परीक्षा देने जा रही है। जिससे परीक्षार्थियों के सही पहचान को लेकर समस्या आ रही है और परीक्षा में कदाचार हो रहा है।

बताया कि ऐसी भी खबरें आ रही है कि किसी परीक्षा केंद्राधीक्षक द्वारा जब बच्चियों से उसके चेहरे से बुर्का हटाने को कहा जाता है तो हंगामा हो रहा है।

समुदाय विशेष के नाम से बनी कुछ संस्थाएं और लोग परीक्षाओं में बुर्का पहन के जाने को समर्थन दे रहे हैं। वे लोग केंद्राधीक्षक और पदाधिकारियों पर दबाव बना रहे हैं।

## आदिवासी बच्चों की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए मोदी सरकार संकल्पित : बाबूलाल



**रांची।** भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा कि आदिवासी बच्चों की समुचित गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और उनके सशक्तीकरण केलिए मोदी सरकार संकल्पित है। कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने झारखंड में आदिवासी बच्चों की शिक्षा और सशक्तीकरण के लिए एक महत्वपूर्ण कदम उठाया है। कहा कि झारखंड में एक साथ 44 एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस) शुरू किए जा रहे हैं, जिससे आदिवासी छात्रों को निःशुल्क और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मिलेगी। ये विद्यालय आधुनिक सुविधाओं और सुरक्षित वातावरण के साथ छात्रों के समग्र विकास में सहायक होंगे। कहा कि यह पहल शिक्षा आदिवासी समाज को सशक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण साबित होगी। एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों के माध्यम से आदिवासी बच्चों को उज्वल भविष्य देने का प्रयास किया जा रहा है। निःशुल्क और आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराकर सरकार न केवल छात्रों के शैक्षणिक विकास को बढ़ावा दे रही है, बल्कि उनके समग्र उत्थान में भी योगदान दे रही है।

## राजद कार्यालय में मनाई गई कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि

**रांची।** राष्ट्रीय जनता दल झारखंड प्रदेश कार्यालय रांची में सोमवार को स्वतंत्रता सेनानी शहीद वीर बुधु भगत की जयंती तथा स्वतंत्रता सेनानी और समाजवादी नेता सह पूर्व मुख्यमंत्री कर्पूरी ठाकुर की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर पार्टी नेता और कार्यकर्ताओं ने दोनों विभूतियों की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी। मौके पर सभी नेताओं ने इन दोनों लोगों के संघर्षों तथा कार्यों को याद करते हुए उनके पदचिह्नों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम में प्रदेश उपाध्यक्ष अनीता यादव, महासचिव आबिद अली, युवा राजद प्रदेश अध्यक्ष रंजन कुमार, श्रमिक प्रकोष्ठ के अध्यक्ष सुधीर गोप, वरिष्ठ नेता राजकिशोर सिंह यादव, क्षितिज मिश्रा, चंदन कुमार समेत पार्टी के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल हुए।

### झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने कोकर मे चलाया सदस्यता अभियान

# सदस्यता अभियान में झामुमो के शिविरों में दिख रहा लोगों का उत्साह

नवीन मेल संवाददाता

**रांची।** झामुमो रांची जिला संयोजक मंडली ने कोकर स्थित रामलखन सिंह कॉलेज के समीप शिविर लगाकर सदस्यता अभियान चलाया। मौके पर झामुमो रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम ने कहा कि पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व के निर्देश पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है आज रांची महानगर अंतर्गत कोकर में सदस्यता अभियान चलाया गया। जिस तरह झारखंड की जनता ने पूरा समर्थन देकर हमारे पार्टी के कार्यकारी अध्यक्ष हेमंत सोरेनको पुनः मुख्यमंत्री बनाया है, उसी तरह लोग विशेषरूप से महिलाएं सरकार की योजनाओं से प्रभावित होकर पार्टी को मजबूत करने के लिए पार्टी से जुड़ रही हैं। पार्टी द्वारा 50 लाख नए सदस्य बनाने का लक्ष्य है और रांची जिला को 5 लाख का लक्ष्य दिया गया है, हमलोग अबतक लगभग 3 लाख नए सदस्य बना चुके है।




रांची जिला संयोजक प्रमुख मुस्ताक आलम की अध्यक्षता मे चलाए गए सदस्यता अभियान मे मुख्य रूप से रांची जिला संयोजक मंडली सदस्य पवन जेडीया, अश्विनी शर्मा, सोनू मुंडा, झब्बूलाल महतो एवं आदिल इमाम, अफरोज आलम, लालजी रमण, बबलू राम, आशुतोष वर्मा, रवि टोप्पो, संजय ठाकुर, मो निजाम, परवेज आलम, सुजीत उपाध्याय, विश्वजीत गोप, अमन तिवारी, असद फेराज टिंकू, अवधेश यादव, राजीव कु नन्दी, विजय रविदास, सचिन सिंह , ओमकार राय, गोपाल पांडेय, साहिल यादव राकेश, विक्की, लक्ष्मण राम, मो इरफान, अतिकुर रहमान, राजकुमार ठाकुर, मिथलेश कुमार सिंह, गोविंद, गोपाल दत्ता एवं अन्य महानगर के नेता और कार्यकर्ता शामिल हुए।

फाल्गुन कृष्ण पक्ष 06, संवत 2081 | रांची एवं डालटनगंज (मेदिनीनगर) से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: BIHHIN/1999/155 | www.rastriyanaveenmail.com

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

₹3.00

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

रांची, मंगलवार
18 फरवरी 2025
वर्ष-26, अंक- 19, पृष्ठ-12


पेज 10

रांची का तापमान

| कांके | | रांची | |
|---|---|---|---|
| अधिक. | 28.0° | अधिक. | 30.4° |
| न्यून. | 14.6° | न्यून. | 15.6° |

₹79800 (10 ग्राम)

₹100000 (01 किलो)

| सेंसेक्स | डॉलर |
|---|---|
| 75,996.86 | 86.825 |
| +57.65 | +0.205 |

## झारखंड की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत की हजारीबाग में मिली झलक

# चौपारण में मिले ढाई हजार वर्ष पुरानी सभ्यता के पुरावशेष

● पुरातत्व विशेषज्ञ डॉ अभिषेक ने कहा, खुदाई होने से खुल सकते हैं प्राचीन सभ्यता के रहस्य

नवीन मेल न्यूज नेटवर्क

**रांची।** झारखंड की सांस्कृतिक विरासत समृद्ध रही है। यहां कई स्थानों पर प्राचीन सभ्यताओं के अवशेष मिले हैं। हजारीबाग जिले के चौपारण प्रखंड में लगभग ढाई से तीन हजार वर्ष पुरानी सभ्यता के पुरातात्विक अवशेष और साक्ष्य मिले हैं। हाल में अमेरिका के न्यूयॉर्क स्थित हैमिल्टन कॉलेज में इतिहास विभाग के एशियन स्टडीज के प्रमुख और पुरातत्व विशेषज्ञ डॉ अभिषेक सिंह अमर ने चौपारण में पुरातात्विक अवशेष वाले इलाके का दौरा किया है। डॉ अभिषेक ने दावा किया है कि चौपारण में जहां पुरातात्विक अवशेष मिले हैं, वह पूरा क्षेत्र पुरातात्विक महत्व का केंद्र है। उन्होंने कहा है कि पुरातात्विक खुदाई होने से वहां प्राचीन सभ्यता के संबंध में कई रहस्यों का खुलासा हो सकता है। इसके पहले ऑर्कियोलॉजिकल सर्वे ऑफ इंडिया (एएसआई) के रांची और पटना अंचल की अलग-अलग टीमों ने चौपारण प्रखंड के दैहर, सोहरा, मानगढ़ और हथिंदर गांव का दौरा किया था। इन टीमों ने यहां काले चमकीले मृदभांड के कई अवशेषों के नमूने जुटाए थे। ये मृदभांड ईसा से 300 से 100 वर्ष पूर्व के हैं। इन स्थलों पर पुरातात्विक खुदाई और अनुसंधान के लिए एएसआई के दिल्ली कार्यालय को प्रस्ताव भेजा जा चुका है।

चौपारण प्रखंड के मानगढ़, दैहर और हथिंदर में तालाब व कुएं की खुदाई तथा खेतों की जुताई के दौरान पिछले 70 वर्षों के दौरान सैकड़ों मूर्तियां और शिलापट्ट मिले हैं। पुरातत्वविद एमजी निकोसे के नेतृत्व वाली एएसआई के पटना अंचल की टीम ने मानगढ़ गांव में एक विशाल टीले को प्राचीन बौद्ध स्तूप के तौर पर चिह्नित किया था। ग्रामीण वर्षों से इस ऊंचे टीले की पूजा करते आ रहे हैं। एएसआई के दिल्ली स्थित कार्यालय से करीब दो साल पहले यहां आईं डॉ अर्पिता रंजन ने यहां के शिलापट्ट पर अंकित लिपि के नमूने लिए थे। देश-विदेश के कई अन्य शोधार्थी भी इस इलाके में प्राचीन मूर्तियां पाए जाने की सूचना पाकर पहुंचते रहे हैं।



### मां कमला के रूप में एक मूर्ति की करते हैं पूजा

स्थानीय ग्रामीण यहां मौजूद एक बड़ी दैवीय मूर्ति की पूजा माता कमला के रूप में करते हैं। गौतम बुद्ध, बौद्ध देवी तारा और मरीचि, अवलोकितेश्वर, ब्रह्मा, विष्णु, महेश, गणेश सहित कई अन्य देवी-देवताओं की भी प्राचीन प्रतिमाएं यहां जमा कर रखी गई हैं। प्रखंड के हथिंदर गांव में अति प्राचीन सती स्टोन बरामद हुआ है। इलाके में एक अति प्राचीन टेराकोटा रिंग वेल भी है। लेकिन, रखरखाव के अभाव में इन क्षेत्रों में मिलीं कई मूर्तियां चोरी भी हो गई हैं।

## एक नजर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची ।** झारखंड कैबिनेट की बैठक मंगलवार को शाम चार बजे से होगी। मंत्रिपरिषद् की बैठक धुर्वा स्थित झारखंड मंत्रालय (प्रोजेक्ट भवन ) के मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी। यह जानकारी मंत्रिमंडल सचिवालय और निगरानी विभाग (समन्वय) ने दी है।

### धामी ने एसजीपीसी प्रधान पद से दिया इस्तीफा

**चंडीगढ़।** सिखों की सर्वोच्च संस्था शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी ने सोमवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। शिरोमणि अकाली दल तथा एसजीपीसी के बीच चल रही खींचतान के बाद आज अचानक हुए घटनाक्रम से सभी आश्चर्यचकित हैं।

### दिल्ली के नए सीएम 20 को लेंगे शपथ

**नई दिल्ली।** दिल्ली को जल्द ही नया मुख्यमंत्री मिलने वाला है। सूत्रों के अनुसार, दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह गुरुवार (20 फरवरी) को दिल्ली के रामलीला मैदान में होगा। शपथ ग्रहण समारोह के लिए तैयारियां की जा रही हैं। सूत्रों के मुताबिक, 19 फरवरी को विधायक दल की बैठक होगी, जिसमें विधायक दल का नेता चुना जाएगा। इसके बाद भारतीय जनता पार्टी सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। इसके अलगे दिन 20 फरवरी (गुरुवार) को शाम 04:30 बजे दिल्ली के नए मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह रामलीला मैदान में होगा। बता दें कि पहले विधायक दल की बैठक 17 फरवरी को बुलाई गई थी, लेकिन इस रद्द कर दिया गया।

**व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें**

सुझाव, शिकायत और समाचारों का स्वागत समाचार पत्र में प्रकाशित करने के लिए सप्रमाण समाचारों का स्वागत है। आप सुझाव या शिकायत भी भेज सकते हैं। संपर्क/व्हाट्सएप **82925 53444** विज्ञापन देने या अखबार प्राप्त करने के लिए संपर्क **+91 82923 73444** कार्यकारी संपादक।

# सबसे ज्यादा चंदा भाजपा को

● एडीआर की रिपोर्ट में दी गई है जानकारी

ब्यूरो

**नई दिल्ली।** चंदे से सबसे मालामाल हुई है केंद्रीय सत्ताधारी पार्टी भाजपा। उसने वित्त वर्ष 2023-24 में सभी राष्ट्रीय दलों में सबसे अधिक 4,340.47 करोड़ रुपए की आय की घोषणा की है। चुनाव से संबंधित विश्लेषण करने वाली संस्था एसोसिएशन ऑफ डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की रिपोर्ट में कहा गया कि यह राशि 6 राष्ट्रीय दलों की कुल आय का 74.57 प्रतिशत थी। एडीआर की रिपोर्ट में कहा गया, भाजपा ने वित्त वर्ष 2023-24 के दौरान कुल 4,340.473 करोड़ रुपए की आय घोषित की, लेकिन इसका केवल 50.96 प्रतिशत, यानी 2,211.69 करोड़ रुपए खर्च किए। कांग्रेस की कुल आय 1,225.12 करोड़ रुपए थी, जबकि वर्ष के लिए उसका खर्च 1,025.25 करोड़ रुपए या उसकी कुल आय का 83.69 प्रतिशत था। राष्ट्रीय दलों की आय का एक बड़ा हिस्सा चुनावी बांड के माध्यम से प्राप्त होता है। भाजपा को सबसे अधिक 1,685.63 करोड़ रुपए, कांग्रेस को 828.36 करोड़ रुपए और आम आदमी पार्टी (आप) को 10.15 करोड़ रुपए का चंदा मिला। इन तीनों दलों ने चुनावी बांड योजना के माध्यम से 2,524 करोड़ रुपए जुटाए, जो उनकी कुल आय का 43.36 प्रतिशत है।

मालूम हो कि कि चुनावी बांड योजना सुप्रीम कोर्ट ने पिछले वर्ष मई में 'असंवैधानिक और स्पष्ट रूप से मनमाना' करार देते हुए खारिज कर दिया था। एडीआर द्वारा दायर आरटीआई आवेदन के जवाब में भारतीय स्टेट बैंक द्वारा शेयर किए गए आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2023-24 में विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा 4,507.56 करोड़ रुपए के चुनावी बांड भुनाए गए। इस राशि में राष्ट्रीय दलों का हिस्सा 55.99 प्रतिशत यानी 2,524.1361 करोड़ रुपए रहा।

रिपोर्ट में कहा गया कि कांग्रेस ने सबसे अधिक 619.67 करोड़ रुपये चुनाव संबंधी अभियान पर खर्च किए। इसके बाद प्रशासनिक और सामान्य खर्च पर 340.702 करोड़ रुपये खर्च किए गए।

शेष पेज 9 पर

## सीएम सोरेन की अध्यक्षता में हुई राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक

# रिहा होंगे आजीवन कारावास की सजा काट रहे 37 कैदी

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** झारखंड के विभिन्न जेलों में आजीवन कारावास की सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किया जाएगा। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में सोमवार को कांके रोड रांची स्थित मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की 33वीं बैठक में यह फैसला लिया गया। सजा पुनरीक्षण पर्षद की बैठक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 37 कैदियों को रिहा किए जाने पर सहमति बनी। बैठक में रिहाई से संबंधित नए मामलों के साथ-साथ वैसे कैदियों के मामलों पर भी पुनर्विचार किया गया, जो झारखंड राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की पिछली बैठकों में अस्वीकृत किए गए थे।

बैठक में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद की अनुशंसा के आलोक में राज्य के विभिन्न कारागारों में आजीवन सजा काट रहे 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर अधिकारियों के साथ बिंदुवार गहन विचार विमर्श किया। राज्य सजा पुनरीक्षण पर्षद द्वारा रिहाई के लिए अनुशंसित एक-एक कैदियों की फाइल पर गंभीरता से विचार किया गया। मुख्यमंत्री ने कैदियों के अपराध की प्रवृत्ति तथा न्यायालयों, संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों, जेल अधीक्षक एवं प्रोबेशन अधिकारियों द्वारा दिए गए मंतव्य की पूरी जानकारी ली।

शेष पेज 9 पर

### बैठक में 103 कैदियों को कारामुक्त किए जाने के प्रस्ताव पर हुआ गहन विचार विमर्श



### रिहा हुए कैदियों को कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ें : मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का सामाजिक, आर्थिक एवं पारिवारिक पृष्ठभूमि का सत्यापन जरूर करें। मुख्यमंत्री ने कारा महानिरीक्षक झारखंड को निर्देश दिया कि रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड अवश्य रखें। जिलों के पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों द्वारा रिहा हुए कैदियों का ट्रैक रिकॉर्ड रखने के साथ-साथ सभी गतिविधियों की निरंतर मॉनीटरिंग की जाए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि रिहा हुए

शेष पेज 9 पर

सक्रिय सरकार

### सीएम आज 289 युवाओं को सौंपेंगे नियुक्ति पत्र

**रांची।** हेमंत सरकार ने युवाओं को नौकरी देने की प्रक्रिया तेज कर दी है। राज्य के विभिन्न विभागों में खाली पदों को भरने के लिए सरकार तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन 289 युवाओं को मंगलवार (18 फरवरी) को नियुक्ति पत्र सौंपेंगे। जिन युवाओं को नियुक्ति पत्र दिया जाएगा, वे झारखंड राज्य कर्मचारी चयन आयोग (जेएसएससी) द्वारा आयोजित नगर सेवा संवर्ग संयुक्त प्रतियोगिता परीक्षा 2023 के तहत चयनित हुए हैं। गार्डेन अधीक्षक, वेटनरी ऑफिसर, सेनेटरी एंड फूड इंस्पेक्टर, सेनेटरी सुपरवाइजर, राजस्व निरीक्षक और विधि सहायक के लिए चयनित 289 अभ्यर्थियों को नियुक्ति पत्र मिलेगा। कार्यक्रम का आयोजन प्रोजेक्ट भवन में दिन के 11:00 बजे से होगा।

# दिल्ली, बिहार और बांग्लादेश में लगे भूकंप के झटके, घबरा गए लोग

नई दिल्ली (आईएएनएस)

दिल्ली के बाद बिहार में भी भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी (एनसीएस) के अनुसार, बिहार में सोमवार की सुबह 8:02 बजे 4.0 तीव्रता का भूकंप आया। वहीं, राजधानी दिल्ली में सुबह 05:37 बजे के करीब भूकंप आया था। राष्ट्रीय भूकंप केंद्र के अनुसार, दिल्ली में आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.0 मापी थी। झटके इतने तेज थे कि इमारतें हिलने लगीं और लोग घबराकर अपने घरों से बाहर निकल गए। पेड़ों पर बैठे पक्षी भी तेज आवाज के साथ इधर-उधर उड़ने लगे। बिहार में भी आए भूकंप का केंद्र सीवान जिले में जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। एनसीएस ने पुष्टि की कि इस भूकंप का अक्षांश 25.93 और देशांतर 84.42 दर्ज किया गया। दिल्ली में आए भूकंप का केंद्र जमीन से महज पांच किलोमीटर की गहराई में था और यह 28.59 डिग्री उत्तरी अक्षांश और 77.16 डिग्री पूर्वी देशांतर पर स्थित था।इधर, बांग्लादेश में भी सोमवार की सुबह 08:54 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। यहां भूकंप की तीव्रता 3.5 मापी गई। इसका केंद्र जमीन से 10 किलोमीटर नीचे स्थित था। एनसीएस के अनुसार, बांग्लादेश में आए भूकंप का अक्षांश 24.86 और देशांतर 91.94 दर्ज किया गया।

# नए मुख्य चुनाव आयुक्त को लेकर प्रधानमंत्री की अध्यक्षता में हुई बैठक

● आज समाप्त हो रहा है सीईसी राजीव कुमार का कार्यकाल


नई दिल्ली (हि.स.)

देश के नए मुख्य चुनाव आयुक्त के नाम पर विचार के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में सोमवार को बैठक हुई। नॉर्थ ब्लॉक में हुई इस बैठक में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शामिल हुए। मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) राजीव कुमार का कार्यकाल मंगलवार को समाप्त हो रहा है। पुरानी व्यवस्था के तहत तीन सदस्यी चुनाव आयोग में सबसे वरिष्ठ चुनाव आयुक्त को मुख्य चुनाव आयुक्त बनाया जाता रहा है। हालांकि, चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति से जुड़े कानून के तहत अब समिति के माध्यम से नए मुख्य चुनाव आयुक्त का चयन होगा। मुख्य चुनाव आयुक्त और अन्य चुनाव आयुक्त (नियुक्ति, सेवा की शर्तों और कार्यालय की शर्तें) अधिनियम, 2023 के तहत नए मुख्य चुनाव आयुक्त वर्तमान में आयोग में शामिल चुनाव आयुक्त भी हो सकते हैं या फिर कोई नया नाम तय किया जा सकता है। अधिनियम के तहत केंद्रीय विधि एवं न्याय मंत्री की अध्यक्षता में एक खोज समिति पांच उम्मीदवारों की एक

शेष पेज 9 पर

# यूक्रेन को बेचने जैसा है अमेरिका का रूस के साथ युद्ध विराम वार्ता

ब्यूरो



● ट्रंप के ट्रांसएटलांटिक गठबंधन के बारे में उठाता है सवाल

● नाटो सहयोगियों के पैरों तले से खींच ली है जमीन

**नई दिल्ली।** विदेश मामलों के जाने-माने विश्लेषक अमेरिकी साइमन टिस्डाल ने आब्जर्वर में यूक्रेन पर डोनाल्ड ट्रंप के रवैये को लेकर लिखा है- ग्राहम ग्रीन के 1955 के उपन्यास, द क्वाइट अमेरिकन में, सीआईए एजेंट एल्डेन पाइल को लगता है कि उसके पास औपनिवेशिक युग के वियतनाम में संघर्ष के सभी उत्तर हैं। शांति लाने के इरादे से पाइल की अज्ञानता, अहंकार और खतरनाक षड्यंत्रों के परिणामस्वरूप कई निर्दोष लोगों की मृत्यु हो गई और अंततः उसकी अपनी भी मृत्यु हो गई।

आज की बहुत वास्तविक, गैर-काल्पनिक दुनिया में, डोनाल्ड ट्रंप पाइल हैं। सिवाय इसके कि वे शोर मचाने वाले अमेरिकी हैं। उनको लगता है कि वे एक बेहतरीन सौदा करने वाला हैं। वे अपनी प्रतिभा का बखान करना कभी बंद नहीं करते। फिर भी उनका उत्तर कोरिया का 'सदी का सौदा' एक विफलता थी। उन्होंने अफगानिस्तान को एक प्लेट में तालिबान को परोस दिया। इजराइल के बेंजामिन नेतन्याहू उनके चारों ओर चक्कर लगाते हैं। अब ट्रंप-पाइल एक और बकवास सौदा प्रस्तावित कर रहे हैं - यूक्रेन को बेचना। चाहे अधिकारी इसे कैसे भी घुमाएं, रूस के साथ युद्ध विराम वार्ता शुरू होने से पहले ट्रंप की रियायतें मुख्य रूप से यूक्रेन के लिए, बल्कि यूरोप की सुरक्षा, ट्रांसएटलांटिक गठबंधन व ताइवान जैसे अन्य कमजोर लक्ष्यों के लिए भी विनाशकारी हैं। जैसा कि कहा गया है, ट्रंप के उपहार - रूसी आक्रमण के लिए संप्रभु यूक्रेनी क्षेत्र के नुकसान को स्वीकार करना, कीव को नाटो की सदस्यता से वंचित करना, अमेरिकी सुरक्षा गारंटी और सैनिकों को रोकना - ऐसा तुष्टिकरण है, जो विश्वासघात के बराबर है।

याद कीजिए, यह पुतिन ही थे जिन्होंने तीन साल पहले बिना उकसावे के, जानलेवा पूर्ण पैमाने पर आक्रमण किया था। लेकिन, ट्रंप का सुझाव है कि राष्ट्रपति वोलोडिमिर जेलेंस्की और यूक्रेन के बहादुर, पस्त लोग किसी न किसी तरह से दोषी हैं। वह कीव में नए चुनावों के लिए क्रेमलिन के आह्वान को भी दोहराते हैं। एक शासन से ऐसा पाखंडी ढोंग, जो नियमित रूप से अन्य देशों के चुनावों को प्रभावित करता है, अच्छा नहीं है।

पुतिन निश्चित रूप से अपनी किस्मत पर विश्वास नहीं कर सकते। उन्हें लगता है कि वे युद्ध के मैदान में, राजनीतिक और कूटनीतिक रूप से जीत रहे हैं। वह सही हैं। इससे भी बदतर, मास्को लगातार मांग कर रहा है कि कोई भी स्थायी सौदा 'संरचनात्मक मुद्दों' को संबोधित करे।

शेष पेज 9 पर

## इंडिया

# रेलवे स्टेशनों को हवाई अड्डों की तरह नियंत्रित किया जाए



सुनील बादल
कार्यकारी संपादक

सबसे बड़ी आध्यात्मिक यात्रा में भीड़ के रिकॉर्ड के साथ सबसे अधिक यात्री ढोने वाला रेलवे भी गर्व से अपना नाम जोड़ सकता था पर नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ में 18 लोगों की मौत से साबित हो गया है कि रेलवे ने पिछली दुर्घटनों को गंभीरता से नहीं लिया है।यह पहली बार नहीं है जब नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना में यात्रियों की बड़ी संख्या में मौत हुई हो। इस स्टेशन पर साल 2004, 2010 और 2012 में भी भगदड़ की घटना हुई थी, जिसमें कई लोगों की जान चली गई थी। अब 15 जनवरी 2025 की हुई भगदड़ की घटना ने उन पुराने दर्द को एक बार फिर ताजा कर दिया है। जिनहोने अपने परिजन खोए उन लोगों की आंखों के सामने में फिर वही भयानक दृश्य आ रहे हैं।13 नवबंर 2004 को भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर ऐसी ही भयावह घटना हुई थी। छठ पूजा के दौरान बिहार जाने वाली ट्रेनों में अक्सर ही भीड़ होती है। अचानक से आखिरी समय में बिहार जाने वाली ट्रेन का प्लेटफार्म बदल दिया गया था। उदघाष्ण होते ही यात्रियों में दूसरे प्लेटफार्म पर जाने के लिए ओवरब्रिज पर भगदड़ मच गई थी। लोग एक दूसरे के ऊपर गिर पड़े। इस भगदड़ में 5 यात्रियों की मौत हुई थी जबकि कई लोग घायल हुए थे।नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर मई 2010 में भी कुछ ऐसी ही घटना घटी थी । गर्मी का मौसम था, प्लेटफॉर्म पर यात्रियों की भारी भीड़ थी। पटना जाने के लिए यात्री अपनी ट्रेन का इतंजार कर रहे थे। बिहार संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को प्लेटफार्म 13 से रवाना होना था मगर रवानगी से कुछ मिनट पहले इसका प्लेटफॉर्म बदल दिया गया। ट्रेन का प्लेटफार्म बदलने की घोषणा होती है अफरातफरी मच गई और भगदड़ की घटना हो गई। हादसे में अनेक लोगों की मौत हो गई थी और कम से कम 15 यात्री घायल हुए थे।साल 2012 में भी नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर भगदड़ की घटना हुई थी। हालांकि, हालात को तुरंत काबू कर लिया गया था। इस हादसे में एक महिला और एक बच्चे की जान गई थी। बिहार जाने वाली 'विक्रमशिला एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से थोड़ी देर से रवाना हुई थी। मगर प्लेटफार्म 12 की बजाय ये प्लेटफार्म 13 से रवाना हुई थी। इसके तुरंत बाद, यात्रियों की भीड़ प्लेटफार्म 13 पर खड़ी सप्त क्रांति एक्सप्रेस की ओर दौड़ पड़ी, जो आमतौर पर प्लेटफार्म 12 से चलती है। आखिरी समय में प्लेटफॉर्म बदलने से अफरा-तफरी मच गई थी।हालांकि रेलवे ने अब देर से ही सही कड़े कदम उठाए हैं । स्टेशन के बाहर बैरिकेडिंग की गई है केवल यात्रा टिकट से एंट्री होगी इसके लिए एंट्री प्वाइंट पर टीटी और आरपीएफ की तैनाती की गई है। टिकट कंफर्म भी है, तब भी ट्रेन की टाइमिंग से थोड़ी देर पहले ही अंदर आने दिया जाएगा। नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर यात्रियों कतारबद्ध किया गया है।




जनरल और स्लीपर कोच के पास सुरक्षाकर्मियों की संख्या बढ़ाई गई है. सभी यात्रियों को लाइन में आने को कहा जा रहा है, जिससे ट्रेन में चढ़ने के लिए अफरा-तफरी न मचे। छठ की तरह रेलवे स्टेशन के बाहर वेटिंग एरिया बनाया गया है। प्लेटफॉर्म पर उन्हीं यात्रियों को प्रवेश करने दिया जाएगा, जिनकी ट्रेन आने वाली होगी. इसके लिए वेटिंग एरिया में इंतजार कर रहे यात्रियों को सूचित किया जाएगा. इससे प्लेटफॉर्म पर एक साथ भीड़ नहीं उमड़ेगी। यदि यह स्थायी व्यवस्था नहीं हुई तो पर्व-त्योहारों,परीक्षाओं और छुट्टियों के समय टिकट खरीदने से लेकर अपने गंतव्य तक पहुंचने तक रेल का सफर कब तक परेशान करेगा ? प्रयागराज के लिए ज्यादातर लोगों को ट्रेनों में टिकट मिले ही नहीं और जिनको टिकट मिले उनका सफर आरामदायक नहीं रहा। शिकायतें मिल रहीं हैं कि प्रयागराज के लिए रेलवे की वेबसाइट और ऐप पर भले टिकट नहीं थे लेकिन मेकमाई ट्रिप जैसी ट्रैवल साइटों पर 500 रुपए की अतिरिक्ति फीस देकर उसी दिन के रेलवे टिकट उपलब्ध थे। हम 2047 तक भारत को आत्मनिर्भर बनाने की बात कर रहे हैं लेकिन 2025 तक रेलवे को इतना भी आत्मनिर्भर नहीं बना पाए हैं कि उसकी ही वेबसाइट और ऐप पर सभी को कंफर्म टिकट मिल जाएं। भगदड़ की घटना के जांच के आदेश तो दे दिये गए हैं लेकिन सवाल उठता है कि पहले की घटनाओं की जांच रिपोर्टों का क्या हुआ? पिछली घटनाओं के लिए कौन लोग दोषी ठहराये गए, उन्हें कौन-सी कड़ी सजा हुई? क्या इसका विवरण कभी रेल मंत्री देश के सामने रखने का साहस जुटाएंगे? हमने दुनिया के सबसे ऊंचे पुल पर ट्रेन दौड़ाने का कीर्तिमान तो अपने नाम कर लिया लेकिन जमीन पर बिछी पटरियों पर दौड़ती ट्रेन की 100 प्रतिशत सुरक्षा सुनिश्चित नहीं कर पाए हैं। सवाल उठता है कि हवाई अड्डों की तरह क्या ऐसी ही व्यवस्था जल्द ही आने वाली होली की छुट्टियों और उसके बाद गर्मी की छुट्टियों के दौरान भी दिखाई देगी?





## गोवा के छात्रों ने देखी रांची विवि की गतिविधियां



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** अकादमिक एवं कल्चरल एक्सचेंज प्रोग्राम के तहत गोवा युनिवर्सिटी से छात्रों शिक्षकों की टीम 17-19 फरवरी तक रांची विश्वविद्यालय पहुंची। गोवा से छात्रों के साथ समन्वयक डॉ. वाल्टसर मेनेजेस भी आये हैं, जो दर्शनशास्त्र के प्रोफेसर हैं। सोमवार को गोवा युनिवर्सिटी से आये छात्रों और शिक्षकों की टीम का बेसिक साइंस परिसर में झारखंड की परंपरा के अनुसार गीत संगीत और नृत्य से भव्य स्वागत किया गया, जिसके बाद रांची युनिवर्सिटी के आइक्यूएसी कांफ्रेंस हॉल में आयोजित कार्यक्रम में रांची युनिवर्सिटी के कुलपति, प्रो.अजीत कुमार सिन्हा ने उन्हें यहां आने के लिये आभार जताया और कहा कि वह झारखंड की संस्कृति और रांची युनिवर्सिटी के शैक्षणिक माहौल को करीब से देखें। कार्यक्रम में स्टूडेंट एक्सचेंज प्रोग्राम तथा आइकेएस की कोर्डिनेटर डॉ. स्मृति सिंह ने कहा कि हमारा झारखंड कला संस्कृति के मामले में धनी राज्य है। रांची युनिवर्सिटी झारखंड का सबसे पुराना युनिवर्सिटी है जिसकी प्रतिष्ठित अकादमिक संस्कृति है। हम चाहेंगे कि आप इन सब चीजों को यहां देखें। डीएसडब्ल्यू डॉ. एसके साहु ने कहा कि भारत बहुत बड़ा देश है। यहां भाषा संस्कृति में बहुत सारी विविधताएं हैं। हम चाहेंगे कि आप झारखंड को नजदीक से देखें । डॉ. बीके सिन्हा ने कहा कि गोवा की मेहमानवाजी बहुत अच्छी है और हम चाहेंगे कि आप सभी झारखंड के मेहमानवाजी को देखें और महसूस करें।

### महाकुंभ मेले को लेकर झारखंड पुलिस अलर्ट, की बैठक

# राज्य भर के रेलवे स्टेशनों की सुरक्षा व्यवस्था होगी दुरुस्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड पुलिस ने महाकुंभ मेले को लेकर रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने के लिए एक महत्वपूर्ण बैठक की। इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक संजय आनन्दराव लाठकर ने राज्य के विभिन्न रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था की समीक्षा की।



बैठक में यह निर्णय लिया गया कि रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जिला पुलिस कन्ट्रोल रूम और रेलवे स्टेशन कन्ट्रोल रूम के बीच आपसी समन्वय स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा, रेलवे स्टेशनों पर पर्याप्त संख्या में पुलिस बल तैनात किया जाएगा और सीसीटीवी की भी कवरेज की व्यवस्था की जाएगी। महाकुंभ मेले के दौरान रेलवे स्टेशनों पर भीड़-भाड़ की संभावना को देखते हुए, पुलिस ने यह निर्णय लिया है कि रेलवे स्टेशनों पर फुट ओवर ब्रीज पर विशेष ध्यान दिया जाएगा और आपातकालीन स्थिति से निपटने के लिए एम्बुलेंश और पारायेडिक्स स्टाफ की व्यवस्था की जाएगी।

बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि रेलवे स्टेशनों पर पुलिस बल की तैनाती के लिए जिला पुलिस अधीक्षकों को निर्देश दिया जाएगा। इसके अलावा, रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा

महाकुंभ मेले के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए झारखंड पुलिस ने एक व्यापक योजना तैयार की है। इस योजना के तहत रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी के लिए एक विशेष टीम का गठन किया जाएगा, जो रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेगी और आवश्यकता पड़ने पर तुरंत कार्रवाई करेगी। इस बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक संजय आनन्दराव लाठकर ने कहा कि महाकुंभ मेले के दौरान रेलवे स्टेशनों पर सुरक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए झारखंड पुलिस ने एक व्यापक योजना तैयार की है।

बैठक में अपर पुलिस महानिदेशक संजय आनन्दराव लाठकर के अलावा, प्रक्षेत्रीय पुलिस महानिरीक्षक रांची अखिलेश झा, पुलिस महानिरीक्षक, अभियान अमोल विनुकांत होमकर, पुलिस महानिरीक्षक, रेल नरेन्द्र कुमार सिंह और अन्य वरिष्ठ पुलिस अधिकारी उपस्थित थे।

## न्यूज बॉक्स

### अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सिल्क टेक 2025 में देश-विदेश से लोग हुए शामिल



**रांची।** रेशम क्षेत्र में उभरती प्रौद्योगिकी पर आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सिल्क टेक 2025 का आयोजन सोमवार को भारत मंडपम, नई दिल्ली में हुआ। इस कार्यक्रम में भारत सरकार के वस्त्र राज्य मंत्री पवित्रा मारघेरिता ने अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन सिल्कटेक-2025 का उद्घाटन किया । डॉ केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान, नगड़ी के निदेशक एनबी चौधरी ने उद्घाटन समारोह का धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत किया। देश-विदेश के अनेक वैज्ञानिक एवं शोधार्थी कार्यक्रम में उपस्थित रहे। सिल्क सेक्टर में उभरती प्रौद्योगिकियों पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, सिल्क टेक 2025 का सह आयोजक केन्द्रीय तसर अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान ,नगड़ी, रांची ने किया। वहीं दूसरा केन्द्रीय रेशम प्रौद्योगिक अनुसंधान संस्थान, बेंगलूर ने किया।

### श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा 2 मार्च को, तैयारियां जोरों पर



**रांची।** श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के तत्वाधान में 2 मार्च को रांची नगर में राजस्थान के खाटू श्रीश्याम जी के परंपरा के अनुसार ही श्री श्याम ध्वजा निशान पदयात्रा का आयोजन होने जा रहा है। इसकी तैयारियां जोरों पर है। श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति के संयोजक गोपाल मुरारका एवं प्रवक्ता संजय सर्राफ ने बताया कि 2 मार्च को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा रांची के नेवरी विकास विद्यालय के समीप श्री दुर्गा मंदिर से सुबह 8 बजे बाबा श्री श्याम का ध्वजा पदयात्रा शुरू होकर नगर के प्रमुख मार्गो बूटी मोड़ बरियातू रोड, सर्कुलर रोड, कचहरी रोड, मेन रोड, अप्पर बाजार भ्रमण करते हुए श्री खाटू श्री श्याम मंदिर हरमू रोड में ध्वजा समर्पण के साथ समाप्त होगी। इस यात्रा की दूरी श्री खाटू धाम की परंपरा अनुसार 17 किलोमीटर रिंगस से खाटू धाम की है। यूं तो इस पावन माह में कई ध्वजा पदयात्राएं होती है पर इस यात्रा का विशेष महत्व है। मान्यता है कि जो भी भक्त श्री श्याम प्रभु की निशान को अपनी मन की बात कहता है और उसे सच्चे विश्वास से श्री श्याम प्रभु को अर्पित करता है तो बाबा उन भक्तों की सारी मुरादे पूरी करते हैं इसी परंपरा के अनुसार रांची में विगत 3 वर्षों से श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा समिति द्वारा यह आयोजन हो रहा है। उन्होंने बताया कि 2 मार्च को श्री श्याम ध्वजा पदयात्रा के निशान कार्ड हेतु श्याम प्रेमी मोबाइल नं- 9835111002, 8292261009, 9534033233, 8235575481,से अतिशीघ्र संपर्क कर अपना नाम लिखवाकर ध्वजा निशान कार्ड प्राप्त कर सकते हैं। कार्यक्रम को सफल बनाने हेतु- हरिशंकर परशुरामपुरिया,ललित कुमार पोद्दार, गोपाल मुरारका,राजेश ढांढनियां,अशोक लाडिया,रवि चौधरी,संजय परशुरामपुरिया, मनोज खेतान,प्रवीण सिंघानिया, विष्णु चौधरी,हेमंत जोशी,आनंद चौधरी,प्रदीप अग्रवाल,रोहित अग्रवाल,प्रमोद परशुरामपुरिया, अमित शर्मा,संजय सर्राफ,नवीन डोकानियां,निकुंज पोद्दार,सूरज लोधा,सहित अन्य श्याम भक्त जोर-शोर से तैयारियां में लगे हैं।

## योग ध्यान शिविर में छात्रों ने लिया हिस्सा

- रांची विश्वविद्यालय के योग विभाग के विद्यार्थियों ने दी अदभुत प्रस्तुति



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** जेल मोड़ स्थित बिरसा मुंडा फन पार्क में बिरसा मुंडा फन पार्क,स्कूल ऑफ योगा डिपार्टमेंट रांची यूनिवर्सिटी एवं रिलेशंस के संयुक्त तत्वावधान में सोमवार को योगा ध्यान शिविर का आयोजन किया गया। कई विद्यार्थियों ने इस शिविर में भाग लिया। विद्यार्थियों ने योग क्रिया कपाल भारती, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, गोमुखासन, ताड़ासन व ध्यान के बारे में विस्तार पूर्वक आसान किया और समझा। आधुनिक समय में हम लोग अपने खान पान, संतुलित रखकर व व्यायाम योग कर के अनेक बीमारियों से बच सकते है। विद्यार्थियों ने योग के माध्यम से स्वास्थ्य शरीर एवं तनाव रहित रहने का संकल्प भी लिया। योग के नियमित अभ्यास से हम अपने जीवन को स्वास्थ्य और रोगमुक्त रख सकते हैं।

आज के इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रांची विश्वविद्यालय के डीएसडब्ल्यू सुदेश कुमार साहू मुख्य रूप से उपस्थित थे। वहीं विशिष्ठ अतिथि के तौर पर डॉ मधुलिका वर्मा निर्देशिका स्कूल ऑफ योगा रांची यूनिवर्सिटी, प्रो आनंद कुमार ठाकुर पूर्व कॉर्डिनेटर स्कूल ऑफ योगा विभाग रांची यूनिवर्सिटी, जेल पार्क के संचालक आर्यन चोपड़ा, रिलेशंस के निदेशक आशुतोष द्विवेदी व रांची नगर निगम के धीरज कुमार उपस्थित थे।

सभी अतिथियों ने संयुक्त रूप से सभी योग प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

मौके पर मुख्य रूप से योग शिक्षिका संतोषी कुमारी, विकास कुमार गोप, डॉ सुभाष साहू, शिवली अख़्तर, मोसरत परवीन, आइसा फातिमा, आकांशा सिंह, पम्मी कुमारी, अभिषेक कुमार, रौशन कुमार, उज्ज्वल कुमार, राधे भट्ट, निरंजन राम, दीपक कुमार, सूरज कुमार, कुंदन सोनी, अभिषेक कुमार, इम्तियाज शेख आदि कई लोग उपस्थित थे।

### सरना विकास समिति ने वीर बुधु भगत को किया याद

**रांची।** झारखंड आदिवासी सरना विकास समिति की ओर से सोमवार को एचइसी सेक्टर-3 के घुमकुड़िया भवन में वीर बुधु भगत की जयंती मनाई गई। संगठन के पदधारी तथा सदस्यों ने वीर बुधु भगत के तैल चित्र पर पुष्प चढ़ाकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। क्षेत्रीय संयोजक संदीप उरांव एवं सोमा उरांव ने वीर बुधु भगत की जीवनी पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि वीर बुधु भगत ने धर्म, देश और समाज के लिए अपने प्राणों की आहुति दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष मेघा उरांव व धन्यवाद ज्ञापन जनजाति सुरक्षा मंच की प्रदेश महिला संयोजक अंजलि लकड़ा ने किया। कार्यक्रम मे सोमा उरांव, हिंदुवा उरांव, पिंकी खाया, रवि प्रकाश उरांव, प्रदीप टोप्पो, शनि उरांव, साजन मुंडा, राजू उरांव, लोरया उरांव, जयमंत्री उरांव एवं अन्य शामिल हुए।

### विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों का सुझाव जरूरी : प्राचार्या



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** बिरसा कॉलेज खूंटी के मुंडारी विभाग में शिक्षकों, छात्रों व अभिभावकों की वार्षिक बैठक सोमवार को हुई। इस अवसर पर बीए और एमए के विद्यार्थी एवं उनके अभिभावकों के साथ-साथ बिरसा कॉलेज खूंटी की प्राचार्या के किड़ो एवं मुंडारी विभाग के शिक्षक उपस्थित थे।

इस अवसर पर सर्वप्रथम बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया गया एवं पारंपरिक तरीके से नृत्य संगीत के साथ अभिभावकों का स्वागत किया। अभिभावकों का स्वागत करते हुए विभागाध्यक्ष सहायक प्राध्यापिका सावित्री कुमारी नेकहा कि अभिभावकों को अपने बच्चों के शैक्षणिक गतिविधियों को जानने के लिए समय-समय पर कॉलेज आने की जरूरत है। कॉलेज के प्राभारी प्राचार्या के किड़ो ने अभिभावक मीटिंग की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों के सुझाव की भी जरूरत है। कॉलेज की गतिविधियों की जानकारी अभिभावकों को होनी चाहिए। इस कार्यक्रम को इसी कड़ी से जोड़कर देखा जा सकता है। कार्यक्रम में नागपुरी विभाग की सहायक प्राध्यापिका डॉ अंजूलता कुमारी, सुनीता टोप्पो और मुण्डारी विभाग के सैकड़ो विद्यार्थी उपस्थित थे।

### पोटा मामले में दोषी किशोर साहू को सात साल कैद की सजा

**रांची।** न्यायायुक्त सह पोटा मामले के विशेष न्यायाधीश दिवाकर पांडे की अदालत ने सोमवार को 22 साल पुराने पोटा केस में दोषी करार किशोर साहू को सात साल कैद की सजा सुनाई है। साथ ही उस पर 1.90 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया गया है। अदालत ने 12 फरवरी को पोटा मामले में दोषी पाया था। अभियुक्त पर एमसीसी उग्रवादी संगठन के सदस्यों के साथ मिलकर वसूली के लिए किसी बड़ी घटना को अंजाम देने की योजना बनाने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए बैठक करने का आरोप था। मामले को लेकर गुमला के घाघरा थाना में कांड संख्या 7/2002 के तहत 30 से अधिक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई थी।

### पीएचडी प्रवेश परीक्षा की आवेदन तिथि 24 तक बढ़ी

**रांची।** रांची विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित होनेवाली पीएचडी प्रवेश परीक्षा 2024-25 परीक्षा फॉर्म भरने का अंतिम मौका है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने परीक्षा फॉर्म भरने की तिथि 18 फरवरी से 24 फरवरी तक बढ़ा दी है। इसके बाद इस संबंध में किसी भी अनुरोध पर विचार नहीं किया जाएगा। इससे संबंधित अधिसूचना रांची विश्वविद्यालय की ओर से सोमवार को जारी कर दी गई।

### योगदा सत्संग कॉलेज में केंद्रीय बजट पर वार्ता

**रांची।** योगदा सत्संग कॉलेज के वाणिज्य विभाग में आईएनसीओसी के सहयोग से केंद्रीय बजट 2025ः मुख्य अंतर्दृष्टि और प्रभाव, विषय पर सोमवार को एक विशेषज्ञ वार्ता आयोजित की गई। आईसीएआई के क्षेत्रीय परिषद सदस्य सीए संगम अग्रवाल विशेषज्ञ वक्ता के रूप में मौजूद थे। उनकी वार्ता से विद्यार्थियों को बजट और उसके प्रभाव को समझने में मदद मिली। लगभग 110 विद्यार्थी और संकाय सदस्य शामिल हुए।

### बाइक सवार अपराधियों ने महिला से सोने की चेन छीनी

**रांची।** रांची के सेक्टर टू निवासी लालती देवी से बाइक सवार अपराधियों ने उनके गले से सोने की चेन छीनकर फरार हो गए। घटना शुक्रवार की है। इस संबंध में लालती देवी ने जगन्नाथपुर थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई है। लालती देवी ने पुलिस को बताया कि वह शुक्रवार को एक व्यक्ति को खाना खिलाने के लिए भुसूर गईं थीं। खाना खिलाकर लौटने के क्रम में बाइक सवार दो अपराधी पहुंचे और उनके गले से सोने की चेन छीन ली।

### आज / कल




# बड़ा आंदोलन और बलिदान से मिला है झारखंड युवा इसे संवारने में आगे आएं : अनुज सिन्हा

### अबुआ अधिकार मंच की विचार गोष्ठी में युवाओं ने लिया हिस्सा




**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** वरिष्ठ पत्रकार और लेखक अनुज कुमार सिन्हा ने कहा कि लंबे संघर्ष, आंदोलन और शहादत से झारखंड अलग राज्य का गठन हुआ है। युवाओं को इसे संवारने और हर झारखंडी के हक-अधिकार को सुरक्षित और सुनिश्चित करने के लिए आगे आना होगा। युवा अपनी क्षमता और ऊर्जा का बेहतर उपयोग अपने भविष्य को संवारने के साथ-साथ झारखंड के सतत विकास में लगाएं, यही झारखंड के शहीदों के प्रति सच्चा विश्वास और सम्मान होगा। वे रांची के मैथन हॉल में अबुआ अधिकार मंच द्वारा आयोजित विचार गोष्ठी 'शहीदों का सपना और युवाओं की भागीदारी' में मुख्य अतिथि के रूप में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने झारखंड आंदोलन, धरती पुत्रों के संघर्ष और शहादत पर विस्तार से चर्चा करते हुए कहा कि नई पीढ़ी को अलग राज्य गठन के उद्देश्य को समझना चाहिए और विचारों की क्रांति का अलख जगाने के लिए आगे बढ़ना चाहिए। उन्होंने कहा कि युवाओं की सामाजिक संगठनों में बढ़ती भागीदारी एक अच्छा संकेत है और इसे और मजबूत करने की आवश्यकता है।

**• शहीदों के सपने को आत्मसात कर नेतृत्व करें युवा : प्रो. विनय भरत**

कार्यक्रम में प्रो. विनय भरत ने युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि झारखंड शहीदों के बलिदान की देन है और इसे संवारने की जिम्मेदारी अब नई पीढ़ी पर है। उन्होंने युवाओं से अपील की कि वे नेतृत्वकारी भूमिका में आगे आएं और झारखंड के समग्र विकास के लिए सक्रिय योगदान दें। उन्होंने झारखंड में रोजगार, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में युवाओं की भागीदारी को जरूरी बताया।

**• राज्य के ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए आगे आएं युवाः सरजीत मिर्धा**

झारखंड आंदोलन के प्रमुख सेनानी सरजीत मिर्धा ने झारखंड आंदोलन के दौरान अपने संघर्ष के अनुभव साझा किए और युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि वे राज्य के ज्वलंत मुद्दों को सुलझाने के लिए सकारात्मक पहल करें। उन्होंने कहा कि झारखंड के जल, जंगल, जमीन की रक्षा के साथ-साथ युवाओं को राज्य में शिक्षा और रोजगार के बेहतर अवसरों के लिए आवाज बुलंद करनी होगी।

युवा अपने हिस्से का योगदान देने के लिए तत्पर होंः डॉ. रामानुजम

इस अवसर पर डॉ. रामानुजम ने भी अपने विचार रखते हुए युवाओं को प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जब युवा झारखंड के शहीदों के संघर्ष को जानेंगे और पढ़ेंगे, तो वे स्वतः अपने राज्य के विकास और समस्याओं के समाधान में योगदान देने के लिए प्रेरित होंगे। उन्होंने कहा कि झारखंड को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने के लिए युवाओं को अपनी भूमिका तय करनी होगी।

**• राजनीतिक दलों ने लड़ने भिड़ने वालों का केवल इस्तेमाल किया : घनश्याम मुंडा**

सभी राजनीतिक दलों के लड़ने भिड़ने वालो का केवल इस्तेमाल किया है। उन्हें ना राज्य से मतलब ना राज्यवासियों से। युवाओं को आगे आना होगा तो चुनावी भावना से ऊपर उठकर अपने अधिकार की लड़ाई लड़े।

इस विचार गोष्ठी में हजारों की संख्या में युवा उपस्थित रहे और झारखंड के उज्ज्वल भविष्य के लिए संकल्प लिया। अबुआ अधिकार मंच ने झारखंड के विकास के लिए युवाओं की निर्णायक भागीदारी सुनिश्चित करने के उद्देश्य से अपने अभियान को और तेज करने का निर्णय लिया।

इस अवसर पर मुख्य रूप से गौतम सिंह, नीरज वर्मा, घनश्याम मुंडा, विश्वास उरांव, नीतीश सिंह, अभिषेक शुक्ला, अभिषेक झा, अंशुतोष कुमार, विशाल यादव, गुलाबी मुंडा, नेहा महतो, अभिनाश उरांव, सुमित कुमार, मुदस्सर अंसारी, प्रेम, मनजीत, बीएस महतो, ऋषभ आनंद, मनजीत साहू, हरिओम महतो, प्रियांशु शर्मा, राजकुमार महतो, गुंचा कमर, रूफी परवीन, मनीषा महतो, ईशा गुप्ता, सुशील, पंचम, साहिल, सिद्धांत, अमन, मुसाबिर, अंकित, राहुल, अदनान, आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

### आकाशवाणी व राजकीय कृत मध्य विद्यालय करम टोली की पहल

## छात्रों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता व आशुभाषण का आयोजन



**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** आकाशवाणी और राजकीय कृत मध्य विद्यालय, करम टोली के संयुक्त तत्त्वावधान में विद्यार्थियों के बीच स्वास्थ्य जागरूकता, आशुभाषण एवं प्रश्नमंच का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम प्रसार भारती के अन्तर्गत आकाशवाणी महानिदेशालय, नई दिल्ली के दिशा निर्देशों के अनुसार आयोजित हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत में डॉ. अमूल्य स्वाति ने छात्राओं को स्वास्थ्य जागरुकता से अवगत कराया। प्रश्नमंच का संचालन कुमार संजय ने किया, और आशुभाषण के निर्णायक मंडल में अनिल किशोर सहाय, लोकनाथ भगत और मधुकर पांडेय ने अपना योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यक्रम प्रमुख जेवियर कंडुलना, कार्यक्रम अधिशासी प्रभु शरण, मनोज कुमार, संजीव लाल और पुस्तकालय अधिकारी राजेश करमहे, प्रसारण अधिशासी प्रशान्त गौरव और प्रदीप कुमार उपस्थित थे। कार्यक्रम का सफल संचालन वरीय उद्घोषक दिनेश कुमार लाल ने किया। पूरे कार्यक्रम की सफलता में राजकीयकृत मध्य विद्यालय, करम टोली, रांची की प्राचार्या समेत सभी शिक्षिकाओं का भरपूर योगदान रहा।

### मैट्रिक और इंटरमीडिएट में भाषा की हुई परीक्षा

**रांची।** जैक बोर्ड की मैट्रिक और इंटर की परीक्षा सोमवार को सभी केंद्रों पर शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। मैट्रिक में उर्दू, बंगाली, ओडिया भाषा की परीक्षा हुई। शहर में बनाए गए कुल 102 केंद्र में से 58 केंद्रों पर यह परीक्षा हुई। इसके लिए 2850 आंविटत परीक्षार्थियों में से 2818 परीक्षा में शामिल हुए। 32 अनुपस्थित रहे। 98.88 प्रतिशत उपस्थित रही। वहीं, इंटरमीडिएट के तहत अनिवार्य भाषा हिन्दी बी (मातृभाषा) की परीक्षा जिले के 18 केंद्रों पर हुई। कुल सेंटर 57 बनाए गए हैं। इस परीक्षा के लिए तीनों संकाय में 121 विद्यार्थी आवंटत थे, जिनमें से 118 उपस्थित तथा तीन अनुपस्थित रहे। 97.52 प्रतिशत उपस्थित रही। मंगलवार को प्रथम पाली में मैट्रिक के तहत हिन्दी एक और हिन्दी बी विषय की परीक्षा होगी। दूसरी पाली में इंटरमीडिएट में विज्ञान और कॉमर्स संकाय में इकोनॉमिक्स और कला संकाय में मानवशास्त्र विषय की परीक्षा होगी।

## एक नजर

### अफीम की अवैध खेती के खिलाफ प्रशासन ने चलाया अभियान

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निदेर्शानुसार सोमवार को खूंटी के जमडी, अड़की के बगडी समेत अन्य प्रखंड में जिला प्रशासन द्वारा अभियान चलाकर अवैध अफीम की खेती को नष्ट किया गया। इस अभियान के दौरान ट्रैक्टर और अन्य संसाधनों की मदद से बड़ी मात्रा में अवैध फसल नष्ट की गई। इस कार्रवाई में प्रतिनियुक्त पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी, थाना प्रभारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे। प्रशासन द्वारा स्थानीय लोगों को अवैध अफीम की खेती से होने वाले कानूनी और सामाजिक दुष्प्रभावों की जानकारी दी गई तथा उन्हें वैकल्पिक और लाभकारी खेती अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि अवैध अफीम की खेती किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

### बायो मेडिकल वेस्ट का उचित निष्पादन की व्यवस्था करें चिकित्सक: डीडीसी

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर उप विकास आयुक्त श्याम नारायण राम की अध्यक्षता में सोमवार को स्वास्थ्य विभाग के तहत संचालित कार्यों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित हुई। इस दौरान जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में मरीजों के लिए उपलब्ध चिकित्सकीय सुविधाएं, चिकित्सकों की अस्पतालों में उपस्थिति, अस्पतालों की साफ-सफाई, लाभुकों को आयुष्मान कार्ड का लाभ सहित अन्य विषयों की समीक्षा की गई। इसके साथ ही चिकित्सकों सहित संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त द्वारा सभी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारियों को चिकित्सकों का नया रोस्टर सूचना पट्ट पर दशार्ने का निर्देश दिया गया। जिला सहित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में बायो मेडिकल वेस्ट का यथोचित निष्पादन करने का निर्देश दिया गया।

### नाबालिग की पिटाई करने के आरोप में दारोगा निलंबित

**खूंटी।** मानव तस्करी के आरोपी को गिरफ्तार करने पहुंची एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट (एएचटीयू)थाना की पुलिस आरोपी के नहीं मिलने पर उसके नाबालिग बेटे को उठाकर थाना ले आई। थाना में उसके 16 वर्षीय पुत्र की बेरहमी से पिटाई कर दी। घटना रविवार की है पिटाई का मामला गरम होने पर खूंटी एसपी ने अमन कुमार ने आरोपी दारोगा संतोष रजक को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया। वहीं उच्चस्तरीय टीम गठित कर जांच शुरू कर दी। बताया जाता है कि एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की पुलिस टीम मानव तस्करी में शामिल एक व्यक्ति की तलाश में कर्रा के कौशांबी गांव पहुंची। आरोपी के घर पर नहीं मिलने से टीम ने उसके 16 वर्षीय बेटे को उठाकर थाना ले आई उसकी बेरहमी से पिटाई कर दी।

अमर शहीद वीर बुधू भगत की जयंती मनाई गई, विकास मेले का भी आयोजन

# हमारी सभ्यता 65 हजार साल पुरानी है : विधायक

*कुछ लोग हमलोगों को आदिवासी बोलने से कतराते है, और हमे वनवासी और जनजाति बोलते है ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा*



**नवीन मेल संवाददाता। चान्हो**
अमर शहीद वीर बुधू भगत की 233 वीं जयंती उनके पैतृक गांव प्रखंड के सिलागाई में धूमधाम से मनाया गया। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि आदिवासी कल्याण मंत्री चमरा लिंडा, उद्घघाटन कर्ता कृषि, पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की एवं विशिष्ट अतिथि भाजपा नेता सन्नी टोप्पो, पूर्व विधायक गगोत्री कुजूर, स्मारक समिति के संरक्षक डॉ परमेश्वर भगत उपस्थित हुए। शिल्पी नेहा तिर्की ने अपने संबोधन में कहा कि हम आदिवासियों को हमेशा से विश्वास रहा है कि हमारी सभ्यता 65 हजार साल पुरानी है। लोकतंत्र का सिख आदिवासी समाज ने सिखाया है। हम अपनी जरुरत भर से खुश रहते हैं। हम सोना चांदी नही पहनते है तो कहते हैं हम गरीब हैं, हम गरीब नही संतुष्ट है। वीर बुधु भगत को स्वतंत्रता संग्राम का जननायक बताते हुए उसके बताए आदर्शों पर चलने की बात कही। कुछ लोग हमलोगों को आदिवासी बोलने से कतराते है, और हमे वनवासी और जनजाति बोलते है ऐसे लोगों से सावधान रहना होगा। हम अपने पूर्वजों में विश्वास करते है। वही मुख्यतिथि चमरा लिंडा ने कहा कि वीर बुधु भगत जैसे महान योद्धाओं से प्रेरणा लेने की जरूरत है। हमे किसी को पता नहीं है की विर बुधू कैसे थे कहां युद्ध किए, कहाँ शाहिद हुए, अपने देश और समाज को बचाने मे क्या क्या बलिदान दिए, हमें जानने की जरुरत है। हम आदिवासी अमर शहीद वीर बुधू भगत के वंशज है। उन्होंने वीर बुधू भगत के ब्रिटिश हुकूममत और जमींदारों के खिलाफ बगावत को बिस्तार पुर्वक बताया। इसके पश्चात उन्होंने स्मारक समिति द्वारा मांग पत्र पर लिखी गई सभी मांगो को पूरा करने का आश्वासन दिया। इससे पहले सिलागाई पहुंचने पर अतिथियों ने वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। इस अवसर पर वहां विकास मेला का भी आयोजन किया गया था। जहां लगे स्टॉल का निरीक्षण किया और लाभुकों के बीच परिसंपति का वितरण भी किया। सोमवार सुबह जलयात्रा के साथ जयंती समारोह का शुरूआत हुआ। दक्षिण कोयल नदी से जल लेकर स्मारक स्थल पहुंचे सैकड़ों लोगों ने पूजा अर्चना किया। इसके बाद प्रसाद वितरण किया। मौके पर स्मारक समिति के अध्यक्ष शिवपूजन भगत, महासचिव गोपाल भगत, दिलीप सिंह, अजीत सिंह, मोजीबुल्लाह, महादेव भगत, मोरहा उरांव, शभू भगत, अल्फ्रेड मिंज, भउवा उरांव, प्रोफेसर रामकिशोर भगत, रामधनी भगत, बीडीओ बरुण कुमार, सीओ संजीव कुमार, जौनी उरांव, आदि मौजूद थे।

### शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने में मुखियाओं की भागीदारी जरूरी: उपायुक्त

**खूंटी।** झारखंड शिक्षा परियोजना, खूंटी के तत्वावधान में सोमवार को मुख्यमंत्री उत्कृष्ट बालिका विद्यालय, खूंटी के सभागार में जिलास्तरीय मुखिया सम्मेलन 2025 का आयोजन किया गया। सम्मेलन का मुख्य उद्देश्य पंचायत स्तर पर गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देना और समाज में शिक्षा के स्तर को सशक्त बनाने को लेकर चर्चा करना था। सम्मेलन का शुभारंभ उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने उपस्थित जन प्रतिनिधियों के साथ संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। जिला शिक्षा अधीक्षक अभय कुमार शील ने पौधा भेंट कर उपायुक्त समेत जिला परिषद अध्यक्ष मसीह गुड़िया, जिला परिषद उपाध्यक्ष मंजू देवी, उपाध्यक्ष, जिला मुखिया संघ लक्ष्मण टूटी और अन्य अतिथियों का स्वागत किया। इस अवसर पर सम्मेलन के उद्देश्यों पर प्रकाश डालते हुए उपायुक्त ने कहा कि शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए पंचायत स्तर पर मुखिया समेत सभी स्थानीय जन प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

## न्यूज बॉक्स

### कॉलेज में याद किए गए शहीद वीर बुधू भगत




**चान्हो।** शहीद वीर बुधू भगत इंटर कॉलेज चान्हों में सोमवार को शहीद वीर बुधू भगत की जयंती के शुभअवसर पर माल्यार्पण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उनकी शहादत को याद किया गया। कॉलेज के प्राचार्य डॉ सुशील कुमार मिंज ने कॉलेज के कर्मचारियों के बीच बुधु भगत की जीवनी को बताया। कोल विद्रोह-1831-32- मूलतः जमींदारी प्रथा के विरुद्ध था। उस समय छोटानागपुर के नागवंशी महाराजा जगन्नाथ शाहदेव - 1822-1869 थे। राजधानी लालगढ़ (पालकोट) था। महाराजा के कहे अनुसार कैप्टन इम्पे के नेतृत्व में अंग्रेजो ने बन्दुक के बल पर विद्रोह को दबाने का काम किया। रैयत मालगुजारी देना नही चाहते थे। बुधू भगत आन्दोलन और संगठन खड़ा किया जो चौरेया गांव, बुढ़मु, कैरो, लोहरदगा, कुडू, चन्दवा, लातेहार, खुखरा इत्यादि जगहों में सक्रिय था। जमीदार और साहुकार अग्रेजो से मिले हुए थे। इनकी दगाबाजी के कारण बुधू भगत शहीद हुआ। कार्यक्रम मे नागराज उरांव, सफीउल्लाह अंसारी, नीलिमा टोप्पो, विकास उरांव, सोमन उरांव, एकणा उरांव, शिबरी उरांव, पार्वती उरांव, राजू उरांव, सीताराम इत्यादि मौजूद थे।

### जेवीएनएल में निचले स्तर पर कर्मियों की भारी कमी : अजय राय



**रांची।** झारखंड ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड (जेवीएनएल)में बड़े पैमाने पर उच्च पदों का सृजन किया जा रहा है, जिससे निगम के चहेतों को उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान की जा सके। इस मामले की सीबीआई जांच होनी चाहिए ताकि दूध का दूध और पानी का पानी हो सके। उक्त आरोप झारखंड ऊर्जा विकास श्रमिक संघ के अध्यक्ष अजय राय ने लगाया है। उन्होंने कहा कि निगम में नीचे के स्तर के पदों पर कर्मियों की भारी कमी है, लेकिन इसके बावजूद उच्च पदों का सृजन किया जा रहा है, जिस पर निगम का करोड़ करोड़ रुपए का अतिरिक्त भार बढ़ेगा। उन्होंने आरोप लगाया कि यह सारा खेल प्रोन्नति देने के लिए किया जा रहा है। अजय राय ने कहा कि निगम के हितों को पैरों तले रौंदते हुए स्वहित में उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान करने के उद्देश्य से निगम में कार्यकारी निदेशक, महाप्रबंधक उप महाप्रबंधक के पदों का सृजन कराया गया है। उन्होंने कहा कि यह सारा खेल निगम के उच्च अधिकारियों और पदाधिकारियों के बीच मिलीभगत से किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि निगम में उच्च पदों पर प्रोन्नति प्रदान करने के लिए लेन-देन खेल भी जारी है। उन्होंने कहा कि यह सारा खेल निगम के उच्च अधिकारियों और पदाधिकारियों के बीच मिलीभगत से किया जा रहा है। अजय राय ने मांग की है कि इस मामले की समुचित जांच सीबीआई से कराई जानी चाहिए। उन्होंने कहा कि निगम के उच्च अधिकारियों और पदाधिकारियों के बीच मिलीभगत का खुलासा करने के लिए सीबीआई जांच आवश्यक है।

गर्दन में सरिया घोंपा, आंखें निकाल लीं

### नेतरहाट में 10 वर्षीय बच्चे की नृशंस हत्या

**नवीन मेल संवाददाता। लातेहार**
नेतरहाट में रविवार की रात घर से लापता 10 वर्षीय बच्चे क्षितिज कुमार का क्षत-विक्षत शव सोमवार को नेतरहाट हॉस्पिटल के पीछे झाड़ी से बरामद हुआ। शव की स्थिति देखकर लगता है कि उसकी हत्या बेहद बेरहमी से गई है। उसकी दोनों आंखें निकाल ली गई हैं। पेट में धारदार हथियार से कई वार किए गए हैं और गले में सरिया घोंप दिया गया है। इस वारदात से पूरे इलाके में आक्रोश है। क्षितिज कुमार नेतरहाट निवासी प्रभात कुमार का पुत्र था। बच्चे का शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। जानकारी के अनुसार, रविवार रात करीब आठ बजे खाना खाने के बाद वह अपने कमरे में सोने गया था। थोड़ी देर बाद परिजनों ने उसे कमरे में नहीं देखा, तो लोग उसे खोजने लगे, लेकिन उसका कुछ पता नहीं चला। पुलिस को भी इसकी सूचना दी गई। सोमवार दोपहर बाद किसी ने बताया कि हॉस्पिटल के पीछे एक शव पड़ा हुआ है। पुलिस ने शव बरामद किया, तो उसकी पहचान क्षितिज के रूप में हुई। इधर, लोग वारदात को लेकर आक्रोशित हैं। 10 वर्ष के बच्चे के साथ किसकी रंजिश थी और इसके पीछे कौन है, यह फिलहाल पता नहीं चल पाया है। वहीं, नेतरहाट थाना प्रभारी अभिषेक सिंह के अनुसार, पुलिस पूरे मामले की तहकीकात कर रही है। पुलिस हत्यारे का जल्द ही पता लगा लेगी।

### रामगढ़ प्रशासन ने खाली कराया सर्किट हाउस

**रामगढ़।** झारखंड में कांग्रेस अभी सत्ता में है और सत्ता का नशा पार्टी नेताओं पर चढ़ा हुआ है। इसका उदाहरण रामगढ़ सर्किट हाउस में देखने को मिला। कांग्रेसी नेताओं के द्वारा शराब के नशे में कर्मचारियों के साथ अभद्र व्यवहार किया गया। नशे में धुत नेताओं ने गाली गलौज तक कर डाली। इसके बाद सर्किट हाउस में रुके हुए खूंटी जिला कांग्रेस के वर्किंग प्रेसिडेंट अरुण सांगा से सोमवार को प्रशासनिक अधिकारियों ने जबरन रूम खाली करवा दिया।

### इटकी में सजी शेर वो शायरी की महफिल




**इटकी।** अल्हाज सफदर इमाम वेलफेयर सोसाइटी के सौजन्य से गुलजार रोड स्थित अहयान मंजिल में कवि गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें इटकी के उभरते हुए नौजवान शायर जीशान अलतमश, महताब इस्लाही, शहाब हमजा एवं आरिश नेजाम ने अपनी नज्में एवं गजलें सुनाकर श्रोताओं की खूब वाह वाही बटोरी। मुख्य अतिथि हमीदा पारा मेडिकल के निदेशक इम्तियाज आलम ने कहा कि शायरी दिलों को जोड़ने का काम करती हैं। इस प्रकार की गोष्ठियां समय समय पर होती रहनी चाहिए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए सोसाइटी के संस्थापक प्रोफेसर मजहर इमाम ने कहा कि इस तरह के साहित्यिक कार्यक्रम होते रहने चाहिए ताकि नई नस्लों में लिखने पढ़ने का शौक पैदा हो। संचालन शहाब हमजा एवं धन्यबाद ज्ञापन अबरार इमाम ने किया। कार्यक्रम में खालिद कलीम, मौलाना अयूब कासमी, नौशाद अख्तर सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।

### सरला बिरला स्कूल के छात्रों ने अनुभवात्मक शिक्षण यात्रा की



**रांची।** सरला बिरला पब्लिक स्कूल के छात्रों ने 'बालाजी फूड प्रोडक्ट्स, टाटीसिल्वे' और 'हनीसिप न्यूट्रिमेंट्स प्राइवेट लिमिटेड, अनगड़ा' का दौरा किया। इस यात्रा का उद्देश्य खाद्य एवं पेय उद्योग में उत्पादन और पैकेजिंग की वास्तविक प्रक्रिया को नजदीक से देखना और समझना था। छात्रों ने देखा कि आधुनिक तकनीकों का उपयोग करके विभिन्न स्नैक्स का उत्पादन और पैकेजिंग कैसे की जाती है। उन्होंने 'मिनरल वाटर' भरने की प्रक्रिया को भी समझा, जिसमें पर्यावरण संरक्षण (सस्टेनेबिलिटी) का विशेष ध्यान रखा जाता है। इस यात्रा के दौरान विद्यार्थियों को उद्यमिता (एंटरप्रेन्योरशिप) और व्यवसाय प्रबंधन की बारीकियों की जानकारी मिली, जो उनके भविष्य के करियर विकल्पों को समझने में मददगार साबित होगी। यह यात्रा छात्रों के लिए एक अनूठा अवसर था, जहां उन्होंने कक्षा के बाहर निकलकर वास्तविक दुनिया से सीखने का अनुभव प्राप्त किया। इससे न केवल उनके ज्ञान में वृद्धि हुई, बल्कि उन्हें अपने करियर की संभावनाओं को समझने का भी अवसर मिला। विद्यालय की प्राचार्या परमजीत कौर ने छात्रों को इस तरह की औद्योगिक यात्राओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के शैक्षणिक यात्राओं से छात्रों को वास्तविक दुनिया से जुड़ने, जीवन कौशल सीखने और पर्यावरण संरक्षण की महत्ता को समझने में सहायता मिलती है।

### अधिक से अधिक लोगों को झामुमो से जोड़ें: सुदीप गुड़िया

**खूंटी।** तोरपा के विधायक सुदीप गुड़िया ने कहा कि किसी भी संगठन को शक्ति उसके कार्यकर्ता से ही मिलती हैं। संगठन से जितने अधिक लोग जुड़ेंगे, वह संगठन उतना ही मजबूत होगा। आप का भी दायित्व है कि अधिक से अधिक लोगों को झामुमो से जोड़ें और इसे मजबूत बनायें। विधायक सोमवार को तोरपा प्रखंड की मरचा पंचायत के तुरीगाड़ा गांव में झामुमो के सदस्यता अभियान के तहत आयोजित कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। सदस्यता अभियान के दौरान कई लोगों ने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की। मौके पर विधायक ने कहा कि आप लोगों के आशीर्वाद से मैं विधायक बना हूं और अपकी हर समस्या के समाधान का प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि आपके भरोस पर खरा उतरने का मैं हर संभव प्रयास करूंगा।

रैयत विस्थापितों ने मुआवजा व पुनर्वास देने की मांग की

## हेवी ब्लास्टिंग होने से घरों में भी पड़ने लगी हैं दरार, लोग भयभीत



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
तुमांग, ढुब व पेटपेट के रैयत विस्थापितों की बैठक ढुब देवी मंडप परिसर में हुई। जिसकी अध्यक्षता पूर्व मुखिया मुकद्दर लोहरा ने किया। बैठक में तुमांग, ढुब व पेटपेट के रैयत विस्थापितों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। कहा गया की रोहिणी परियोजना विस्तारीकरण में खदान घरों के काफी नजदीक में पहुंच गया है। जबकि पूर्व में प्रबंधन द्वारा कहा गया था कि सौ मीटर के दायरे में ही खदान चलाया जाएगा। कंट्रोल ब्लास्टिंग होगा, जिससे खदान के नजदीक बस्ती के घरों में कोई क्षति नहीं होगी। लेकिन अब खदान नजदीक और ब्लास्टिंग हेवी होने से घरों में भी दरार पड़ने लगी है। जिससे ग्रामीणो में काफी आक्रोश है। प्रबंधन ब्लास्टिंग से क्षतिग्रस्त घरों का मुआवजा दे। वही इसके बाद हेवी ब्लास्टिंग से किसी तरह के क्षति होने पर खदान का काम बंद कराने की चेतावनी दी गई। साथ ही घरों का मुआवजा जल्द देने तथा ग्रामीणो द्वारा चिन्हित गांव अगरवा में पुनर्वास की व्यवस्था करने की मांग की गई। पुनर्वास को लेकर ग्रामीणों द्वारा एक मांग पत्र जल्द प्रबंधन को सौंपा जाएगा। बैठक में अमृत भोगता, लहसन भोगता, रामेश्वर भोगता, राजेंदर भोगता, उमेश लोहरा, सूरज लोहरा, छोटन भोगता, शिवनाथ भोगता, रवि भोगता, सोनू लोहरा, संतोष गंझू, राजेंदर भोगता, बीफा भोगता, मुरारी मेहता, संतोष मेहता, कृष्णा गंझू, विजय भोगता, मनोज भोगता, एतवारिया देवी, मंजू देवी, रूबी देवी, मंजू देवी, बसंती देवी, दर्शन भोगता, रवि गंझू, टिक्सर गंझू, संतोष गंझू, बिनोद गंझू, महेन्द्र गंझू, छोटू गंझू, संतोष राम, मारकंडे मेहता, रिझु गंझू आदि उपस्थित थे।

उपायुक्त के जनता दरबार में राजस्व व स्कूल फी में छूट के मामले आए

## संबंधित पदाधिकारियों को शिकायत के निष्पादन के लिए मिला दिशा-निर्देश



**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने को जनता दरबार में लोगों की समस्याओं से अवगत हुए। लोगों की समस्याओं को सुनते हुए उन्होंने मामले के जल्द निष्पादन के लिए संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जनता दरबार में राजस्व, स्कूल फी में छूट आदि से संबंधित आवेदन आये। हिनू के रहने वाले एक व्यक्ति ने जनता दरबार मे फी जमा नहीं कर पाने पर स्कूल प्रबंधन द्वारा बच्चे का सर्टिफिकेट प्रदान नहीं किए जाने के संबंध में आवेदन दिया। व्यक्ति द्वारा बताया गया कि वो स्कूल का पूरा शुल्क खराब आर्थिक स्थिति के कारण चुका नहीं सकता और प्रमाण-पत्र जारी नहीं किए जाने के कारण उसके बच्चे का 11वीं में नामांकन नहीं हो पा रहा है। उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने इस संबंध में स्कूल प्रबंधन से बात कर समाधान का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। कम्प्यूटर जनित प्रति में रकबा की अशुद्धि में सुधार को लेकर एक व्यक्ति द्वारा जनता दरबार में आवेदन दिया गया। उपायुक्त नेराजस्व कर्मी से ऑनलाइन पूरी जानकारी प्राप्त कर कांके अंचल अधिकारी को मामले के निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया। एक महिला द्वारा पॉलिसी की फोरक्लोजर राशि आवास ऋण खाते में स्थानांतरित करने के संबंध में आवेदन दिया गया। इस संबंध में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री ने जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी को बैंक से बात कर निष्पादन का निर्देश दिया गया। इनके अतिरिक्त जनता दरबार में अन्य मामलों को भी सुनते हुए जिला दंडाधिकारी-सह-उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा यथाशीघ्र निष्पादन के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

खलारी में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व क्वीज प्रतियोगिता आयोजित

## कक्षा आठ की छात्रा आरती कुमारी को मिला प्रथम पुरस्कार



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
प्रखंड संसाधन केंद्र खलारी (पीएमश्री राजकीयकृत मध्य विद्यालय खलारी) में प्रखंड स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी एवं क्वीज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विज्ञान प्रदर्शनी में पांच विद्यालय व क्वीज प्रतियोगिता में छह विद्यालयों के दो-दो छात्र छात्राओं ने भाग लिया। दोनों प्रतियोगिताओं में निर्णयकर्ता के रूप में प्रखंड संसाधन सेवी राजेशकुमार वर्मा, संकुल साधन सेवी दीपक कुमार, जनता प्लस 2 उच्च विद्यालय खलारी के विज्ञान शिक्षक देवव्रत गोराई और सत्येश तिवारी ने अहम भूमिका निभाई। विज्ञान प्रदर्शनी में भारत की खगोलीय उपलब्धि थीम के लिए प्रथम स्थान राजकीय मध्य विद्यालय करकट्टा की कक्षा आठ की छात्रा आरती कुमारी को मिला तथा द्वितीय स्थान इसी विद्यालय की कक्षा सात की छात्रा सोनम कुमारी रही। भारत के लिए स्वदेशी प्रौद्योगिकी का उपयोग थीम में प्रथम झारखंड बालिका आवासीय विद्यालय खलारी की कक्षा सात की छात्रा ज्योति कुमारी एवं कक्षा सात की ही सिद्धि कुमारी द्वितीय रही। वहीं प्रखंड स्तरीय क्वीज प्रतियोगिता में प्रथम राजकीय उत्क्रमित हाई स्कूल के कक्षा आठ के छात्र बिकासकुमार गिरि, द्वितीय स्थान पर इसी विद्यालय की कक्षा आठ की छात्रा निधि राज रही। सभी विजेताओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। खलारी प्रखंड स्तर पर बेहतर प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राएं जिला स्तरीय विज्ञान प्रदर्शनी व क्वीज प्रतियोगिता में भाग लेंगे। दोनों प्रतियोगिताओं को सफल बनाने में प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी सरवरीनाथ चौरसिया के साथ शिक्षक अमरलाल सतनामी, गिरिधर मिश्रा, रंथु साहू, उत्तरा कुमार, शिमलु उरांव, आदर्श कुमार वाजपेयी, दीपक खलखो, अनूप कुमार, सुमन कुमारी सहित अन्यों का सराहनीय सहयोग रहा।

डालसा का गुड़ीडीह पंचायत में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

## पीड़ित मुआवजा के लिए करें आवेदन : प्रवीण

### जस्टिस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर कार्यक्रम




**नवीन मेल संवाददाता। रांची**
झालसा के निर्देश और न्यायायुक्त के मार्गदर्शन में अनगड़ा प्रखंड की गुड़ीडीह पंचायत भवन में डालसा द्वारा जस्टिस-ऑन-व्हील मोबाईल वैन टूर कार्यक्रम के तहत जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव ने बच्चों से संबंधित कानूनों जे.जे एक्ट, पोक्सो एक्ट की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समाज को नशा मुक्त करना है, नशा से धन और स्वास्थय पर बुरा असर पड़ता है। बाल विवाह अधिनियम-2006 बाल विवाह की रोकथाम करती है। श्री श्रीवास्तव ने मोटर वाहन दुर्घटना में प्राप्त होनेवाले मुआवजा की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पीड़ित मुआवजा के लिए डालसा कार्यालय में आवेदन दे सकते है। पीड़ित अगर महिला हो तो केस लड़ने के लिए डालसा की ओर से निःशुल्क अधिवक्ता भी दिया जाता है। दहेज प्रथा कानून-1961 के बारे में विस्तार से जानकारी दी। एमएसीटी एक्ट-1988 के बारे में जानकारी दी गयी। इस अवसर पर एलएडीसी चीफ प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, पीएलवी बेबी सिन्हा, मीना श्रीवास्तव, मालती देवी, यशोदा देवी, संगीता देवी, विधि के छात्र-छात्राएं एवं राजा वर्मा उपस्थित थे।

कुसुमटोला में शहीद वीर बुधु भगत की 223वीं जयंती मनी

## महान स्वतंत्रता सेनानी थे वीर बुधु भगत : सुरेश बैठा



**नवीन मेल संवाददाता। खलारी**
स्वतंत्रता सेनानी बलिदानी वीर बुधु भगत की 223वीं जयंती पुरनाडीह के कुसुमटोला में समारोहपूर्वक मनाई गई। अध्यक्षता महेंद्र उरांव ने की. कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि विधायक सुरेशकुमार बैठा ने स्वतंत्रता सेनानी बलिदानी वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर माल्यार्पण व नमन कर किया। इससे पहले वीर बुधु भगत की प्रतिमा पर पाहन ने पारंपरिक तरीके से पूजन किया। जेनेट एकेडमी के छात्र-छात्राएं पारंपरिक तरीके से स्वागत करते हुए अतिथियों को कार्यक्रम स्थल तक लाए। आयोजकों ने पौधा एवं गमछा देकर अतिथियों का स्वागत किया। सुरेश बैठा ने कहा कि स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर बुधु भगत एक महान स्वतंत्रता सेनानी थे। उन्होंने देश की आजादी के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। ब्रिटिश सरकार के खिलाफ लड़ाई लड़ी और अपने साहस व बलिदान से लोगों को प्रेरित किए। वे अपने जीवनकाल में आदिवासी समुदाय के अधिकारों और हितों के लिए लड़ाई लड़े। मजदूर नेता अब्दुल्ला अंसारी, समाज सेवी नीरज भोगता, विस्थापित नेता बहुरा मुंडा व रंथु उरांव ने भी वीर बुधु भगत के जीवन के बारे में बताते हुए उन्हें एक सच्चे देशभक्त के रूप में याद किया। इस दौरान वीर बुधु भगत बिरसा मुंडा आदिवासी समिति द्वारा विधायक को मांग पत्र दिया गया। मांग किया गया कि रैयतों की अधिग्रहण भूमि खनन के पश्चात समतलीकरण कर पुनः रैयतों को वापस किया जाय। आदिवासी बहुल क्षेत्र चतरा जिला को पांचवी अनुसूची में जोड़ा जाए, विकास के नाम पर हमारे जल, जंगल, जमीन, गांव धर्म संस्कृति को विनाश से रोका जाए, अधिग्रहित जमीन में बसे गांव के सरना, मसना, मड़ई, हड़गडी आदि पूजनीय स्थल को यथास्थिति संरक्षित छोड़ दिया जाए।

## एक नजर

### ट्रेनर नवीन कुमार ने गोल्डन ग्लो सलून का किया उद्घाटन



**हजारीबाग ।** शहर के पेलावल गदोखर मोड़ में सोमवार को सैम एंड जैस के ट्रेनर नवीन कुमार द्वारा फीता काटकर उद्घाटन किया गया। सलून संचालक समरीन खान ने बताया कि यहां महिलाओं के लिए विशेष सुविधा का ध्यान रखा गया है। साथ ही बाजार से 50 प्रतिशत कम लागत में ब्यूटीशियन का सुविधा महिलाएं ले सकती हैं। इस अवसर पर मो इजहार अख्तर, आमरीन, अक्सा, खुशबू, पूजा साह, सहित कई मौजूद थे।

### सीएमडब्लूयू ने रेलीगढ़ा पीओ कार्यालय समक्ष प्रदर्शन किया

**गिद्दी।** सीएमडब्लूयू ने रेलीगढ़ा पीओ कार्यालय के समक्ष सोमवार को प्रदर्शन और सभा किया। इसके पहले रैली के शक्ल में यूनियन समर्थकों ने पीओ कार्यालय तक पहुंचे और प्रदर्शन सभा किया। यूनियन नेता महादेव मांझी ने सभा संबोधित करते हुए वर्ष 2022 के मजदूरों का 11 दिनों बकाया वेतन भुगतान करने की मांग किया। इसके बाद पीओ के नाम 5 सूत्री मांग पत्र सौंपा। जिसमें वर्ष 2022 के मजदूरों का 11 दिनों बकाया वेतन भुगतान करने, संडे में कटौती में रोक लगाने, मजदूरों के समय पर प्रमोशन करने की आदि मांग की। सभा की अध्यक्षता महादेव मांझी ने की। जबकि सभा में कुंअरलाल विश्वकर्मा, दशरथ करमाली, सुबोध नायक, राशो सिंह, विक्की राम, मुन्ना प्रसाद, मोहन बेदिया, सूरज सोरेन, दुग्गी कुमारी, संजय शर्मा, झिरगी टोपो, पार्वती देवी, दशमी देवी, पुष्पा इंदूर आदि उपस्थित थे।

दुलमी में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक आयोजित

# योजनाओं में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए : सुधीर



**नवीन मेल संवाददाता। रामगढ़**
दुलमी पंचायत सचिवालय, उसरा में प्रखंड स्तरीय समीक्षात्मक बैठक का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने की। बैठक में दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश, प्रखंड प्रमुख, जिला परिषद सदस्य, उप प्रमुख, सभी मुखिया, पंचायत समिति सदस्य, पंचायत सचिव, रोजगार सेवक एवं अन्य प्रखंड कर्मी उपस्थित रहे। बैठक में सरकारी योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई तथा विकास कार्यों में आ रही विभिन्न समस्याओं एवं उनके समाधान पर विस्तृत चर्चा की गई। इसके साथ ही पंचायती राज व्यवस्था को अधिक प्रभावी बनाने एवं ग्रामीण विकास योजनाओं के समुचित क्रियान्वयन पर बल दिया गया। प्रखंड विकास पदाधिकारी अमित कुमार मिश्रा ने उपस्थित सदस्यों को निर्देश दिया कि योजनाओं को समयबद्ध रूप से लागू किया जाए तथा सभी विकास कार्यों में पारदर्शिता और गुणवत्ता सुनिश्चित की जाए। बैठक में विभिन्न पंचायतों के प्रतिनिधियों ने अपने सुझाव एवं समस्याएँ भी साझा कीं, जिनके समाधान हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा कि सरकार द्वारा चलाई जा रही विकास योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुँचे, यह हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। ग्रामीण विकास की दिशा में हर योजना को जमीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया जाए, इसके लिए सभी जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को मिलकर कार्य करना होगा। उन्होंने अधिकारियों से अपील की कि योजनाओं के क्रियान्वयन में पारदर्शिता और तत्परता सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता को अधिकतम लाभ मिल सके।

बरही में एसआईएस भर्ती कैंप का हुआ आयोजन

# 6 में से 4 उम्मीदवारों का हुआ चयन : भर्ती अधिकारी




**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
थाना परिसर में एसआईएस की ओर से विभिन्न पद के लिए भर्ती शिविर आयोजित किए गए. शिविर एसआईएस के भर्ती अधिकारी मिथिलेश चौधरी के निर्देशन में आयोजित किया गया. भर्ती अधिकारी ने बताया कि भर्ती शिविर में कुल 6 उम्मीदवारों ने हिस्सा लिया. इसमे जीटीओ के लिए एक और जवान के लिए 3 उम्मीदवारों का चयन किया गया. सभी चयनित उम्मीदवारों को प्रशिक्षण केंद्र गढ़वा में प्रशिक्षण दिया जायेगा. जिसके बाद उम्मीदवारों को भारत के विभिन्न क्षेत्रों में पदस्थापित किए जायेंगे. उन्होंने बताया कि मंगलवार 18 फरवरी को बरकट्ठा थाना में भर्ती कैंप लगाए जायेंगे. इच्छुक उम्मीदवार वहां भी अपने शैक्षणिक दस्तावेजों के साथ भर्ती के लिए संपर्क कर सकते है. हजारीबाग जिले के विभिन्न थानों में यह भर्ती कैंप आगामी 5 मार्च तक चलेगा.

## न्यूज | बॉक्स

### सिद्धेश्वर नाथ प्राचीन शिव मंदिर में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर बैठक



**रामगढ़।** सिद्धेश्वर नाथ प्राचीन शिव मंदिर सयाल में महाशिवरात्रि पूजा को लेकर रविवार को बैठक का आयोजन हुआ। बैठक में पूजा की तैयारी पर चर्चा करते हुए महाशिवरात्रि पूजा धूमधाम से मनाने का निर्णय लिया गया। मौके पर मंदिर कमेटी की अध्यक्ष पम्मी कुमार, अर्जुन सिंह, संदीप प्रसाद केशरी, रामबीलास यादव, संजय शर्मा, ऊषा, उदय मेहता, ब्रजेश पाठक, रामकृपाल मालाकार आदि उपस्थित थे।

### संगठन मजबूती को लेकर चलकुशा में झामुमो युवा मोर्चा ने चलाया सदस्यता अभियान



**बरकट्ठा।** विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड चलकुशा में झारखंड मुक्ति मोर्चा(युवा मोर्चा) का सदस्यता अभियान चलाया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व बतौर मुख्यातिथि पूर्व विधायक सह झामुमो नेता जानकी प्रसाद यादव के द्वारा की गई। इस अवसर पर उन्होंने बताया कि भारी संख्या में प्रखंड के युवाओं को झामुमो का सदस्य बनाया गया है और यह अभियान आगे भी जारी रहेगा। श्री यादव ने कहा कि झारखंड मुक्ति मोर्चा बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र में लगातार विभिन्न प्रखंडों में सदस्यता अभियान चला रही, जिसमें भारी संख्या में युवा, नवजवान, बुजुर्ग व महिलाओं को पार्टी का सदस्य बनाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन के नेतृत्व में झारखंड में मजबूत सरकार चल रही है, जो जनहित के कार्यों एवं योजनाओं को धरातल पर उतार रही है। उन्होंने इन बातें को युवा कार्यकर्ताओं को जन-जन तक पहुचाने को कहा। साथ ही लोगों को राज्य सरकार की योजना का लाभ लेने की बात कही। उन्होंने कहा कि राज्य की अबुआ सरकार के कार्यकाल में राज्यवासी खुशहाल हैं।मौके पर पूर्व जिला उपाध्यक्ष झामुमो सुनील कुमार, झामुमो प्रखंड अध्यक्ष सह 20 सूत्री अध्यक्ष समीम अंसारी, पूर्व मुखिया संघ अध्यक्ष दशरथ यादव, मुखिया प्रतिनिधि केदार यादव, पूर्व पंसस महबूब अंसारी, महेश यादव, लक्ष्मण यादव, रामेश्वर पंडित समेत सैकड़ो की संख्या में झामुमो नेता व कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### समाजसेवी पंडित शिवनरेश पांडेय के निधन पर शोक की लहर



**रामगढ़ ।** समाजसेवी बबन पांडेय एवं भाजपा युवा मोर्चा के जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद पांडेय के पिता पूर्व सीसीएलकर्मी सह समाजसेवी पंडित शिवनरेश पांडेय (90 वर्ष) का रविवार की रात्रि उनके निवास बिरसा चौक (हुरुमगढ़ा) भुरकुंडा में हृदयाघात के कारण आकस्मिक निधन हो गया। वे काफी दिनों से बीमार चल रहे थें। उनके निधन से कोयलांचल भुरकुंडा, भदानीनगर, बासल सहित आसपास के क्षेत्रों में शोक की लहर है। पंडित स्व. शिवनरेश पांडेय भाजपा जनसंघ के वयोवृद्ध स्थापना काल के संस्थापक के साथ-साथ शिक्षाविद, ज्योतिषाचार्य, कर्मकाण्डी और समाजसेवी भी थें। सोमवार को उनका अंतिम संस्कार गिद्दी दामोदर नदी तट पर किया गया। मुखाग्नि उनके बड़े पुत्र बबन पांडेय ने दी। पंडित स्व. शिवनरेश पांडेय अपने पीछे बबन पांडेय, प्रहलाद पांडेय, विक्रमादित्य पांडेय, कृष्ण कन्हैया पांडेय, धर्मराज पांडेय, अमन पांडेय, आकाश पांडेय सहित भरा पूरा परिवार छोड़कर गये। बताया जाता है कि पंडित शिवनरेश पांडेय बाल्यकाल से ही राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ से जुड़े। जनसंघ से सामाजिक सेवा एवं राजनीतिक योगदान प्रदान करते हुए जनकल्याण क्षेत्र मे कई महत्वपूर्ण कार्यो को संपादित किया। राजनीति के साथ-साथ उन्हें धार्मिक कार्यो में भी उनकी काफी रूची रही। उन्होंने अपने जीवनकाल में कई धार्मिक कार्यो का सफल आयोजन किया। मिलनसार व्यक्तित्व, मृदुभाषी, सहज और सरल स्वभाव उनका उनकी पहचान रही।

# चापानल का पानी सूखने से पेयजल की समस्या बढ़ी



**नवीन मेल संवाददाता। गोला**
गोला प्रखंड के कई क्षेत्रों में गर्मी के दस्तक के साथ पेयजल की समस्या बढ़ते जा रहा है। प्रखंड क्षेत्र में जलस्तर में तेजी से गिरावट हो रही है। अधिकांश छोटी नदियां, तालाब और जलाशय सूखने लगे हैं। हुप्पू पंचायत के वार्ड नंबर 4, शाहीनगर बयांग का एकमात्र चापानल का पानी सूख गया है। ग्रामीणों ने बताया कि चापानल का जलस्तर काफी नीचे चले जाने के कारण इससे पानी निकलने में दिक्कत हो रही है। इस चापाकल में सोलर जलमिनार लगाया गया है, जो बेकार साबित हो रहा है। लोगों को एक बाल्टी पानी के लिए घंटों इंतजार करना पड़ रहा है। पानी लेने के लिए लोगों को यहां घंटों लाइन में खड़ा रहना पड़ता है। ग्रामीणों ने कहा कि कई वर्ष पहले सप्लाई पानी का पाइप बिछाया गया है। जिसका लाभ लोगों को अभी तक नहीं मिल रहा है। मुखिया प्यारेलाल को कई बार समस्या के बारे मौखिक जानकारी दी गई कि लोगों को पानी का बहुत दिक्कत है। अभी तक पानी की समस्या का समाधान नहीं हो सका। शाहीनगर टोले की आबादी 200 से अधिक हैं, जहां पर एक ही चापाकल है।

15वीं वित्त योजना के तहत आम सभा का हुआ आयोजन

# वार्ड 17 में होने वाले निर्माण कार्यों के प्रस्ताव को रखे गए



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए 15वीं वित्त योजना के लिए कोनरा पंचायत में आम सभा का आयोजन किया गया. आम सभा की अध्यक्षता मुखिया यास्मीन तबस्सुम और संचालन पंचायत सचिव ललिता कुमारी ने की. जिसमें रोजगार सेवक शिबू विश्वकर्मा सहित भाग-1 पंचायत समिति सदस्य मो यूसुफ, उपमुखिया गजाला प्रवीण, विभिन्न वार्ड सदस्य और ग्रामीण मौजूद थे. मुखिया से मिली जानकारी के अनुसार आम सभा में विभिन्न प्रस्ताव आए. जिसमें सर्वसम्मति से पंचायत के सभी 17 वार्ड के लिए तीन तीन योजनाओं के प्रस्ताव रखा गया. लिए गए प्रस्ताव में आवश्यकतानुसार प्रत्येक वार्ड में नाली निर्माण, जीर्ण शीर्ण नालियों का जिर्णोद्धार, मॉडल आंगनबाड़ी केंद्रों का सुंदरीकरण, पेयजल व्यवस्था, पथ निर्माण इत्यादि शामिल हैं. उन्होंने बताया कि सभी प्रस्तावित योजनाओं पर आवश्यकतानुसार सर्वसम्मति से निर्णय लेते हुए अग्रेतर प्रक्रिया की जायेगी. बैठक में महिलाओं की उपस्थिति अधिक रही. लोगों का कहना था कि वार्ड में कोई काम नहीं होगा तो यहां के लोगों को सुविधा कैसे मिलेगी। बरसात के दिनों नाली को जो स्थिति होती है वह तो मुल्लावासी ही बता सकते हैं। पीने के पानी का भी सही व्यवस्था नहीं हो पा रहा है। गर्मी आते ही पानी भी सूखने लगता है और परेशानी बढ़ने लगती है।

### श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान सह एकादशी उद्यापन के लिए महिलाओं ने निकाली कलश यात्रा



**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत ग्राम शिलाड़ीह में श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान सह एकादशी उद्यापन को लेकर शिलाड़ीह निवासी रघु पंडित के द्वारा सोमवार को 251 कन्याओं ने बिजली कुंदर नदी से गाजे बाजे के साथ तथा भगवान का जयकारा लगाते हुए कलश यात्रा निकाली । वहीं पुजारी रामतीर्थ पांडेय,पवन शास्त्री, योगेश्वर पांडेय के द्वारा मंत्र उच्चारण कर कलश यात्रा मरहनीयागढा,बनवारी,से होते हुए शिलाड़ीह के बरसोती नदी तक निकाला गया ।विदित हो कि श्रीमद् भागवत सप्ताह ज्ञान 9 दिवसीय है जो 17 फरवरी से 25 फरवरी तक निर्धारित है। वहीं रात्रि में श्रीमद् भागवत कथा पवन शास्त्री के द्वारा किया जाएगा। अंतिम दिन 25 फरवरी को महाप्रसाद का वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन किया जाएगा। मौके पर विश्व हिंदू परिषद के अध्यक्ष शिवलाल यादव, सूरज देव प्रजापति,पंचायत समिति सदस्य प्रतिनिधि राजकुमार गिरी, बाबूलाल पांडेय, रामसेवक पंडित, विजय पंडित, विनोद यादव योगेश्वर यादव के अलावे सैकड़ो लोग उपस्थित थे।

### कोलियरी सचिव ने पीओ को सौंपा 10 सूत्री मांग पत्र

**रामगढ़।** अखिल झारखंड कोयला श्रमिक संघ के कुजू कोलियरी सचिव तेजनाथ महतो 10 सूत्री मांग को लेकर कुजू कोलियरी परियोजना पदाधिकारी को आवेदन दिया है। जिसमें मजदूरों का 13 दिन का बकाया वेतन भुगतान करने, समय पर कर्मचारियो का प्रमोशन करने, स्कूल बस व एंबुलेंस की सुविधा प्रदान करने, रोंग डिगनेशन में कार्य करने वाले कर्मचारियों को ऑथराईजेशन देने, फिल्टर प्लांट में लाइट की सुविधा, केओसीपी में लाईट लगाने, अवैध खनन पर रोक लगाने, श्री राम चौक से लेकर कुजू कोलियरी तक सड़क किनारे अतिक्रमण हटाने, कुजू कोलियरी के बंद पड़े खदान को पुनः चालू कराने का मांग किया है। उन्होंने कहा है कि अगर 8 दिनों के अंदर मांगों पर पहल नहीं हुआ तो चरणबद्ध तरीके से आंदोलन किया जायेगा।

### रैविमो के केंद्रीय समिति की बैठक सह वनभोज का आयोजन


**गिद्दी।** रैयत विस्थापित मोर्चा के केंद्रीय समिति की बैठक सह वनभोज का आयोजन सोमवार को गिद्दी बसरिया साधु कुटिया में किया गया। बैठक में सीसीएल के विभिन्न परियोजना में विस्थापितों के हक अधिकार, नौकरी, मुआवजा, पुनर्वास, रोजगार, सीएसआर, डीएमएफटी फंड, गैरमजरुआ भूमि पर नौकरी, वन पट्टा, रोड सेल में हिस्सेदारी और ठेका में प्राथमिकता के सवाल पर आंदोलन करने का निर्णय लिया गया। साथ ही रैविमो के संगठन मजबूती को लेकर रणनीति तैयार किया गया। बैठक की अध्यक्षता रैविमो के केंद्रीय महासचिव सैनाथ गंझू और संचालन केंद्रीय उपाध्यक्ष इकबाल हुसैन ने की। जबकि बैठक में बतौर मुख्य अतिथि केंद्रीय उपाध्यक्ष राजकुमार महतो, बतौर विशिष्ठ अतिथि झामुमो के संजीव बेदिया उपस्थित थे। वक्ताओं ने बैठक को संबोधित करते हुए रैविमो के गठन के बाद रैयत विस्थापितों के हक अधिकार के लिए मोर्चा के किए गए कार्यो को बताते हुए संगठन को और मजबूत करने पर बल दिया। बैठक में केंद्रीय सचिव गुरुदयाल साव, प्रमुख दीपा देवी, प्रकाश महली, सुनील गंझू, पप्पू सिंह, राजेश बेदिया, श्रीनाथ महतो, मो इस्लाम, रामू उरांव, विनोद गंझू, राजकुमार उरांव, सुभाष यादव, विनोद उरांव, विश्वजीत उरांव, दीपक महली, जियाउल अंसारी, वसीम अंसारी, शबीर अंसारी, सुलेंद्र गंझू, सोनाराम मांझी आदि उपस्थित थे।

### पुरोहितों को चाहिए सम्मान और मानदेय : पुजारी

**रामगढ़।** शादी-विवाह, अन्नप्राशन, गृह प्रवेश आदि मांगलिक कार्य हों या श्राद्ध, तर्पण या पिंडदान आदि कर्मकांड, बगैर धार्मिक अनुष्ठान के पूर्ण नहीं होते। किंतु सामाजिक सुरक्षा के अभाव व शासन स्तर पर मानदेय अथवा कोई भी आर्थिक लाभ नहीं मिलने से खुद के साथ परिवार के भविष्य की चिंता की वजह से धीरे-धीरे पूजा-पाठ के पुश्तैनी पेशा वाले भी पुरोहित के कार्य से विमुख होने लगे हैं। निश्चित मानदेय नहीं होने से पुजारी व पुरोहित सदैव खुद के साथ अपने परिजनों के भविष्य को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही सामाजिक स्तर पर भी लगातार मिल रही उपेक्षा के कारण उनका अपने पुश्तैनी पेशे से भी मोहभंग होता जा रहा है। हिन्दुस्तान के बोले रामगढ़ कार्यक्रम के तहत जिले के विभिन्न देव स्थलों में पूजन कार्य संपन्न कराने वाले पुजारियों ने कार्य के दौरान उत्पन्न दिक्कतों को लेकर अपने अनुभव साझा किए और समाधान के लिए सुझाव भी दिए।

दो दिवसीय निशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला आयोजित

# मिशन हॉस्पिटल की पुरुष व महिलाओं के लिए सकारात्मक पहल : विधायक



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मिशन रोड रविन्द्र पथ अवस्थित श्रीनिवास सर्वमंगलम सोसाइटी के सहयोग द्वारा संचालित संत कोलम्बस मिशन होस्पिटल में आयोजित महिलाओं के विशेष निशुल्क 'जननी स्वास्थ्य मेला' का प्रथम दिवस दिन सोमवार को संपन्न हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद सहित कई गणमान्य लोगों ने दीप प्रज्वलित कर विधिवत शिविर का शुभारंभ किया। इससे पूर्व मिशन होस्पिटल के संचालक डॉ प्रवीण श्रीनिवास ने मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद को अंगवस्त्र एवं पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन कर अतिथि वंदन किया। शिविर में महिलाओं को निशुल्क चिकित्सा परामर्श, मुफ्त दवा, बी.पी जांच, अल्ट्रासाउंड, कैंसर स्क्रीनिंग, नेत्र जांच, एक समय का भोजन, दंत जांच एवं शुगर व हीमोग्लोबिन का जांच एवं इलाज मुफ्त किया गया। जिसमें 873 महिलाएं सहित कई पुरूषों ने प्रथम दिवस का शिविर का लाभ उठाया।मुख्य अतिथि सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने शिविर उपस्थित महिलाओं को संबोधित कर कहा कि महिलाओं के लिए विशेष निशुल्क शिविर का आयोजन मिशन हॉस्पिटल का काफी अनूठी एवं सकारात्मक पहल है। किसी भी परिवार का महिला रीढ़ होती है। घर का व्यस्तम कार्यों को लेकर चाह कर भी इलाज करवाने में असमर्थ होना पड़ता है।

अफीम खेती के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई जारी

# अब तक कई हेक्टेयर में लगी अफीम की खेती नष्ट : एसडीपीओ



**नवीन मेल संवाददाता। बरही**
बीते कई दिनों से चौपारण क्षेत्र में अफीम खेती के खिलाफ वन विभाग तथा पुलिस की लगातार कार्रवाई जारी है. इस कार्रवाई में अब तक कई हेक्टेयर वन क्षेत्र में लगे अफीम/पोस्ते की खेती को नष्ट किया जा चुका है. इस कारवाई में एसपी अरविंद कुमार सिंह ने भी अपनी महत्ती भागीदारी निभाई है. एसडीपीओ अजीत कुमार बिमल सहित सर्किल इंस्पेक्टर चंद्रशेखर कुमार और स्थानीय थाना प्रभारी अनुपम प्रकाश लगातार अभियान चलाकर सुदूर जंगली क्षेत्र में लगे अफीम की खेती को नष्ट कर रहे है. इस कार्य में वन विभाग ने भी महत्वपूर्ण जिम्मेवारी निभाई है. सोमवार को भी चौपारण प्रखंड के चमरगड्डा के आसपास के जंगली क्षेत्रों में लगे कई एकड़ के अफीम की खेती को नष्ट किया गया. इस कार्य के स्थानीय पुलिस के जवान भी सक्रिय योगदान दे रहे है. **एसडीपीओ की अपील :** एसडीपीओ अजीत कुमार ने कहा कि अफीम एक मादक पदार्थ है. इसके खूबसूरत फूल की ओर आकर्षित होने बजाय इसके अवगुण को जानने की जरूरत है. यह एक जहरीला पदार्थ है जो पीढ़ी दर पीढ़ी नवयुवकों में जहर भरने और उनके जिंदगी बर्बाद करने का बीज है. उन्होंने ऐसे बीज के उपयोग से बचते हुए इस प्रकार की खेती नहीं करने की अपील की है. ऐसे खेती करने और करवाने वाले के समाज के दुश्मन के खिलाफ सामूहिक लड़ाई लड़ते हुए प्रशासन को सहयोग देने को बात कही. उन्होंने कहा कि अफीम से समाज में बुराई फैलती है।

### रिवर साइड गांधी पार्क में धूमधाम से मनेगी महाशिवरात्रि

**भुरकुंडा।** भुरकुंडा स्थित रिवर साइड बुधबाजार गांधी पार्क शिव मंदिर प्रांगण में महाशिवरात्रि महोत्सव की तैयारियां जोरों पर हैं। सोमवार को स्थानीय श्रद्धालुओं की एक अहम बैठक आयोजित हुई, जिसकी अध्यक्षता कमेटी के अध्यक्ष नरेंद्र सिन्हा ने की और संचालन विनय उर्फ बीनू भगत ने किया। बैठक में 26 फरवरी को महाशिवरात्रि का भव्य आयोजन करने का निर्णय लिया गया। बताया गया कि महाशिवरात्रि को लेकर मंदिर परिसर का भव्य श्रृंगार होगा। वहीं श्रद्धालुओं के लिए पेयजल, प्रसाद वितरण और अन्य सुविधाओं की पुख्ता व्यवस्था की जाएगी। शाम 7 बजे से भंडारा शुरू होगा, जो देर रात तक जारी रहेगा, जिसमें हजारों श्रद्धालु महाप्रसाद ग्रहण करेंगे। कमेटी ने बताया कि महाशिवरात्रि के अवसर को और भव्य बनाने के लिए 1 मार्च को भगवती जागरण का आयोजित होगा। इसमें धनबाद के प्रसिद्ध सुदेश जागरण मंडली के कलाकार भक्ति गीतों से भक्तों को मंत्रमुग्ध करेंगे।

बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत समारोह का आयोजन

# किशोरियों के बीच नैपकिन वेंडिग मशीन का किया वितरण




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग**
मासिक धर्म स्वच्छता के लिए सही ज्ञान और संसाधन उपलब्ध कराना एवं बालिकाओं के बीच मासिक धर्म के प्रति स्वच्छता एवं स्वास्थ्य के विषय में जागरूकता लाना बेहद आवश्यक है। इसी उद्देश्य को लेकर उपायुक्त नैंसी सहाय के निर्देशानुसार जिला समाज कल्याण विभाग के तत्वाधान में सोमवार को समाहरणालय सभागार में बेटी बचाओ- बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय के बालिकाओं के बीच सैनिटरी नैपकिन वेंडिग मशीन का वितरण उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, डीआरडीए निदेशक मां देव प्रिया, डीपीओ पंकज तिवारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी शिप्रा सिंहा, सामाजिक सुरक्षा के सहायक निदेशक निवेदिता राय ने संयुक्त रूप से किया। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद ने कहा कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना अंतर्गत आप सभी बच्चियों के लिए सेनेटरी नैपकिन वेंडिंग मशीन दिया जा रहा है। जिसमें पहले से ही सभी मशीनों में 100 सेनेटरी नैपकिन डाला हुआ है। आप सभी इस मशीन का सदुपयोग अच्छे से व शत प्रतिशत इसका इस्तेमाल करेंगे।

### चिकित्सा के क्षेत्र में डॉ. रंजना सरण का महत्वपूर्ण योगदान

# आईवीएफ के माध्यम से 50 सफल मामलों का रिकॉर्ड कायम किया




**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** आरोग्यम अस्पताल की वरिष्ठ स्त्री रोग एवं प्रजनन विशेषज्ञ डॉ. रंजना सरण ने इंडियन फर्टिलिटी सोसाइटी (भारतीय प्रजनन सोसाइटी) झारखंड चैप्टर द्वारा आयोजित निरंतर चिकित्सा शिक्षा कार्यक्रम में भाग लिया और एक महत्वपूर्ण सत्र की सहभागी बनीं। इस आयोजन में उन्होंने आरोग्यम अस्पताल की उपलब्धियों, नवीनतम तकनीकों और प्रजनन उपचार के क्षेत्र में किए जा रहे नवाचारों पर अपने विचार साझा किए। हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल जिले का पहला ऐसा अस्पताल है, जिसने आईवीएफ (इन-विट्रो फर्टिलाइजेशन) के माध्यम से 50 सफल मामलों का रिकॉर्ड कायम किया है। यह उपलब्धि उन दंपतियों के लिए एक नई उम्मीद लेकर आई है, जो संतान सुख की चाह में वर्षों से संघर्ष कर रहे थे, अस्पताल में उच्च स्तरीय आधुनिक प्रयोगशाला, विश्वस्तरीय तकनीक और अनुभवी डॉक्टरों की टीम के सहयोग से आईवीएफ प्रक्रिया को सफलता पूर्वक पूरा किया गया। 50 दंपतियों को सफल गर्भधारण कराकर माता-पिता बनने का सुखद अनुभव प्रदान करना अस्पताल के लिए एक गौरवशाली क्षण है। आईवीएफ एक वैज्ञानिक प्रक्रिया है, जिसमें महिला के अंडाणु और पुरुष के शुक्राणु को प्रयोगशाला में निषेचित (फर्टिलाइज) किया जाता है और फिर विकसित भ्रूण को गर्भाशय में प्रत्यारोपित किया जाता है। यह उन दंपतियों के लिए एक कारगर तकनीक साबित हुई है, जो प्राकृतिक रूप से गर्भधारण करने में असमर्थ थे। हजारीबाग आरोग्यम अस्पताल में यह सुविधा उपलब्ध कराए जाने से हजारीबाग सहित आसपास के कई क्षेत्रों के सैकड़ों दंपतियों को इलाज के लिए बड़े महानगरों में जाने की आवश्यकता नहीं रही।

# 15 साल के युवक ने फांसी लगाकर दी जान, पुलिस कर रही है जांच



**नवीन मेल संवाददाता। बिरनी** बिरनी प्रखंड भरकट्टा ओपी क्षेत्र के एक युवक ने फंदे से फाँसी लगाकर जान दे दिया। इस घटना से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। युवक फांसी किस कारण लगाया है।।यह एक पहेली बन कर रहा गया। मामला भरकट्टा ओपी क्षेत्र के मडरखा गांव का है।।मडरखा गावं निवासी भुनेश्वर मंडल का पुत्र 15 वर्षीय रंजीत कुमार वर्मा के रूप में हुई है। घटना की खबर सुनकर गाँव वाले सैकड़ों की संख्याओं में महिलाएं पुरुषों इकट्ठा हो गया।।इस घटना की सूचना भरकट्टा ओपी पुलिस को दिया। जिसके बाद भरकट्टा ओपी पुलिस दलबल के साथ पहुचकर शव को कब्जे में लिया। हर एंगल पर पुलिस जाँच कर रही है।।शव को पोस्टमार्टम के लिए गिरिडीह सदर अस्पताल भेज दिया। क्या कहते हैं भरकट्टा ओपी प्रभारी : इस संबंध में भरकट्टा ओपी प्रभारी अमन कुमार में बताया कि प्रथम दृष्टि प्रतीत हो रहा है फांसी लगा हुआ। अभी तक परिजन द्वारा किसी भी तरह का आवेदन नहीं दिया है। शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा है।

### शहीद करमजीत सिंह बक्शी के अंतिम अरदास में शामिल हुए मंत्री व विधायक

# शहीद कैप्टन का बलिदान न केवल हमारे राज्य बल्कि देश के लिए क्षति



**नवीन मेल संवाददाता। हजारीबाग** शहर के गुरु गोविंद सिंह रोड स्थित गुरुद्वारा सभागार में शहीद करमजीत सिंह बक्शी की अंतिम अरदास का आयोजन किया गया, जिसमें रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ और सदर विधायक प्रदीप प्रसाद प्रमुख रूप से शामिल हुए। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम में सिख समुदाय के लोग और शहीद के परिजन के साथ कई लोग उपस्थित थे। शहीद करमजीत सिंह बक्शी की वीरता और उनके बलिदान को सम्मानित करने के लिए यह आयोजन किया गया। इस अवसर पर रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ ने शहीद के परिवार से मुलाकात की और उन्हें सांत्वना दी। उन्होंने कहा कि शहीद करमजीत सिंह बक्शी का बलिदान न केवल हमारे राज्य बल्कि हमारे देश के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। उनकी वीरता का कोई मोल नहीं हो सकता, और उनका शौर्य हमारे लिए प्रेरणा का स्रोत रहेगा। मैं इस दुख की घड़ी में शहीद के परिवार के साथ हूं और उनकी मदद के लिए हमेशा तत्पर हूं। सदर विधायक प्रदीप प्रसाद ने सिख समुदाय के आग्रह पर एक महत्वपूर्ण घोषणा की। उन्होंने कहा की शहीद करमजीत सिंह बक्शी के योगदान को याद रखने और उनका सम्मान करने के लिए हमने एक बड़ा कदम उठाया है। शहीद के निवास स्थान, जो कि जुलु पार्क हॉली क्रॉस रोड पर स्थित है, उसको अब 'शाहिद करमजीत सिंह मार्ग' के नाम से जाना जाएगा। यह बदलाव जल्द ही एक से दो दिनों के अंदर किया जाएगा और बोर्ड वहां लगाया जाएगा। साथ ही, विधायक ने यह भी घोषणा की कि हजारीबाग के प्रमुख स्थल, पैगोडा चौक का नाम अब शाहिद करमजीत सिंह चौक' रखा जाएगा।

# जेके इंटरनेशनल 244 रनों से जीता



**नवीन मेल संवाददाता। रांची** लिटिल विंग्स स्कूल 'बी' डिवीजन क्रिकेट ओटीसी ग्राउंड में अरगोड़ा ऑरेंज बनाम जेके इंटरनेशनल के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेके इंटरनेशनल की टीम ने 35 ओवर में दो विकेट पर 336 रन बनाया। आलोक शर्मा ने 125 रन, सनी ने 123 रन, निखिल रंजन ने 24 रन व मनीष कुमार ने 21 रन बनाया। प्रणव सोनी ने 86 रन देकर 1 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी अरगोड़ा ऑरेंज ने 26.1 ओवर में 10 विकेट पर 92 रन बनाया। अक्षत तिवारी ने 18 रन, शिवम सिन्हा ने 17 रन व दानिश रजा ने 12 रन रन बनाया। यश राज ने 05 रन देकर 4 विकेट, आलोक शर्मा ने 16 रन देकर 3 विकेट विकेट व निखिल रंजन ने 23 रन रन देकर 2 विकेट लिया। जेके इंटरनेशनल ने 244 रन से जीता।

### ड्रीम बिग सीए ने 6 विकेट से जीत दर्ज की

**रांची।** सरला देवी बिरला अंडर-14 क्रिकेट टूर्नामेंट नेहरू स्टेडियम में ड्रीम बिग सीए बनाम जेएपी - 1 के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी जेएपी-1 की टीम ने 30 ओवर में सात विकेट पर 131 रन बनाया। अयान अली ने 38 व प्रतीक ने 12 रन बनाया। वहीं वंश ने 17रन देकर 2 विकेट व अभिनव ने 14 रन देकर 2 विकेट लिया। जवाबी पारी खेलने उतरी ड्रीम बिग सीए ने 22.3 ओवर में चार विकेट पर 132 रन बनाया। समीर ने 30 रन व तेजश ने 23रन बनाया। शुभम ने 20 रन देकर 3 विकेट व अयान अली ने 28 रन देकर 1 विकेट लिया।

# 1100 कलशों के साथ निकली भव्य कलश यात्रा ,भक्तों की उमड़ी भीड़



**नवीन मेल संवाददाता। बेंगाबाद** बेंगाबाद प्रखंड क्षेत्र के मानजोरी में सोमवार से विश्व कल्याणार्थ रूद्र महायज्ञ का शुभारंभ हुआ. ओर आज भव्य ओर विशाल रूप से कलश यात्रा निकाली गई जो मानजोरी यज्ञ स्थल से बहादुरपुर, हाड़ोडीह, चमगडा बरियारपुर होते हुए खंडोली डेम तक कलश यात्रा गई ओर महायज्ञ की शुरूआत के पहले दिन बैंड बाजों के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई. जिसमें सभी भक्तों ने बढ़ चढ़ के हिस्सा लिया बताया गया कि कलश लिए युवतियों की लंबी कतार लगी हुई थी और साथ साथ भक्तगणों की टोली थी जो कि करीब 5 से 6 किलोमीटर लंबा पूरा भक्तों से भरा था और पूरे यात्रा में भगवा झंडा लहरा रहा था मानो की पूरा क्षेत्र भगवमय था 1100 कलशों के साथ यात्रा स्थानीय प्रसिद्ध पर्यटन स्थल खंडोली होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पर जाकर समाप्त हुई।

### महायज्ञ के लिए सजा आयोजन स्थल

इस महायज्ञ को लेकर पूरी यज्ञ स्थल को स्वर्ग जैसा सजाया गया है बहुत ही आकर्षक ढंग से कलाकृतियों से सजाया गया है ओर सभी देवी देवताओं की प्रतिमा से सुसज्जित किया गया है साथ ही रात्रि में कथा का आनंद लेने वाले भक्तों के लिए बहुत ही बड़ा पंडाल बनाया गया है जिसमें भक्त बैठकर यज्ञ के आयोजन में आए विद्वान कथा वाचकों द्वारा किए गए कथा का श्रवण कर सके।आसपास के सभी गांव तक लाइट ,साउंड,सजावट आदि की गई है ।

### जगह-जगह पुष्प वर्षा से स्वागत

मानजोरी में पहली बार होने जा रहे महायज्ञ को लेकर लोगों में खासा उत्साह देखा जा रहा है. कलश यात्रा में सर्व समाज की महिलाएं व युवतियां शामिल रहीं. रामगढ़ के मशहूर बैंड-बाजों के साथ जैसे ही कलश यात्रा बाबा वंशा महादेव मंदिर से प्रारंभ हुई लोगों द्वारा जगह-जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया. गांव में लोगों के द्वारा शरबत, पानी की प्याऊ लगाई गई. वहीं कई जगहों पर पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का स्वागत किया गया. कलश यात्रा मार्ग में जगह जगह पानी की बोतलें व्यवस्था की गई थी और बाहर से आए कलाकारों द्वारा रंगोलियों से मार्ग को भी सजाया गया था।

### गांव में बह रही आस्था की बयार

विश्व कल्याणार्थ रूद्र महायज्ञ होने पर लोगों में भक्ति की एक अलग ही झलक देखने को मिल रही है सभी लोग बाबा वंशा महादेव के प्रांगण में 11 दिवसीय यज्ञ को लेकर दिन रात विभिन्न प्रकार के कार्यों में लगे हुए हैं ओर हर जगह भक्ति की झलक देखने को मिल रही है।

# अज्ञात वाहन के चपेट में आकर बिजली मित्र की मौत

**डुमरी।** निमियाघाट थाना क्षेत्र के एनएच-19 हेठनगर के समीप रविवार की रात्रि एक अज्ञात वाहन के चपेट में आकर सड़क पार कर रहे एक बाइक चालक सह रोशनाटुंडा निवासी बिजली मित्र युसुफ अंसारी (पिता इब्राहिम अंसारी) की मौत गई।पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर थाना ले गयी।वहीं आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर शव को पोस्टमार्टम हेतु सोमवार को गिरिडीह भेज दिया।बताया जाता है कि मृतक बाइक से इसरी बाजार से हेठनगर जा रहा था तभी सड़क पार करने के दौरान पहले एक अज्ञात वाहन ने टक्कर मारी जिससे वह सड़क पर ही गिर गया तभी पीछे से आ रही तेज रफ्तार से आ रही किसी अज्ञात वाहन ने घायल के ऊपर गाड़ी चढ़ा दी।जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई है।घटना के बाद से परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

### ओरमांझी सीए ने 85 रन से जीत दर्ज की

**रांची।** लिटिल विंग्स स्कूल बी डिवीजन क्रिकेट टूर्नामेंट प्रभात तारा ग्राउंड में ओरमांझी सीए बनाम एसओसी के बीच खेला गया। पहले बल्लेबाजी करने उतरी ओरमांझी सीआई की टीम ने 30 ओवर में पांच विकेट पर 192 रन बनाया। विशाल ने 64, शनि ने 49, प्रतियुष ने 30 रन बनाया। वहीं सूर्य ने 2 विकेट लेकर 34 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी एसओसी की टीम ने 25.4 ओवर में 10 विकेट पर 107 रन बनाया। अमन ने 36 रन बनाया जबकि प्रतियुष ने 4 विकेट लेकर 26 रन व भुनेश्वर ने 3 विकेट लेकर 12 रन दिया। ओरमांझी सीए ने 85 रन से जीत दर्ज की।

### डीएवी हेहल 209 रन से जीता



**रांची।** वेंचर स्किल अंडर 16 क्रिकेट टूर्नामेंट सखा ग्राउंड में डीएवी हेहल बनाम कैम्ब्रियन स्कूल रातू के बीच खेला गया। डीएवी हेहल ने 28 ओवर में आठ विकेट पर 321 रन बनाया। अभिषेक ने 107 रन व राज मुंडा ने 41 रन बनाया। अयुज बर्मन ने 3 विकेट लेकर 49 रन व अमन राज ने 2 विकेट लेकर 42 रन दिया। जवाबी पारी खेलने उतरी कैम्ब्रिन स्कूल रातू ने 18.5 ओवर में 10 ओवर में 112 रन बनाया। अंशु राज ने सर्वाधिक 30 रन बनाया। समीर कुमार ने 4 विकेट लेकर 19 रन व प्रिंस कुमार ने 4 विकेट लेकर 37 रन दिया। डीएवी हेहल 209 रन से जीता।

### उपायुक्त ने कार्यालय का किया निरीक्षण, दिए दिशा-निर्देश



**गिरिडीह।** समाहरणालय स्थित जिला भू-अर्जन शाखा का उपायुक्त नमन प्रियेश लकड़ा ने कार्यालय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने भू-अर्जन विभाग द्वारा संचालित विभिन्न विकासात्मक योजनाओं की जानकारी प्राप्त की तथा सभी संचालित योजनाओं में प्रगति सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही सभी संबंधित कर्मियों को कार्यालय स-समय आने का निर्देश दिया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने विभिन्न योजनाओं से संबंधित प्रतिवेदन की जांच की तथा आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा उन्होंने जिला भू-अर्जन पदाधिकारी से योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की तथा संबंधित विभाग में लंबित मामलों को जल्द से जल्द निपटारा करने का निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने सभी संबंधित विभागों को समन्वय बनाकर कार्य करने का निर्देश दिया गया ताकि योजनाओं के क्रियान्वयन में गति लाया जा सकें। मौके पर उप विकास आयुक्त, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी, जिला कोषागार पदाधिकारी, प्रधान लिपिक, भू अर्जन शाखा समेत अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मी उपस्थित थे।

### दुष्कर्म का फरार आरोपी गिरफ्तार, गया न्यायिक हिरासत में



**गांडेय,गिरिडीह।** अहिल्यापुर थाना पुलिस ने सोमवार को नारायणपुर थाना क्षेत्र के जेरुवा निवासी अहमद अंसारी के पुत्र कलाम अंसारी को कांड संख्या 64/25 के तहत धारा 64/352 इ ठ र मामला दर्ज किया गया था। अहिल्यापुर थाने क्षेत्र के युवती के साथ दुष्कर्म किया गया था पुलिस मामले में करवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार किया गया। थाना प्रभारी गुलाम गौस्सा हुसम्मी ने बताया कि मामला दर्ज होने के बाद आरोपी कलाम अंसारी फरार चल रहा था पुलिस द्वारा छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया और न्यायिक हिरासत में लेते हुए सोमवार को जेल भेज दिया गया।

### बकाया पैसा मांगने पर मारपीट करने का आरोप



**गावां, गिरिडीह।** गावां थाना क्षेत्र के कुरची में बकाया पैसा मांगने पर मारपीट करने का मामला सामने आया है। यहां कुरची निवासी रीता देवी पति रविन्द्र यादव (35 वर्ष) ने बताया कि वह सोमवार की सुबह जंगल से पत्ता तोड़ने के बाद घर पहुंची और अपने गोतिया ससुर हरि महतो से पति का बकाया पैसा मांगने लगी। इसपर दोनों में विवाद हो गया। इसी बीच अचानक गोतिया ससुर हरि महतो ने हंसुली से सर पर वार कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गई। बाद में बेहोशी के हालात में उसे अस्पताल लाया गया जहां बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

# पंचायत समिति की बैठक में दाखिल खारिज का मामला छाया रहा



**नवीन मेल संवाददाता। गांडेय** गांडेय प्रखंड परिसर के सभाकक्ष में सोमवार को प्रमुख राजकुमार पाठक की अध्यक्षता में पंचायत समिति की मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में अंचल, प्रखंड, आपूर्ति, समाज कल्याण, शिक्षा , बिजली विभाग अबुआ आवास, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं पेयजल विभाग सहित अन्य विभागों के विकासात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। संबंधित विभाग के पदाधिकारियों ने विभाग के द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी उपस्थित सदस्यों को दिया। पंचायत समिति की पिछले बैठक में लिए गए प्रस्तावों की भी चर्चा की गई। सोमवार को आयोजित पंचायत समिति की बैठक में अंबुआ आवास, बाल विकास परियोजना ,शिक्षा विभाग ,सहित अंचल कार्यालय में लाबित दाखिल खारिज का मुद्दा छाया रहा। पंसस पवन अग्रवाल ने बक्शता जमीन का रशीद निर्गत ना होने का मामला सदन में उठाया। पसस भोला मंडल ने प्रखंड परिसर में पिछले दिनों फर्जी छात्र को साइकल वितरण का मामला उठाया इस मामले में शिक्षा विभाग के बी ई ई ओ श्रद्धा कुमारी ने बताया कि इस मामले में उत्क्रमित उर्दू मध्य विद्यालय के शिक्षक जाकिर अंसारी को शो कोज किया गया है।मुखिया अकबर अंसारी ने प्रखंड में अधूरे आंगनबाड़ी केंद्र का मामला उठाते हुये त्वरित कार्रवाई करने की बात कही। बैठक में कई पंसस ने कहा कि आंगनबाड़ी केन्द्र में साम्रगी आपूर्ति में अनियमितता बरती जाती है । जबकि कई आंगनबाड़ी केन्द्र प्रतिदिन नहीं खुलते हैं। बैठक में मामले की जांच कर उचित कार्रवाई करने का प्रस्ताव लिया गया। बैठक में ताराटांड़ में बंद पड़े जलापूर्ति योजना और अहिल्यापुर मोड़ स्थित हटिया के पास जमीन अतिक्रमण का भी मुद्दा उठाया गया। बैठक में अयोग्य लाभुकों को अबुआ आवास योजना का लाभ देने का भी मुद्दा उठाया गया। प्रमुख ने कहा कि बैठक में उठे सभी विभागों की समस्यायों को संबंधित विभाग के पदाधिकारी गंभीरता से ले और विकास कार्यों में तेजी लाए।

### मार्ग से भटक गई है युवा पीढ़ी : हिरण्मय गोस्वामी

**धनबाद।** गोविंदपुर के कुलडंगाल देवली में श्रीमद्भागवत कथा का आयोजन किया गया है. वृंदावन से पधारे भागवत मर्मज्ञ हिरण्मय गोस्वामी लोगों को श्रीमद्भागवत कथा का रसपान करा रहे हैं. सोमवार को कथा सुनाने के क्रम में उन्होंने कहा कि आज की युवा पीढ़ी राह से भटक रही है. पढ़ाई से ध्यान हटकर उनका ध्यान नशा पान में लग गया है. इससे युवाओं का नैतिक पतन होता जा रहा है. सामाजिक सरोकारों से वे दूर होते जा रहे हैं. उन्होंने कहा कि देश के विकास में युवाओं की बड़ी भूमिका है, लेकिन आज के युवा बेपटरी हो रहे हैं. ज्यादातर समय वे मोबाइल पर व्यस्त रहते हैं. पुस्तक नहीं पढ़ना चाहते. उन्होंने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा के माध्यम से इन युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ा जा सकता है. उनका चरित्र निर्माण हो सकता है. इसके लिए युवाओं को भागवत कथा सुननी होगी. युवाओं को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए वह पिछले कई वर्षों से अभियान में जुटे हुए हैं. जहां भी भागवत कथा कहते हैं, वहां के युवकों में संस्कार देने का प्रयास करते हैं.

### जादूगोड़ा : यूसील में स्वच्छता सप्ताह, ग्रामीणों को दिलाई गई शपथ

**जादूगोड़।** यूसील के तुमलापल्ली यूरेनियम प्रोजेक्ट में कंपनी प्रबंधन की ओर से स्वच्छता सप्ताह की शुरूआत की गई. कंपनी के अधिकारियों ने समीप के गांव में झाड़ू लगाकर स्वच्छता अभियान की शुरूआत की. इस मौके पर ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने की शपथ दिलाई गई. यूसील के जीएम सुमन सरकार ने इस पुनीत कार्य लोगों की सामूहिक भागीदारी पर जोर दिया. कहा कि स्वच्छता हर किसी की जिम्मेदारी है. उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता बनाए रखने और स्वच्छ वातावरण सुनिश्चित करने के महत्व के बारे में जागरूक किया. कार्यक्रम के दौरान यूसील के अधिकारियों व ग्रामीणों ने स्वच्छता बनाए रखने का संकल्प लिया. अभियान के दौरान सड़कों और आसपास के क्षेत्रों के साथ-साथ मब्बुचिंतला पल्ली धारा की सफाई की गई. जीएम सुमन सरकार ने लोगों से अपने आसपास के क्षेत्र को साफ-सुथरा बनाए रहने की अपील की. यह अभियान 28 फरवरी तक चलेगा.

### प्राथमिक विद्यालय का बंद ताला खुला

# मध्याह्न भोजन के बदले बच्चों के बीच चावल व पैसा वितरण का दिया आदेश

**नवीन मेल संवाददाता। तिसरी** तिसरी प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय लेवडिया में ग्रामीणों द्वारा जडा ताला अब खुल गया है। विभाग के आदेश पर सोमवार से शिक्षकों ने पठन-पाठन का कार्य शुरू कर दिया है। दरअसल लेवडिया गांव के ग्रामीणों ने विद्यालय में कार्यरत दोनों शिक्षकों की कार्यशैली से परेशान होकर विद्यालय में ताला जड दिया था। ग्रामीणों का आरोप था कि शिक्षक बच्चों को पढाते नहीं है। मामले की जानकारी पर प्रखंड 20 सूत्री अध्यक्ष मो. मुन्नीबुद्दीन और झामुमो प्रखंड अध्यक्ष रिंकू बर्णवाल ने 10 फरवरी को विद्यालय का निरिक्षण किया था। निरीक्षण के क्रम विद्यालय बंद पाया गया था वहीं ग्रामीणों ने दोनों शिक्षकों पर बच्चों को ना पढाने का आरोप लगाया था। इस मामले को लेकर दोनों नेताओं ने प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी से बातचीत भी की थी। वहीं इस खबर को अखबार में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसके बाद विभाग ने इस पर संज्ञान लेते हुए जांच करवाया और 17 फरवरी को प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी तिसरी के कार्यालय से आदेश जारी किया। इसमें 24 घंटे के भीतर विद्यालय के बच्चों के बीच बंद अवधि के प्रतिपूर्ति भत्ता चावल और राशि वितरण करने का आदेश दिया है। वितरण नहीं होने तक दोनों शिक्षकों का मानदेय स्थगित रखने की बात कही गई है। इस दौरान 7 दिनों तक मध्याह्न भोजन बंद रखने के लिए प्रतेक बच्चे को 700 ग्राम चावल और 47 रुपए 33 पैसे वितरण करने का आदेश दिया गया है। खैर विभाग ने 7 दिनों से बंद मध्याह्न भोजन का हिसाब लगाकर बच्चों के बीच वितरण करने का आदेश तो दे दिया लेकिन 7 दिनों से बंद रही पढाई का हिसाब नहीं लगा पाए।


सूचना एवं जनसम्पर्क निदेशालय
झारखण्ड सरकार
Ref. No. -224 Date :17-02-2025
सूचना

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग झारखण्ड के विभिन्न जिलों में स्थित CSC केन्द्रों में स्थित LED के माध्यम से सरकार के योजनाओं का प्रचार–प्रसार करने संबंधित दर निर्धारण एवं एजेंसी को सूचीबद्ध करने के लिए Tender ID 2024_IPRD_91947_1 तथा PR संख्या 334483 के द्वारा ऑनलाईन माध्यम से ई–निविदा आमंत्रित की गई थी, जिसमें एकल निविदा प्राप्त होने के कारण निविदा को रद्द किया जाता है।

sd/–
निदेशक

PR 346634 IPRD(24-25)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, रामगढ़

अतिअल्पकालीन निंविदा आंमत्रण सूचना सं0–26/2024–25

1. विज्ञापनदाता का नाम एवं पदनाम : कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल रामगढ़।
2. परिमाण विपत्र निर्गत की तिथि एवं समय : दिनांक 24/02/2025 को अपराह्न 1:00 बजे तक ।
3. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय : दिनांक 25/02/2025 को अपराह्न 3:00 बजे तक।
4. निविदा खोलने की तिथि एवं समय : दिनांक 25/02/2025 को अपराह्न 3:30 बजे।
5. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान : (1) अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल हजारीबाग, (2) कार्यपालक अभियंता भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमंडल, रामगढ।
6. निविदा प्राप्ति का स्थान : कण्डिका 5, में वर्णित (2)
7. कार्यो का विवरण :–

| क्र0 स0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मुल्य | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पंचायत तालाटांड अन्तर्गत पतरातू डैम के किनारे स्थित तालाटांड में पीटीपीएस युवा कल्याण समिति पतरातू के छठ घाट के किनारे सुलभ शौचालय का निर्माण। | 17,79,500/- | 36,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 2 | पंचायत पतरातू अन्तर्गत पीटीपीएस पतरातू डैम स्थित सरोवर विहार के बाहर पार्किंग क्षेत्र के दुसरी तरफ सुलभ शौचालय का निर्माण। | 17,79,500/- | 36,000/- | 5,000/- | 3 माह |
| 3 | पतरातू डैम के किनारे स्थित कब्रिस्तान के पास कठुआ कोचा घाट पर शौचालय का निर्माण। | 17,79,500/- | 36,000/- | 5,000/- | 3 माह |

* निविदा की शर्तें एवं अन्य सूचनाएँ www.jharkhandtenders.gov.in पर भी देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता
भवन प्रमंडल ,रामगढ़

PR 346607 Building(24-25).D

मैं चैतन्य के विमान में उड़ान भरता हूँ, ऊपर, नीचे, बाएं, दाएं, अंदर में, बाहर, सभी तरफ, और देखता हूँ कि अपने अंतरिक्ष-घर के प्रत्येक कोने में मैं सदा ही अपने परमपिता के पवित्र सान्निध्य में रहा हूँ। - **श्री श्री परमहंस योगानंद**

## संपादकीय

# भारत अस्तित्व वाला शक्तिशाली देश

अपनी अमेरिकी यात्रा में पीएम नरेंद्र मोदी ने एक सवाल का जवाब देते हुए यह साफ कर दिया है कि "रूस-यूक्रेन जंग पर भारत न्यूट्रल यानी तटस्थ नहीं है। भारत शांति का पक्षधर है।" इजरायल-फिलिस्तीन युद्ध के दौरान भी भारत का कुल मिलाकर यही नजरिया रहा है। चाहे चीन-ताइवान युद्ध की अटकलें हों या ईरान-इजरायल युद्ध की संभावनाएं, अफगानिस्तान सरकार का तालिबान के हाथों पतन हो या तुर्की के इशारे पर सीरिया की सरकार का पतन, भारत ने कभी हस्तक्षेप नहीं किया। वह हमेशा यही कहता रहा कि हम वसुधैव कुटुंबकम के पक्षधर हैं। पीएम मोदी भी लगातार कहते रहे हैं कि यह युद्ध नहीं, बुद्ध का समय है। दुनिया को यह भी पता है कि पाकिस्तान और बांग्लादेश जैसे अमन-चैन के दुश्मनों से घिरा भारत यदि उनकी बड़ी-बड़ी कायराना व हिंदू या भारत विरोधी गतिविधियों पर सीधी कार्रवाई से यदि बचता आया है तो सिर्फ इसलिए कि वह युद्ध नहीं बल्कि शांति चाहता है। इन देशों का जन्म भी क्रमशः भारत और पाकिस्तान के विभाजन से हुआ है। पाकिस्तान ने आजादी हासिल करते ही कश्मीर के सवाल पर भारत से छद्म लड़ाई छेड़ दी,1965 और 71 में सीधी लड़ाई लड़कर बुरी तरह से मात खाई। 1999 में कारगिल में भी दुर्गति हुई। 1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को उकसाता रहा है। हालांकि, आजादी के बाद पाकिस्तान की और पाकिस्तान से आजादी हासिल करने के दौरान बंगलादेश की भारत ने दिल खोलकर मदद की, लेकिन दोनों देश भारत से सांप्रदायिक नफरत रखते हैं और विदेशी ताकतों की कठपुतली हैं। वह इन दोनों देशों में निरंतर ब्रेक के बाद जारी हिंदुओं के दमन-उत्पीड़न और हत्याओं के बावजूद इन्हें छोड़ता आया है। नेपाल, म्यांमार, श्रीलंका, मालदीव आदि जैसे मौकापरस्त पड़ोसी देशों से जुड़े घटनाक्रमों पर गौर करेंगे तो भारतीय धैर्य की दाद देनी पड़ेगी। यदि उनके हितों का सवाल नहीं हो तो भारत ने कभी सैन्य हस्तक्षेप इन देशों के खिलाफ नहीं किया। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अमेरिका, रूस, चीन आदि के मामलों में भी न तो किसी का पक्ष लिया, न किसी का विरोध किया। इन बातों का सीधा संदेश है कि जो शांति का दुश्मन है, वो भारत का दुश्मन है। 'आतंकवाद' और उसको प्रोत्साहित करने वाले 'देश' या उनका गुट भी भारत के दुश्मन हैं। पूरी दुनिया में हथियारों की होड़ पैदा करके एक दूसरे पर कोहराम मचाने वाले देश या उनके संरक्षक भी भारत के दुश्मन हैं।पर अब भारत हथियारों की होड़ में शामिल हो चुका है, क्योंकि लोहा को लोहा ही काटता है। भारत का बढ़ता रक्षा कारोबार भी यही बताता है। ट्रंप के नेतृत्व में अमेरिका भले ही 'चंद्रायण व्रत' करने का संकेत लगातार दे रहा है, लेकिन मौजूदा वैश्विक परिस्थितियों के लिए कहीं न कहीं उसकी नीतियां ही जिम्मेदार रही हैं। हालांकि, भारत से मित्रता के चलते अब उसका भी स्वभाव बदल रहा है। जबकि चीन ऐसा करने को राजी नहीं है। अपनी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षावश चीन जो तिकड़म कर रहा है, देर-सबेर उस पर ही भारी पड़ेंगी। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर रूस ने अब तक जो कुछ भी किया है, वह अमेरिकी रणनीतियों से अपने बचाव में किया है या फिर उसे संतुलित रखने के लिए किया है। जबकि चीन जो कुछ भी कर रहा है, वह उसकी साम्राज्यवादी महत्वाकांक्षा है।

*1962 में भारत के खिलाफ युद्ध लड़ चुका चीन इन दोनों देशों को उकसाता रहा है।*

# भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा उद्योग के लिए एक महत्वपूर्ण मंच

भारतीय कपड़ा उद्योग हमेशा से देश की अर्थव्यवस्था, परंपरा, संस्कृति और विरासत की आधारशिला रहा है। यह कृषि के बाद सबसे ज़्यादा रोज़गार सृजन करने वाले क्षेत्रों में से एक है और भारत के सकल घरेलू उत्पाद और निर्यात में इसका महत्वपूर्ण योगदान है, लेकिन पिछले कुछ वर्षों में विशेष तौर पर वैश्विक बाज़ार में, कई कारणों से इसने अपनी क्षमता के अनुरूप प्रदर्शन नहीं किया। खासतौर पर भारतीय परिधान उद्योग, जो कपड़ा मूल्य श्रृंखला का सबसे महत्वपूर्ण घटक है, ने अनुभव किया कि वह महत्वपूर्ण बाज़ारों में टैरिफ़ लाभ लेने वाले कुछ कम विकसित और अल्प-विकसित देशों के समक्ष लागत प्रतिस्पर्धा की दौड़ में पिछड़ गया और इस तरह अपनी वास्तविक क्षमता के अनुरूप प्रगति नहीं कर पाया। इस बात को ध्यान में रखते हुए वैश्विक आयात पैटर्न के साथ उत्पाद की पेशकश को फिर से जोड़ने के लिए संपूर्ण पुनर्गठन और शीघ्र क्षमता वृद्धि की आवश्यकता थी।



सरकार की पीएलआई और पीएममित्र पहलों द्वारा इसका काफी हद तक समाधान निकाला गया। आत्मविश्वास से परिपूर्ण उभरता भारत अपनी पूरी क्षमता के साथ आगे बढ़ने और पूरी ताकत झोंकने के लिए तैयार था। इसी दृष्टिकोण ने 2024 में भारत टेक्स के विचार को जन्म दिया।

बहुत ही कम समय में भारत टेक्स एक परिवर्तनकारी मंच के रूप में सामने आया और वह नवाचार, सहयोग तथा वैश्विक पहुंच को बढ़ावा दे रहा है। इस प्रमुख आयोजन का दूसरा संस्करण भारत टेक्स 2025 इस विरासत को जारी रखने और भारत के कपड़ा क्षेत्र को नई ऊंचाइयों पर ले जाने के लिए तैयार है। फरवरी 2024 में आयोजित पहले भारत टेक्स की शानदार सफलता के साथ आगामी संस्करण अधिक व्यापक, बेहतर और ज्यादा प्रभावशाली होने का वादा करता है। आइए, जानें कि भारत टेक्स 2025 भारत के कपड़ा उद्योग के लिए कितना महत्वपूर्ण है। भारत टेक्स 2025 अत्याधुनिक तकनीकों, व्यावसायिक अवसरों और रणनीतिक साझेदारियों को सामने लाने के लिए तैयार है।

आज की बात



**मिथिलेश्वर ठाकुर**
महासचिव, परिधान निर्यात संवर्धन परिषद (एईपीसी) इफको व गुजकोमासोल, पूर्व सहकारिता मंत्री, गुजरात

यह दुनिया भर के हितधारकों के लिए एक समन्वय केन्द्र के रूप में काम करेगा। भारत और विदेश के निर्माता, निर्यातक, डिज़ाइनर और नीति निर्माता विचारों का आदान-प्रदान करने और सहयोग को बढ़ावा देने के लिए एक साथ मिलकर कार्य करेंगे। पारंपरिक हथकरघा से लेकर उन्नत तकनीकी वस्त्रों तक भारत की विविध वस्त्र पेशकशों को प्रदर्शित करने के लिए यह सबसे उपयुक्त मंच होगा।

उच्च-स्तरीय अंतर्राष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडलों की उपस्थिति वैश्विक कपड़ा बाजार में एक विश्वसनीय, स्थिर और भरोसेमंद भागीदार के रूप में भारत की स्थिति को और मजबूत करेगी। इस आयोजन के दौरान किए गए समझौता ज्ञापन और रणनीतिक साझेदारी इस क्षेत्र में विदेशी निवेश, संयुक्त उपक्रम और प्रौद्योगिकी हस्तांतरण में वृद्धि का मार्ग प्रशस्त करेगी। स्थायित्व, वैश्विक कपड़ा उद्योग में एक केंद्रीय विषय बन चुका है और भारत टेक्स 2025 पर्यावरण के अनुकूल कार्य प्रणालियों को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है। कस्तूरी कॉटन ब्रांड घरेलू जैविक कपास को बढ़ावा दे रहा है और यह भारत की दीर्घकालिक फाइबर खोज में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है तथा अपने पूरे वैभव और उत्साह के साथ इसको प्रदर्शित किया जाएगा। इस कार्यक्रम में जैविक कपड़े, पुनर्चक्रित सामग्री और ऊर्जा-कुशल उत्पादन तकनीकों सहित स्थायी नवाचारों को भी प्रदर्शित किया जाएगा। भारत टेक्स में हरित और भारत की डीकार्बोनाइजेशन एवं शुद्ध शून्य उत्सर्जन पर राष्ट्रीय रणनीति निकटता से जुड़ी हुई है। जैसे-जैसे भारत उन्नत और आवश्यक वस्त्रों में अपने नेतृत्व को आगे बढ़ा रहा है, सतत मंडप व्यवसायों को उनके संचालन और आपूर्ति श्रृंखलाओं में निरंतरता को एकीकृत करने के लिए एक प्रारूप प्रदान किया जा रहा है।

कार्यक्रम के दौरान ज्ञान सत्र नीति समर्थन के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेंगे, जो उद्योग प्रमुखों और नीति निर्माताओं को महत्वपूर्ण मुद्दों और विचारों पर चर्चा करने के लिए एक साथ लाएंगे।

इस दौरान वैश्विक अनुपालन की उभरती जटिल वास्तुकला और लक्षित मार्ग दिखाने के तरीकों और साधनों पर भी विचार-विमर्श होगा। इन चर्चाओं के मुख्य निष्कर्ष भविष्य की नीति रूपरेखाओं को प्रभावित करेंगे, जिससे लंबे समय में कपड़ा उद्योग को लाभ होगा। भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्माताओं को न केवल नवीनतम वैश्विक रुझानों से अवगत होने के लिए प्रोत्साहित करेगा, बल्कि उन्हें दूसरों से आगे रहने में भी सहायता प्रदान करेगा।

जैसे-जैसे कपड़ा उद्योग 4.0 को अपना रहा है, भारत टेक्स अत्याधुनिक मशीनरी, स्मार्ट विनिर्माण समाधान और डिजिटल उपकरणों के प्रदर्शन के माध्यम से वस्त्रों के भविष्य को आकार देने में प्रौद्योगिकी की भूमिका को उजागर करेगा। फैशन पूर्वानुमान के लिए कृत्रिम बुद्धिमत्ता और आपूर्ति श्रृंखला प्रबंधन के लिए ब्लॉकचेन तकनीक के अलावा अन्य मुख्य आकर्षण होंगे।

भारत टेक्स 2025 भारतीय कपड़ा निर्यातकों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और खुदरा विक्रेताओं से जुड़ने के लिए एक अद्वितीय मंच प्रदान करेगा। समर्पित बी2बी मैचमेकिंग सत्र और निर्यात-केंद्रित सेमिनार निर्यातकों को अपने उत्पादों को वैश्विक दर्शकों के सामने प्रदर्शित करने, गैर-पारंपरिक बाजारों के लिए दरवाजे खोलने और वर्तमान बाजारों का विस्तार करने में सक्षम बनाएंगे। भारत टेक्स 2025 सबसे उपयुक्त रूप से "मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड" और "वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल" के विचार को आत्मसात करते हुए "आत्मनिर्भर भारत" की सच्ची भावना को प्रदर्शित करता है। भविष्य में भारत 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने के प्रति आशान्वित है, इसलिए कपड़ा क्षेत्र इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। भारत टेक्स 2025, अपने व्यापक एजेंडे और दृष्टिकोण के साथ, इस परिवर्तन का उत्प्रेरक साक्षी बनने और भारत को एक वैश्विक कपड़ा महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए तैयार है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

# मंदिरों एवं धर्म-स्थलों में वीआईपी संस्कृति समाप्त हो

मंदिरों, धर्मस्थलों एवं धार्मिक आयोजनों में वीआईपी संस्कृति एवं उससे जुड़े हादसों एवं त्रासद स्थितियों ने न केवल देश के आम आदमी के मन को आहत किया है, बल्कि भारत के समानता के सिद्धान्त की भी धज्जियां उड़ा दी है। मौनी अमावस्या महाकुंभ में भगदड़ के चलते तीस लोगों की मौत ने ऐसे मौकों पर कुछ विशेष लोगों को मिलने वाले वीआईपी सम्मान एवं सुविधा पर प्रश्नचिन्ह लगा दिया है। बात केवल महाकुंभ की नहीं है, बल्कि अनेक प्रतिष्ठित मन्दिरों में वीआईपी संस्कृति के चलते होने वाले हादसों एवं आम लोगों की मौत ने अनेक सवाले खड़े किये हैं। प्रश्न है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अपने पहले ही कार्यकाल के दौरान वीआईपी कल्चर को खत्म करते हुए लालबत्ती एवं ऐसी अनेक वीआईपी सुविधाओं को समाप्त कर दिया था तो मंदिरों एवं धार्मिक आयोजनों की वीआईवी संस्कृति को क्यों नहीं समाप्त किया? क्यों महाकुंभ में वीआईपी स्नान के लिये सरकार ने अलग से व्यवस्थाएं की। क्यों एक विधायक अपने पद का वैभव प्रदर्शित करते हुए महाकुंभ में कारों के बड़े काफिले के साथ घूमते एवं स्नान करते हुए, पुलिस-सुविधा का बेजा इस्तेमाल करते हुए एवं सेल्फी लेते हुए करोड़ लोगों की भीड़ का मजाक बनाते रहे? सवाल यह पूछा जा रहा है कि हिंदुओं के धार्मिक स्थलों और आयोजनों में क्यों भक्तों के बीच भेदभाव होता है? वीआईपी दर्शन की अवधारणा भक्ति एवं आस्था के खिलाफ है। यह एक असमानता का उदाहरण है, जो लोकतांत्रिक मूल्यों पर भी आघात करती है। महाकुंभ हो या मंदिर, धार्मिक आयोजन हो या कीर्तन-प्रवचन भगदड़ के कारण जो दर्दनाक हादसे होते रहे हैं, जो असंख्य लोगों की मौत के साक्षी बने हैं, उसने वीआईपी कल्चर पर एक बार फिर से नये सिरे से बहस छेड़ दी है। सवाल उठ रहा है कि जब गुरुद्वारे में वीआईपी दर्शन नहीं, मस्जिद में वीआईपी नमाज नहीं, चर्च में वीआईपी प्रार्थना नहीं होती है तो सिर्फ हिन्दू मंदिरों में कुछ प्रमुख लोगों के लिए वीआईपी दर्शन क्यों जरूरी है? क्या इस पद्धति को खत्म नहीं किया जाना चाहिए, जो हिंदुओं में दूरिया का करण बनता है? योगी सरकार ने मौनी अमावस्या के दिन हुए हादसे से सबक लेते हुए भले ही वीआईपी सिस्टम पर रोक लगायी हो, लेकिन इस रोक के बावजूद महाकुंभ में वीआईवी संस्कृति बाद में भी पूरी तरह हावी रही है। महाकुंभ हो या प्रसिद्ध मन्दिर वीआईपी पास एवं दर्शन की व्यवस्था समाप्त क्यों नहीं होती? **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

आपकी बात



**ललित गर्ग**

# पुरुषार्थ से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त की जा सकती है

रामकृष्ण परमहंस की जयंती पर विशेष

स्वामी विवेकानंद ने गुरु रामकृष्ण परमहंस से एक बार पूछा, 'आपने ईश्वर को देखा है?' परमहंस ने जवाब दिया, 'हाँ, मैंने ईश्वर का दर्शन किया है, जैसे वे दूसरों को देखते हैं, बल्कि और भी स्पष्ट रूप से।' ऐसे थे गुरु रामकृष्ण परमहंस। उनका जन्म 18 फरवरी, 1836 को बंगाल के कामारपुर में हुआ था। माना जाता है कि उनके दिए हुए ज्ञान का ही स्वामी विवेकानंद ने विश्व भर में प्रचार-प्रसार किया था। परमहंस 23 साल की आयु में कोलकाता के रानी रासमणि मंदिर के पुरोहित पद पर आसीन हुए थे। वे जीवनभर माँ काली की पूजा-अर्चना में संलग्न रहे। मंदिर की सेवा में लीन, वे सादा जीवन, उच्च विचार रखते थे। उनका मानना था कि जब ईश्वर की कृपा हो जाए, तो दुनिया के दुख-दर्द नहीं रहते हैं। यदि हम ईश्वर से मिली हुई शक्ति का दुरुपयोग करेंगे, तो वह वापस अपनी शक्तियाँ छीन लेगा। पुरुषार्थ से ही ईश्वर की कृपा प्राप्त की जा सकती है।

अलग बात



**डॉ. लोकेश कुमार**

एक बार वे अपने परम भक्त मधुरदास विश्वास के साथ वृंदावन, वाराणसी और काशी विश्वेश्वर की यात्रा पर रेल से निकले। यात्रा के दौरान बिहार के वर्धमान गाँव में रुके। उस समय बिहार अकाल की भयंकर चपेट में था। अन्न और जल दोनों की कमी थी। जनता दुख और कष्टों से बेहाल थी। करुणामय रामकृष्ण परमहंस यह स्थिति देखकर व्यथित हो गए। उन्होंने अपने साथी मधुरदास से कहा, "देखो, भारत माँ की संतानें कैसी दीन और हीन भाव से ग्रस्त हैं। आप इन दरिद्रनारायण के भरपेट भोजन की व्यवस्था करो, तभी मैं यहाँ से आगे जाऊँगा। मैं इन्हें तड़पते-बिलखते नहीं छोड़ सकता।" यह कहने के साथ ही उनकी आँखों से आँसू बहने लगे। मधुरदास कोलकाता गए और उनके लिए भोजन व राशन की व्यवस्था की। उनके इस असीम प्रेम से उन लोगों के चेहरों पर मुस्कान की लहर दौड़ गई। इसके बाद ही परमहंस ने आगे की यात्रा पूरी की।



एक बार रामकृष्ण परमहंस ने अपने शिष्यों से कहा कि ईश्वर एक है, उस तक पहुँचने के मार्ग अलग-अलग हो सकते हैं। इसलिए हमें सभी धर्मों का सम्मान करना चाहिए, क्योंकि सभी धर्मों का लक्ष्य एक ही है - ईश्वर तक पहुँचना। भक्ति के तरीके अलग-अलग हो सकते हैं। यह सुनकर एक शिष्य ने कहा, "हम यह कैसे मान लें कि सभी रास्ते सत्य हैं?" इस पर उन्होंने शिष्य को समझाते हुए कहा, "किसी अनजाने घर की छत पर पहुँचना कठिन है। छत पर पहुँचने के लिए हम सीढ़ी, रस्सी या बांस का सहारा लेंगे। छत पर पहुँचने के बाद हमें पता चलेगा कि हम सबका लक्ष्य एक ही था, लेकिन पहुँचने के तरीके अलग-अलग थे। हमें भक्ति करते समय किसी एक मार्ग को दृढ़तापूर्वक अपनाना चाहिए और अलग-अलग रास्ते देखकर भटकना नहीं चाहिए, क्योंकि सबका अंतिम लक्ष्य एक ही है।"

परमहंस विवेकानंद को समझाया करते थे कि समाज की सेवा करना ही सबसे बड़ा धर्म है। चारों ओर भूख, रोग, अशिक्षा और अज्ञानता फैली हुई है। हिमालय में तपस्या करने से बेहतर है कि वे इन समस्याओं से जूझ रहे लोगों की मदद करें। स्वामी विवेकानंद ने कठोर तपस्या करने के स्थान पर समाज की सेवा को ही जीवन का लक्ष्य बना लिया। रामकृष्ण परमहंस का गुरु के बारे में मानना था कि संत बुरे व्यक्तियों में भी उनके अंदर की अच्छाइयों को ढूँढ़ निकालते हैं।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

## फेसबुक वॉल से




## एक्स से




## आज का दोहा

पागलपन की हद हुई, सब दौड़े उस ओर।
जिधर अग्निपथ था, मगर, धारा थी सिरमोर।।
**सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)**

## रचना भेजिए

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृप्या भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
**संपादक**

# भारत का लोकतंत्र : केवल व्यवस्था नहीं, आत्मसम्मान की पराकाष्ठा

लोकतंत्र: पश्चिमी बपौती नहीं, भारतीय विरासत

जब कोई विचार सत्ता के भय से मुक्त होकर जनमानस की आवाज़ बन जाता है और जब अधिकारों की परछाइयों में नहीं, बल्कि खुले आकाश तले स्वतंत्रता सांस लेती है, तब लोकतंत्र जन्म लेता है। यह मात्र एक शासन प्रणाली नहीं, बल्कि समाज की आत्मा और प्रत्येक नागरिक की बुलंद पुकार है। यह केवल राजनीतिक ढांचा नहीं, बल्कि स्वतंत्रता, समानता और जनभागीदारी की वह अमूल्य विरासत है, जो पीढ़ियों तक अपनी उज्ज्वल आभा बिखेरती रहती है। यह विचारों की वह प्रवाहमान नदी है, जो राष्ट्र की धमनियों में ऊर्जा का संचार करती है और समय की हर चुनौती को पार कर आगे बढ़ती है।

म्यूनिख सुरक्षा सम्मेलन में जब कुछ विशेषज्ञों ने लोकतंत्र के भविष्य पर संदेह जताया, तब भारतीय विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर ने अपने तर्कों और अडिग विश्वास से उन शंकाओं को ऐसा धारदार उत्तर दिया कि संपूर्ण वैश्विक मंच उनकी दृढ़ता को नमन करने पर विवश हो गया। उन्होंने लोकतंत्र को संकटग्रस्त बताने वालों की भ्रांति को तर्कों की कठोर चट्टान से चकनाचूर किया और भारत की लोकतांत्रिक शक्ति को एक जीवंत उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। उन्होंने आत्मविश्वास से कहा, "मैं अभी-अभी अपने राज्य के चुनाव में भाग लेकर आया हूँ। पिछले वर्ष हमारे देश में राष्ट्रीय चुनाव हुए, जहाँ दो-तिहाई मतदाताओं ने अपने लोकतांत्रिक अधिकार का प्रयोग किया।" इतना कहते हुए उन्होंने अपनी उंगली पर लगी मतदान की अमिट स्याही भी गर्वपूर्वक दिखाई। यह केवल एक प्रतीक नहीं था, बल्कि यह संदेश था कि लोकतंत्र भारत में केवल जीवित नहीं, बल्कि सशक्त और समृद्ध है। जयशंकर ने पश्चिमी देशों की उस संकीर्ण मानसिकता को चुनौती दी, जो लोकतंत्र को अपनी बपौती समझते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र कोई पश्चिम से आयातित विचारधारा नहीं, बल्कि भारतीय संस्कृति की आत्मा में युगों से प्रवाहित एक जीवंत परंपरा है। सहमति, संवाद और जनभागीदारी की जड़ें भारत में उन पश्चिमी देशों से कहीं अधिक गहरी और प्राचीन हैं, जो स्वयं को लोकतंत्र के संरक्षक मानते हैं। उन्होंने कहा, "यदि लोकतंत्र को वैश्विक स्तर पर फलने-फूलने देना है, तो पश्चिम को अपनी श्रेष्ठतावादी सोच त्यागनी होगी और भारत जैसे सशक्त लोकतांत्रिक मॉडलों को उचित मान्यता देनी होगी।" यह केवल एक वक्तव्य नहीं था, बल्कि एक स्पष्ट संदेश था कि लोकतंत्र पर आधिपत्य जताने वालों को वास्तविकता स्वीकारनी होगी। जब अमेरिकी सीनेटर एलिसा स्लॉटकिन ने व्यंग्यपूर्ण स्वर में कहा, "लोकतंत्र भोजन की व्यवस्था नहीं करता," तो जयशंकर ने एक त्वरित, लेकिन प्रभावशाली उत्तर दिया—"सीनेटर, आपने कहा कि लोकतंत्र भोजन की व्यवस्था नहीं करता। लेकिन मेरे देश में, यह करता है। हम 80 करोड़ लोगों को भोजन और पोषण सहायता देते हैं, और यह संभव हुआ है क्योंकि हम एक लोकतांत्रिक समाज हैं।" उनका यह जवाब महज एक तर्क नहीं, बल्कि लोकतंत्र की सामाजिक जिम्मेदारी और उसकी वास्तविक शक्ति का प्रमाण था। उन्होंने स्पष्ट किया कि लोकतंत्र केवल सत्ता परिवर्तन का औजार नहीं है, बल्कि नागरिकों की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति करने वाला एक उत्तरदायी और सशक्त तंत्र है। भारत का लोकतंत्र इसी सेवा-भावना का उदाहरण है, जहां जनता केवल चुनावों तक सीमित नहीं, बल्कि उसके अधिकार और कल्याण भी शासन की प्राथमिकता हैं।

भारत ने स्वतंत्रता प्राप्ति के बाद जिस मार्ग का चयन किया, वह मात्र एक राजनीतिक निर्णय नहीं था, बल्कि हमारी संस्कृति, परंपरा और सभ्यता की जड़ों से जुड़ा एक सशक्त संकल्प था। लोकतंत्र भारत के लिए कोई बाहरी विचार नहीं, बल्कि इसकी आत्मा में रचा-बसा एक सनातन सिद्धांत है, जिसका उद्गम पाश्चात्य चिंतन से कहीं अधिक प्राचीन है। सहमति, वाद-विवाद और जनसुनवाई की परंपरा हमारे समाज में ऋग्वैदिक काल से ही विद्यमान रही है। जयशंकर ने इसी ऐतिहासिक पृष्ठभूमि को आधार बनाते हुए स्पष्ट किया कि भारत ने लोकतंत्र को किसी के दबाव में नहीं अपनाया, बल्कि यह हमारी मिट्टी से उपजा विचार है, जिसे हमने अपने संघर्षों और संकल्पों से सींचा है।

"भारत को अपने लोकतंत्र की प्रमाणिकता के लिए किसी बाहरी मुहर की आवश्यकता नहीं"- जब जयशंकर के ओजस्वी शब्द गूंजे, तो यह केवल एक वक्तव्य नहीं, बल्कि एक आत्मनिर्भर राष्ट्र की दृढ़ प्रतिज्ञा थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि भारत अपनी संप्रभुता और लोकतांत्रिक मूल्यों के प्रति अडिग है और रहेगा। **(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

देश की बात



**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

स्वामी, पारिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा 502, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान, हरमू रोड, रांची से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाइं पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित। रजिस्ट्रेशन नंः BIHHIN/1999/155, प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल'*, समाचार संपादक : त्रिभुवन कुमार सिन्हा, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नंबर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल, मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बगान हरमू रोड, रांची-834001, फोन नंबर : 0651-3553943, ई-मेल : news.rnmail@gmail.com, article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर उपायुक्त ने किया रवाना

**सिमडेगा।** जिले के सभी उत्कृष्ट विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र- 2025-26 में कक्षा 6 से कक्षा 11 में रिक्त सीटों पर नामांकन हेतु उपायुक्त अजय कुमार सिंह ने जागरूकता प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी, सिमडेगा एवं जिला शिक्षा अधीक्षक, सिमडेगा एवं अन्य उपस्थित रहे। जिला मुख्यमंत्री उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा, मुख्यमंत्री बालिका उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा एवं केजीबीभी उत्कृष्ट विद्यालय, सिमडेगा को सीबीएसई से मान्यता प्राप्त है। उक्त तीनों विद्यालयों में नामांकन की अंतिम तिथि दिनांक 20.02.2025 तक है। इन तीनों उत्कृष्ट विद्यालयों में निः शुल्क एवं सभी आधुनिक तकनीक से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा दी जाती है। इस जागरूकता रथ के माध्यम से सुदूरवर्ती विद्यालयों में पढ़ने वाले बच्चों को एवं अभिभावकों तक जानकारी पहुंचाने का कार्य करेगी।

### राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु बैठक का हुआ आयोजन

# राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सभी विभागों का सहयोग आवश्यक : पीडीजे

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** झालसा के निर्देश पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार द्वारा आगामी आठ मार्च को आयोजित होने वाले राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु सोमवार को प्रधान जिला जज के प्रकोष्ठ में जिला प्रशासन और बैंक अधिकारियों की बैठक हुई। प्राधिकार के अध्यक्ष सह प्रधान जिला जज राजीव कुमार सिन्हा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक मामलों के निष्पादन करने हेतु विचार विमर्श किया गया। बैठक में सर्वप्रथम गत राष्ट्रीय लोक अदालत में सभी विभागों के सहयोग से पूरे राज्य में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए पीडीजे ने सभी विभाग के पदाधिकारियों को धन्यवाद दिया। बैठक में प्रधान जिला जज ने कहा कि राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने में सभी विभागों का सहयोग आवश्यक है। उन्होंने कहा कि सभी विभाग यह कोशिश करे कि लोक अदालत में अधिक से अधिक मामले आपसी समझौते के आधार पर निष्पादित किया जा सके। उन्होंने कहा कि यह एक अच्छा मौका है। प्राधिकार सचिव मरियम हेमरोम से कहा गया कि वे सभी विभाग और बैंकों से समन्वय बनाते हुए लोगों को प्राधिकार के जरिए नोटिस भिजवाएं ताकि लोग राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर अपने मामलों का निष्पादन करा सके। पीडीजे ने बैंक अधिकारियों से कहा कि बकायेदारों को रियायत देते हुए ऋण संबंधी मामलों का निष्पादन कराएं ताकि लोक अदालत की सार्थकता सिद्ध हो सके। बैठक में भाग ले रहे अधिकारियों से सहयोग करने की बात कही। इससे पूर्व आगंतुकों का स्वागत प्राधिकार की सचिव मरियम हेमरोम ने की। जिला भू अर्जन पदाधिकारी,जिला खनन पदाधिकारी, श्रम अधीक्षक, एकार्पालक अभियंता विद्युत,कार्यपालक अभियंता दूरसंचार और प्रबंधक बैंक ऑफ इंडिया के बैठक में हाजिर नहीं होने पर प्रधान जिला जज ने नाराजगी जाहिर की और और अधिकारियों के खिलाफ डीसी को पत्राचार करने का निर्देश प्राधिकार सचिव को दिया। बैठक में एडीजे नरंजन सिंहस्टेट बैंक,यूको बैंक,यूनियन बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधक सहित कई अधिकारी मौजूद थे।

## 25 दिवसीय लाभ चूड़ी प्रशिक्षण शिविर का हुआ उद्घाटन

### 20 महिलाएं ले रही हैं प्रशिक्षण का लाभ

नवीन मेल संवाददाता



**बानो।** बानो प्रखंड अंतर्गत ग्राम बांकी में मुख्यमंत्री लघु एवं कुटीर उद्यम विकास बोर्ड से कौशल उन्नयन योजना मद से 25 दिवसीय लाह चूड़ी प्रशिक्षण का शिवीर का उदघाटन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप मे जिला परिषद सदस्य विरजो कंडुलना उपस्थित थे। लाह चुड़ी प्रशिक्षण शिवीर का मुख्य अतिथि ने दीप प्रज्ज्वलित कर उद्घाटन किया। इस अवसर पर लोगो को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि स्वरोजगार से जुड़कर आर्थिक स्थिति को मजबूत बनाएं।लाह से कई उत्पाद बनाए जाते हैं।चूड़ी सहित विभिन्न उत्पादों की मांग बाजार में है।लाह चूड़ी प्रशिक्षण प्राप्त कर इसका लाभ लें।बानो क्षेत्र में लाह चूड़ी व्यवसाय के लिए परचूर मात्रा में उपलब्ध रहता है। यहां लाह की खेती अधिक संख्या में किया जाता है। चूड़ी उत्पादन के लिए कच्चा माल आसानी से मिल सकता है। आशीष कोनगाड़ी ने लाह चूड़ी प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से बताया तथा कहा की प्रशिक्षण के बाद दो वर्षों तक उत्पादन का करें विक्रय एजेंसी द्वारा कराया जाएगा। वहीं प्रखंड उद्यमी समन्वयक लक्ष्मण साहू ने महिला प्रशिक्षकों को गुणवत्ता पूर्ण प्रशिक्षण लेकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के बारे में जानकारी दिया। बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक ने बैंक आफ इंडिया से संबंधित सभी प्रकार की योजनाओं की जानकारी दी।साथ में महिलाओं को प्रशिक्षण के बारे में लोन लेकर अपने घर में लघु उद्योग लगाने का सुझाव दिया। प्रशिक्षण में बांकी क्षेत्र के 20 महिलाएं प्रशिक्षण ले रहे हैं।मौके पर जिला उद्यमी समन्वयक अशीष कोंगाड़ी, प्रखंड उद्यमी समन्वयक लक्ष्मण साहु,बैंक ऑफ़ इंडिया के शाखा प्रबंधक जंयत कुमार,मुखिया अजय डांग, समन्वयक लक्ष्मण साहु, बालगोविंद सिंह,दामोदर सिंह, परशुराम सिंह,जानकी देवी, कौशल्या देवी,लक्ष्मी देवी, कालेश्वर, संतोषी देवी,सुनिता केरकेट्टा, सोनी कुमारी, जानकी कुमारी, विनिता कुमारी,रश्मी कुमारी, प्रिती कुमारी, भगवती कुमारी उपस्थित हुए।

## वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में 480 अंक लाकर लोयोला दल रहा अव्वल

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** जिप सदस्य जोसिमा खाखा ने कहा कि विद्यार्थी जीवन में खेलकूद बहुत जरुरी है। खेल से शारीरिक और मानसिक विकास होता है। खेलकूद के माध्यम से बच्चे जीवन में जूझना सिखते हैं। ऐसे प्रतियोगिता में बच्चों को बढ़ चढ़ कर भाग लेने की जरुरत है। जोसिमा खाखा सोमवार को पाकरटांड़ प्रखंड के आरसी मवि सोगड़ा में आयोजित वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता में बतौर मुख्य अतिथि के रुप में बच्चों को संबोधित कर रही थी। जोसिमा खाखा ने झंडोत्तोलन कर एवं मशाल जलाकर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। इसके बाद बच्चों निष्ठावान रहने की शपथ दिलाई। मौके पर दलवार विभिन्न प्रतियोगिताएं हुई। जहां बच्चों ने बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जोसिमा खाखा ने सभी बच्चों का हौसला भी बढ़ाया। वहीं विभिन्न प्रतिष्पर्दा में उत्कृष्ठ प्रदर्शन करने वाले बच्चों को पुरस्कृत किया गया। जोसिमा ने कहा कि आज खेल का समय है। खेल अब रोजगार पाने का बेहतर जरिया बन गया है। खेल के माध्यम से आज न जाने कितने ही जिले के युवा विभिन्न क्षेत्रों में नौकरी कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि महागठबंधन सरकार और विधायक भूषण बाड़ा खेल एवं खिलाड़ियों को मंच देने का काम कर रहे हैं। क्रिड़ा प्रतियोगिता में 480 अंक लाकर लोयोला दल सबसे अव्वल रहा। वहीं 415 अंक के साथ गोंजागा दल दूसरे और 370 अंक के साथ जेवीयर दल तीसरे स्थान प्राप्त किया। वहीं 365 अंक के साथ ब्रीटो दल को भी सांत्वना पुरस्कार दिया गया। मौके पर विद्यालय के सचिव फा सिलबानुस केरकेट्टा ने कहा हमेशा कोशिश करते रहें। क्योंकि कोशिश करने वालों की कभी हार नहीं होती है। प्रिंसिपल फा प्रदीप तिर्की ने सभी बच्चों को बधाईयां एवं शुभकामना दी।

## लचरागढ़ क्रिकेट क्लब में खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन प्रारंभ

**बानो।** कोलेबिरा प्रखंड के लचरागढ़ में लचरागढ़ क्रिकेट क्लब का बैठक किया गया। बैठक में क्रिकेट क्लब के पंजीकरण विवरण और आगामी क्रिकेट खेल संबंधी योजना साझा किया गया।बैठक में 16 वर्ष की आयु से कम व 16 वर्ष से अधिक उम्र के बालक/बालिका खिलाड़ियों के लिए नियमित नेट सत्र के बारे जानकारी दिया गया।दोनों वर्ग के खिलाड़ियों के लिए अलग अलग सत्र में अभ्यास कराया जायेगा। खिलाड़ियों का रजिस्ट्रेशन आरंभ कर दिया गया है।इच्छुक बालक/बालिका क्रिकेट खिलाडी अभिषेक साहू 9168834949,सुमित पंडा 9334254708 व रूजन नायक -76779 04924 में सम्पर्क कर सकते हैं।इसके लिए नमांकन शुल्क पांच सौ रूपया रखा गया।नामांकन जारी है इच्छुक खिलाड़ी दीलिप इलेक्ट्रॉनिक्स में आकर फार्म प्राप्त कर सकते हैं या फिर दिए गए नंबर पर संपर्क कर नामांकन करा सकते है। बैठक में नेट लीडर्स/मैनेजमेंट टीम अमित,अतुल,कृष आदि को बनाया गया।

## न्यूज बॉक्स

### मोबाईल छिनतई की घटना में चार आरोपियों को पुलिस ने भेजा जेल



**सिमडेगा।** मोबाइल छिनतई करने के एक मामले में सदर पुलिस ने सोमवार को चार लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा है। थाना प्रभारी विनोद कुमार पासवान ने सोमवार की शाम प्रेसवार्ता में बताया कि गिरफ्तार चार लोगों में दो लोगों पर मोबाईल छिनने का आरोप है, वहीं अन्य दो लोगों पर लुटे गए मोबाईल को खरीदने का आरोप लगा है। थाना प्रभारी ने बताया कि पिछले दस जुलाई 2024 को शहर के डीएसपी गली में बाइक में सवार दो लड़को ने एक युवती से मोबाईल छिनतई की थी। घटना के बाद सदर थाना में काण्ड संख्या 86/24 के तहत मामला दर्ज किया गया था।

### वीर बुधु भगत की जयंती मनायी गयी



**सिमडेगा।** अमर शहीद वीर बुधु भगत के जयंती के मौके पर सिमडेगा नगर परिषद की ओर से कचहरी के पास बने उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। इस मौके पर सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह की अगुवाई में बारी-बारी से नगर परिषद के कर्मियों के द्वारा माल्यार्पण करते हुए श्रद्धा सुमन अर्पित किया। मौके पर सिटी मैनेजर आकाश डेविड सिंह ने कहा कि कोल विद्रोह के नायक वीर बुधू भगत ने अंग्रेजी दमन का खुलकर विरोध किया था। 1857 के स्वतंत्रता संग्राम में इनकी काफी अहम भूमिका थी। लेकिन इससे पूर्व 1831-32 के दौरान छोटानागपुर को विदेशी दमन से मुक्त करवाने के लिए यहां के जनजातियों से मिलकर आंदोलन का बिगुल फूंका था। इस विद्रोह को लरका विद्रोह के नाम से भी जाना जाता है। इस मौके पर नगर परिषद सिमडेगा के कर्मचारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

### तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह अष्टप्रहरी कार्यक्रम का हुआ समापन




**बानो।** प्रखंड के निमतुर में पूजा समिति के तत्वाधान में तीन दिवसीय अखंड हरि कीर्तन सह अष्टप्रहरी कार्यक्रम का पूर्णाहुति,भंडारा और नगर भ्रमण कार्यक्रम के साथ संपन्न हुआ।अखंड हरी कीर्तन कार्यक्रम में बानो,उकौली,निमतुर,चड़ोरदा,बिंतुका,चाटुआड़ा आदि के कीर्तन मंडली ने भाग लिया। पूर्णाहुति कार्यक्रम में पुरोहित संतोष पंडित ने पूजा संपन्न कराया। इसके बाद नगर भ्रमण निकाली गई नगर भ्रमण में लोग नाचते गाते शामिल हुए तथा पूरे गांव का परिक्रमा किया।गांव में सुख समृद्धि की लोगों ने कामना की।यजमान की भूमिका में कृष्णा सिंह और उनकी धर्मपत्नी लीलावती देवी रहीं।आयोजन को सफल बनाने में रामकिशोर सिंह,रामेश्वर सिंह,संतोष सिंह,चैतन्य सिंह,चैतू,लोधे,फगुआ सिंह,सावित्री देवी,सहोदरी देवी,मालावति देवी,लीलावती देवी,करमा सिंह,मुकरु सिंह,बजरंग सिंह,लालदेव सिंह,घनश्याम सिंह,बिरसमुनी देवी,के अलावा अन्य लोगों ने अहम भूमिका निभाई।

### प्रथम खीस्त्याग कार्यक्रम के मौके पर धन्यवादी मिस्सा का हुआ आयोजन



**बानो।** प्रखंड के हेलगढ़ा निवासी फादर दोमनिक डांग के पुरोहित बनने पर प्रथम खीस्त्याग कार्यक्रम का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सिमडेगा धर्म प्रांत के बीशप विंसेंट बरवा, विधायक सुदीप गुड़िया,फादर जोन,फादर अलेक्जेंडर कुल्लू उपस्थित थे।विशेष धन्यवादी मिस्सा का आयोजन किया गया।कार्यक्रम में कलीसीयाइ के लोगों के द्वारा पुरोहित बनने पर स्वागत किया गया तथा बधाई दिया गया। गांव के लोगों ने नए पुरोहित का स्वागत माला पहनाकर किया। इस अवसर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जहां अतिथियों के द्वारा विभिन्न किस्म के पेड़ लगाए गए। मौके पर प्रखंड प्रमुख सुधीर डांग,अजित तोपनो,अरमान तोपनो,अमित बडींग,राहुल केशरी,अमुस कंडुलना,संतोष जोजो के अलावा अन्य लोग उपस्थित थे।

### साइकिल से गिरकर हुई एक व्यक्ति की मौत



**ठेठईटांगर।** साइकिल से गिरकर रात भर पड़े रहने के कारण एक व्यक्ति की मौत हो गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ठेठईटांगर थाना क्षेत्र के जोराम पावर हाउस के सामने अकवन टोली निवासी जीवन मसीह कुल्लू रविवार शाम में ही साइकिल से गिरकर घायल हो गए थे एवं बेहोश पड़े रहे, रात भर किसी को इसकी सूचना नहीं हुई। सुबह राहगिरों ने इसकी सूचना प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज को दी जिसके बाद तत्काल वे वहां पहुंचे तब तक वह घायल व्यक्ति जीवित था अस्पताल लाने के क्रम में उसने दम तोड़ दिया। प्रखंड प्रमुख बिपिन पंकज मिंज ने कहा परिजन इसकी खोजबीन रात में ही करते तो शायद इसकी जान बच जाती, क्योंकि घर 200 मीटर की दूरी पर ही थी, साथ ही कोई राहगीर भी अगर रात में ही इसकी सूचना अगर समय रहते देते तो एक इंसान की जान बच गई होती परन्तु अफ़सोस एक व्यक्ति की मौत हो गई। इधर घटना की सूचना पाकर परिजन अस्पताल पहुंचे। जिसके बाद डॉक्टरों ने मृतक के शव का अंत्यपरीक्षण कर परिजनों को सौंप दिया।

## बाबा भगवान राम ट्रस्ट एवं श्री सर्वेश्वरी समूह सिमडेगा द्वारा लगाया गया चिकित्सा शिविर



नवीन मेल संवाददाता

**सिमडेगा।** बाबा भगवान राम ट्रस्ट के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी द्वारा आरंभ किये गये चक्षु अभियान के अंतर्गत झारखण्ड राज्य के सिमडेगा जिला अन्तर्गत कोलेबिरा प्रखण्ड के अंतगर्त ग्राम जुरकेला भण्डारटोली में निःशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन हुआ।इस शिविर में 518 मरीजो का परीक्षण किया गया जिसमें 306 नेत्र रोगियों को परीक्षणोपरांत 290 मरीजो को पावर वाले चश्मे वितरित किये गये।वहीं अन्य रोगो के 212 मरीजो को परीक्षणोपरांत निःशुल्क दवा दी गयी। शिविर में 62 मोतियाबिंद के मरीज पाये गये जिन्हे सदर अस्पताल सिमडेगा जाकर आपरेशन कराने की सलाह दी गयी।यह शिविर बाबा भगवान राम ट्रस्ट,सोगड़ा जिला-जशपुर एवं श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सिमडेगा के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिविर का प्रारंभ प्रात 10:30 बजे परमपूज्य बाबा अघोरेश्वर भगवान राम जी एवं पूज्य पाद गुरूपद संभव राम जी के तैल चित्र पर विधिवत् पूजन उपरांत नारियल फोड़कर प्रारंभ किया गया। जो कि सांय 5:00 बजे तक चलता रहा। ट्रस्ट एंव समूह के अध्यक्ष पूज्यपाद गुरूपद संभव रामजी द्वारा स्वयं 11:00 बजे शिविर में पधारकर शिविर का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किया गया। आंखों की जांच हेतु टी.पी.कुशवाहा एव सविता नन्दे जशपुर तथा अन्य रोगो हेतु डॉ रंजन नारायण, हृदय रोग विशेषज्ञ, गुरूनानक अस्पताल रांची ,डॉ.अर्पण सिंह, डायबिटोलाजिस्ट अम्बिकापुर व डॉ. अविनाश, दंत रोग विशेषज्ञ गुमला उपस्थित थे। शिविर को सफल बनाने में श्री सर्वेश्वरी समूह शाखा सिमडेगा, शाखा गुमला एवं शाखा रांची ,चम्पू नाथ शाहदेव, गंगानाथ शाहदेव एवं अन्य ग्रामीण बन्धुओं का विशेष योगदान रहा।

## एक लाख लोगों को झामुमो सिमडेगा में जोड़ना हमारा संकल्प : अनिल कंडुलना



नवीन मेल संवाददाता

**बोलबा।** सोमवार को झामुमो जिला संयोजक मंडली द्वारा सिमडेगा जिला के बोलबा प्रखंड में सदस्यता अभियान चलाया गया।मौके पर सभा को सम्बोधित करते हुए झामुमो संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कंडुलना ने कहा कि आज हमारे युवक -युवतियों में सामाजिक एवं राजनीतिक चेतना की घोर कमी है। हमारे युवक -युवतियों को राजनीतिक जागरूकता की अति आवश्यकता है, आज अपने गांव में, अपने समाज में औऱ अपने छेत्र में विकास तभी संभव है जब हम सभों में राजनीतिक जागरूकता होंगी। हम सभी जानते हैं की राजनीति से ही सभी समस्याओं का समाधान संभव है, इसलिए युवाओं को राजनीति में रूचि बढ़ानी होगी और आप सभी झामुमो लीडर से विनम्र आग्रह है की आप ज्यादा से ज्यादा युवाओं को झामुमो की सदस्यता दिलाएं।मौके पर सदस्यता रशीद काटकर और झामुमो पटा पहना कर झामुमो नेताओं ने सबका पार्टी में स्वागत किया गया।इस अवसर पर मुख्य रूप से जिला संयोजक मंडली प्रमुख अनिल कांडुलना, संयोजक सदस्य मो सफीक खान,मो साबिर अंसारी,नारायण मांझी, संजु डांग,केन्द्रीय समिति सदस्य मो० शाहिद, फिरोज अली, पूर्व जिला कोषाध्यक्ष नोवास केरकेट्टा, अमजद ओहदार,झामुमो नेत्री सह प्रखंड प्रमुख सुनीता केरकेट्टा उप प्रमुख मांझी जी, क्लेमेंट बाड़ा, जैनुल अंसारी,पासकल डूंग डूंग, ग़ज़ाधार सिंह,कृस्तोफर डूंग डूंग,दिलीप डूंग डूंग, राजू कुल्लू, रितेश बड़ाईक, कांति केरकेट्टा, सुषमा टेटे के अलावे सयकड़ो की संख्या में बोलबा प्रखंड के झामुमो कार्यकर्ता, नेता गण उपस्थिति थे।

## जनता दरबार के माध्यम से उपायुक्त ने सुनी आमजनों की समस्याएं

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** आम जनता के समस्याओं के समाधान और त्वरित निष्पादन को लेकर उपायुक्त अजय कुमार सिंह के द्वारा जनता दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिले के शहरी तथा ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों ने जनता दरबार में आकर अपनी समस्याओं को उपायुक्त के समक्ष रखा। उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी लोगों से एक-एक कर उनकी समस्याएं सुनी एवं आश्वस्त किया कि संज्ञान में आए हुए सभी शिकायतों की जांच कराते हुए जल्द से जल्द समाधान किया जाएगा। उपायुक्त के जनता दरबार में आंगनबाड़ी सेविका चयन की जांच कराने, अबुआ आवास योजना का लाभ दिलाने, विद्युत ट्रांसफर चेंज करने, हर घर नल जल योजना को ठीक करने, साव-दह गृह निर्माण पर पुनर्विचार करने, सड़क चौड़ीकरण एलाइनमेंट को सुधार करने एवं अन्य विषय से संबंधित मामले आए। इस दौरान उपायुक्त ने एक-एक कर मिलने आए सभी आमजनों की समस्याओं से जुड़े आवेदनों का अवलोकन कर जल्द से जल्द मामले का निष्पादन करने का भरोसा आमजनों को दिया।

## सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर में नामांकन जारी

**कोलेबिरा।** प्रखंड के लचरागढ़ मेन रोड स्थित सक्सेस प्वाइंट कोचिंग सेंटर में कक्षा एलकेजी से कक्षा अष्टम तक के छात्र-छात्राओं के लिए नामांकन प्रक्रिया शुरू शुरू कर कर दी गयी है. संस्थान के निदेशक कुंदन कुमार ने बताया कि हमारे संस्थान में बच्चों को प्रवेश परीक्षा के लिए मानसिक रूप से मजबूत किया जायेगा. संस्थान द्वारा अंग्रेजी व हिंदी दोनों माध्यमों में अध्ययनरत बच्चों के लिए अलग-अलग व्यवस्था रखी गयी हैं।

### शिक्षा विभाग की समीक्षा बैठक आयोजित हुई

# शत प्रतिशत बच्चों को स्कूली ड्रेस वितरण करने का उपायुक्त ने दिया निर्देश

नवीन मेल संवाददाता



**सिमडेगा।** उपायुक्त अजय कुमार सिंह की अध्यक्षता में शिक्षा विभाग की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में समग्र शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय, खेलो झारखंड एक्सपेंडिचर, इको क्लब एक्सपेंडिचर, विद्यालय में बच्चों की इनरोलमेंट, पोषाक, डिजिटल शिक्षा, कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय एवं झारखंड आवश्यक विद्यालय में सत्र 2024-25 का नामांकन, आउट ऑफ स्कूली बच्चों, छात्रवृति व मध्याह्न भोजन से संबंधित समीक्षा की गयी।समीक्षा बैठक के दौरान जिला शिक्षा पदाधिकारी के द्वारा उपायुक्त सहित बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को वर्तमान में जिला अंतर्गत सरकारी विद्यालयों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के तहत संचालित मध्यान भोजन व यूनिफॉर्म डिस्ट्रीब्यूशन के संबंध में जानकारी दी। उपायुक्त ने जिले के सभी सरकारी विद्यालयों में मध्यान भोजन हेतु सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराने के उद्देश्य बीआरपी, सीआरपी सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारियों व कर्मियों को आवश्यक निर्देश दिया। वित्तीय वर्ष 2024 -25 में ड्रेस वितरण की स्थिति की समीक्षा की इस दौरान पूरे जिले में 71% बच्चों के बीच ड्रेस का वितरण किया गया है। उपायुक्त ने शत प्रतिशत बच्चों के बीच यथाशीघ्र ड्रेस का वितरण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। युडाइस 2024-25 पोर्टल में 121804 बच्चों का एनरोलमेंट है। एनरोलमेंट के बाद बच्चों का ड्रॉपआउट ना हो इसे सुनिश्चित करने की बात कहीं। साथ ही उन्होंने कहा कि जितने भी बच्चे ड्रॉप आउट हुए हैं उसको खोज कर विद्यालय से जोड़ें। केजीबीवी & जेबीएवाई में सत्र 2024-25 का नामांकन का लक्ष्य कुल - 4725 बच्चों का है, जिसके आलोक में कल 3598 बच्चों का ही विद्यालय में नामांकन हुआ है। विद्यालय में नामांकन हेतु शेष रिक्त कुल 1127 बच्चों का है।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दो महिला घायल

**बानो।** थाना क्षेत्र के सोय पुल के समीप अज्ञात वाहन के चपेट में आने से दो महिला घायल हो गई।घायल महिला जुलिका मुंडु को पुलिस ने सोय स्थित जनजातीय कल्याण अस्पताल और दूसरी महिला मरियम सुरीन को बानो सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया है।मिली जानकारी के अनुसार जूलिका मुंडू और मरियम सुरीन टीवीएस से चंदन टोली से बानो की ओर आ रहे थे इसी क्रम में सोय पुल के समीप अज्ञात वाहन की चपेट में आने से दोनों महिला घायल हो गई।

## प्रखंड चीक बड़ाईक समाज की बैठक आज

**बानो।** पंचायत सभागार परिसर बानो में 18 फरवरी को चीक बड़ाईक समाज प्रखण्ड कमिटी की बैठक आयोजित की गई है।जानकारी देते हुए चीक बड़ाईक समाज प्रखण्ड संयोजक सह बानो मुखिया विश्वनाथ बड़ाईक ने बताया कि बैठक 11 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी।



# महाकुंभ : श्रद्धालुओं की सुरक्षा में मजबूत प्रहरी बने सीआरपीएफ के जवान

**महाकुंभ नगर (आईएएनएस)।** महाकुंभ 2025 की भव्यता के बीच केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सेवा के लिए पूरी तत्परता से तैनात है। उनकी सेवा भावना और राष्ट्रप्रेम का अद्वितीय उदाहरण महाकुंभ में देखने को मिल रहा है। सीआरपीएफ के जवान 24 घंटे घाटों, मेला परिसर और प्रमुख मार्गों पर सुरक्षा व्यवस्था संभाल रहे हैं। आधुनिक तकनीक और सतर्क निगाहों से किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की गई है। श्रद्धालुओं की भारी भीड़ के बीच सीआरपीएफ के जवान मार्गदर्शन और सहायता प्रदान कर रहे हैं। उनका सौम्य व्यवहार और तत्परता श्रद्धालुओं को सहज अनुभव प्रदान कर रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए सीआरपीएफ की आपदा प्रबंधन टीम पूरी मुस्तैदी से तैनात है। महाकुंभ मेले में गुमशुदा बच्चों और बुजुर्गों को उनके परिजनों से मिलाने में भी सीआरपीएफ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। सीआरपीएफ से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि सीआरपीएफ का हर जवान महाकुंभ में 'राष्ट्र प्रथम' की भावना के साथ अपनी ड्यूटी निभा रहा है। उनकी सेवा और समर्पण का यह जज़्बा महाकुंभ की आध्यात्मिकता को और भी पवित्र बना रहा है। महाकुंभ 2025 में सीआरपीएफ की यह अटूट सेवा और समर्पण न सिर्फ सुरक्षा का विश्वास जगा रहा है, बल्कि पूरे देश के लिए एक प्रेरणा भी है। बता दें कि त्रिवेणी संगम पर आस्था की डुबकी लगाने के लिए श्रद्धालुओं का आना जारी है। महाकुंभ 2025 में अब तक 52 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु स्नान कर चुके हैं। इस ऐतिहासिक आयोजन में देश के विभिन्न हिस्सों से साधु-संत, राजनेता, सामाजिक कार्यकर्ता और आमजन आस्था के साथ भाग ले रहे हैं।

### प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद

**महाकुंभ नगर(आईएएनएस)।** महाकुंभ में आने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ को देखते हुए प्रयागराज संगम रेलवे स्टेशन 28 फरवरी तक बंद कर दिया गया है। यात्रियों को किसी भी परेशानी से बचाने के लिए यह फैसला लिया गया है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, महाकुंभ मेले के दौरान ट्रेनों में आने वाली श्रद्धालुओं की भारी भीड़ को देखते हुए जिला प्रशासन के अनुरोध पर रेलवे ने संगम रेलवे स्टेशन बंद करने का फैसला लिया है। रेलवे स्टेशन 17 फरवरी (आज) से 28 फरवरी तक बंद रहेगा। प्रयागराज में कुल नौ रेलवे स्टेशन हैं। जिनमें से संगम रेलवे स्टेशन मेला क्षेत्र के करीब स्थित है।

## मुजफ्फरपुर, दरभंगा, गया, भागलपुर में इस साल शुरू होगी मेट्रो

**पटना।** मुजफ्फरपुर और दरभंगा में मेट्रो चलाने की संभावना को लेकर हुए सर्वेक्षण का काम पूरा हो गया है। राइट्स नाम की एजेंसी ने यह सर्वे किया है। रिपोर्ट बिहार के नगर विकास एवं आवास विभाग को सौंप दी गई है। अब राज्य सरकार डीपीआर बनाने का काम शुरू करेगी। उम्मीद है कि 2029 से पहले मुजफ्फरपुर , दरभंगा, गया और भागलपुर में मेट्रो चलने लगेगी। पटना के अलावा चार और शहरों में मेट्रो चलाने की योजना पर काम चल रहा है। ये शहर हैं मुजफ्फरपुर , दरभंगा, गया और भागलपुर। इन शहरों में मेट्रो की संभावना तलाशने के लिए सर्वे का काम पूरा हो गया है। राइट्स एजेंसी ने सर्वे की रिपोर्ट नगर विकास एवं आवास विभाग को सौंप दी है। अब राज्य सरकार के निर्देश पर विभाग डीपीआर यानी विस्तृत परियोजना रिपोर्ट बनाएगा। अगर सब कुछ ठीक रहा तो 2029 से पहले इन चारों शहरों में मेट्रो दौड़ने लगेगी। सर्वे रिपोर्ट में बताया गया है कि इन शहरों में मेट्रो का रूट कितना लंबा होगा, कितने स्टेशन बनेंगे, और कहां से कहां तक मेट्रो चलेगी। रिपोर्ट में जमीन की उपलब्धता और उसकी स्थिति को भी ध्यान में रखा गया है। किस इलाके में मेट्रो जमीन के ऊपर (एलिवेटेड) चलेगी और किस इलाके में जमीन के नीचे (अंडरग्राउंड) चलेगी, इसका भी ज़िक्र है। मेट्रो शुरू होने के बाद आम लोगों के आने-जाने पर क्या असर पड़ेगा, यह भी रिपोर्ट में बताया गया है।

## आयोध्या में 300 पुलिस कर्मियों के लिए बना आवास



**अयोध्या(हि.स.)।** रामनगरी में 300 पुलिसकर्मियों का आवास बनकर तैयार हो गया है। अयोध्या धाम में तुलसी कन्या इंटर कॉलेज के पीछे पुलिस विभाग की भूमि पर चार मंजिला इमारत के अब हैंडओवर की तैयारी की जा रही है। अगर सब कुछ ठीक ठाक रहा तो मार्च तक पुलिस विभाग को हैंडओवर हो जाएगा। पत्राचार किया जा रहा है। पुलिसकर्मियों को अब तक अयोध्या ड्यूटी करने के लिए अयोध्या नगर से लगभग सात किमी जाना पड़ता था। कभी-कभी जाम या विभिन्न दिवस में लगाए जाने वाले प्रतिबंधों के समय जब वाहन प्रतिबंधित कर दिए जाते थे तो ऐसे समय मे मुश्किलों का सामना करना पड़ता था। अब प्रदेश की योगी सरकार ने पुलिसकर्मियों की इस बड़ी समस्या का निदान कर दिया है।

## स्कूली छात्रों से भरी बस नहर में गिरी, आठ बच्चों समेत 10 लोग गंभीर रूप से घायल

**कैथल(आईएएनएस)।** हरियाणा के कैथल जिले में स्थित नौच गांव में सोमवार को बड़ा हादसा हो गया। स्कूली बच्चों को ले जा रही एक बस सतलुज यमुना लिंक (एसवाईएल) नहर में गिर गई। इस हादसे में बस में सवार आठ बच्चे गंभीर रूप से घायल हो गए। वहीं, बस चालक और महिला कंडक्टर भी इस हादसे में गंभीर रूप से घायल हुए हैं। हादसे की सूचना मिलते ही क्योड़क चौकी पुलिस, डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची और राहत एवं बचाव कार्य शुरू किया। स्थानीय लोगों की मदद से बच्चों और बस स्टाफ को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया।

## आज का राशिफल

**मेष :** कहीं रुका हुआ पैसा वसूलने में मदद मिल जाएगी। व्यर्थ प्रपंच में समय नहीं गंवाकर अपने काम पर ध्यान दीजिए। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सवेरे निपटा लें। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी।

**वृष :** शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना। मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है।

**मिथुन :** शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। पठन-पाठन में स्थिति कमजोर रहेगी। खान-पान में सावधानी रखें। कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। मान-सम्मान में वृद्धि होगी।

**कर्क :** रुपये पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी।

**सिंह :** समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे है। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा।

**कन्या :** आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते हैं। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। सभा-गोष्ठियों में मान-सम्मान बढ़ेगा।

**तुला :** निर्मूल शंकाओं के कारण मनस्ताप भी पैदा हो सकते है। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। लाभदायक कार्यों की चेष्टाएं प्रबल होंगी। बुद्धितत्व की सक्रियता से अल्प लाभ का हर्ष होगा। कुछ महत्वपूर्ण कार्य बनाने के लिए भाग-दौड़ रहेगी। सुखद समय की अनुभूतियां प्रबल होंगी।

**वृश्चिक :** घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। दवा-दारू में ज्यादा खर्च होगा। हाथ में आने वाला धन भी किसी अवरोध का शिकार हो जाएगा। व्यापार में स्थिति उत्तम रहेगी। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग है।

**धनु :** चापलूस मित्रों से सावधानी रखें तो ज्यादा उत्तम है। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। सब्र का फल मीठा होता है अत: धैर्य रखें व अच्छे समय इन्तजार करें।

**मकर :** थोड़े प्रयास से कार्य सिद्ध होंगे। घर-परिवार में मांगलिक कार्य सम्पन्न होने से वातावरण आनन्द देने वाला बना रहेगा। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। सुबह-सुबह की महत्वपूर्ण सिद्धि के बाद दिन-भर उत्साह बना रहेगा। किये गए कार्यों का प्रतिफल मिलेगा।

**कुंभ :** कुछ प्रतिकूल गोचर का क्षोभ दिन-भर रहेगा। दिन-भर का माहौल आडंबरपूर्ण और व्ययकारी होगा। वरिष्ठ लोगों से कहासुनी वातावरण में तनाव पैदा करेंगे। संयमित भाषा का इस्तेमाल करें। आवेग में आकर किये गए कार्यों का मलाल, अवसाद रहेगा। जरा-सी लापरवाही आपको परेशानी में डाल सकती है।

**मीन :** प्रतिष्ठा बढ़ाने के लिए कुछ सामाजिक कार्य संपन्न होंगे। कई प्रकार के हर्ष उल्लास के बीच अप्रत्याशित लाभ होंगे। आमोद-प्रमोद का दिन होगा और व्यावसायिक प्रगति भी होगी। स्वास्थ्य और जीवन स्तर में सुधार की अपेक्षा रहेगी। ज्ञान-विज्ञान की वृद्धि होगी और सज्जनों का साथ भी रहेगा।

### पश्चिम बंगाल के स्कूल नौकरी घोटाले में मिला अहम सुराग

# एसएमएस और व्हाट्सएप के जरिए भी भेजी गईं सिफारिशें

- सीबीआई की जांच में मिली है इसकी जानकारी
- पूरा ब्यौरा आरोपपत्र के संलग्न दस्तावेजों में दर्ज



**कोलकाता (हि.स.)।** पश्चिम बंगाल में बहुचर्चित स्कूल नौकरी घोटाले की जांच कर रही केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को एक महत्वपूर्ण सुराग हाथ लगा है। सीबीआई की जांच में पता चला है कि शिक्षकों की नियुक्तियों के लिए सिफारिशें न केवल लिखित रूप में दी गई थीं, बल्कि व्हाट्सएप और एसएमएस के जरिए भी भेजी गई थीं, जिन्हें संबंधित अधिकारियों द्वारा गंभीरता से लिया गया था।

सूत्रों के अनुसार, इन सभी सिफारिशों की व्यक्तिगत रूप से छानबीन और शॉर्टलिस्टिंग राज्य के तत्कालीन शिक्षा मंत्री और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव पार्थ चटर्जी द्वारा की जाती थी। इन सिफारिशों का पूरा ब्यौरा सीबीआई द्वारा दायर आरोपपत्र के संलग्न दस्तावेजों में दर्ज किया गया है।

सीबीआई ने कोलकाता की विशेष अदालत में ऐसे 324 उम्मीदवारों की सूची सौंपी है, जिनकी नियुक्ति के लिए विभिन्न प्रभावशाली व्यक्तियों, जिनमें पूर्व और वर्तमान विधायक व सांसद शामिल हैं, ने सिफारिश की थी। इनमें से 134 उम्मीदवारों की नियुक्ति हो चुकी है और वे वर्तमान में राज्य के विभिन्न सरकारी स्कूलों में कार्यरत हैं।

सूत्रों का कहना है कि पार्थ चटर्जी उम्मीदवारों को शॉर्टलिस्ट करने से पहले राज्य शिक्षा विभाग के कुछ विश्वसनीय अधिकारियों के साथ बंद कमरे में बैठकें करते थे। इन बैठकों की गोपनीयता बनाए रखने के लिए उन्हें उनके कार्यालय के बजाय उनके निजी आवास पर आयोजित किया जाता था।

ज्ञात हो कि पार्थ चटर्जी को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने जुलाई 2022 में इस घोटाले के सिलसिले में गिरफ्तार किया था। ईडी के आरोपपत्र में उन्हें इस घोटाले का मुख्य सूत्रधार बताया गया है। उनके अलावा, उनकी करीबी सहयोगी अर्पिता मुखर्जी और दामाद सहित अन्य आरोपितों का नाम भी चार्जशीट में शामिल किए गए हैं।

ईडी की चार्जशीट में बाबली चटर्जी मेमोरियल ट्रस्ट को भी आरोपित के रूप में शामिल किया गया है। यह ट्रस्ट पार्थ चटर्जी की दिवंगत पत्नी के नाम पर बनाया गया था। आरोप है कि घोटाले की रकम को इसी ट्रस्ट में दान के रूप में दिखाकर हेरफेर किया गया।

फिलहाल पार्थ चटर्जी कोलकाता के एक निजी अस्पताल में भर्ती हैं। बताया जा रहा है कि उनकी तबीयत बिगड़ने के बाद उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया था। हालांकि, अस्पताल प्रशासन ने हाल ही में अदालत को सूचित किया है कि उनकी हालत अब लगभग ठीक है और उन्हें जल्द ही छुट्टी दी जा सकती है।

इस बीच, पश्चिम बंगाल के पुरुलिया से भाजपा सांसद ज्योतिमय सिंह महतो ने राज्यपाल डॉ सीवी आनंद बोस को पत्र लिखकर पार्थ चटर्जी की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने आरोप लगाया है कि अस्पताल में उनकी जान को खतरा हो सकता है।

## बिहार के जमुई में दो समुदायों के बीच झड़प, इलाके में तनाव



### प्रशासन ने इंटरनेट किया बंद

**जमुई(आईएएनएस)।** बिहार के जमुई जिले के झाझा थाना क्षेत्र में दो समुदायों के बीच हुई झड़प के बाद उत्पन्न तनाव को लेकर संबंधित क्षेत्र में बड़ी संख्या में पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है। वहीं, इंटरनेट सेवा को तत्काल प्रभाव से बंद कर दिया गया है। प्रशासन ने बलियाडीह गांव में दो समुदायों के बीच बढ़े तनाव के बाद एहतियातन यह फैसला लिया है। पूरा मामला झाझा प्रखंड क्षेत्र के बलियाडीह गांव में स्थित एक शिव मंदिर के समीप का है। यहां एक हनुमान मंदिर में रविवार को हनुमान चालीसा पाठ का आयोजन किया गया था। कार्यक्रम में शामिल हुए श्रद्धालुओं का आरोप है कि जब वे शाम को वापस लौट रहे थे तो बलियाडीह गांव के बीच में पहुंचते ही उन पर पथराव शुरू कर दिया गया। इस घटना के बाद दो समुदाय के लोगों के बीच झड़प हो गई, जिसमें कई लोग घायल हो गए। पुलिस के मुताबिक, जमुई जिला के झाझा थाना अंतर्गत एक समुदाय द्वारा हनुमान चालीसा का पाठ कर वापस आने के क्रम में दूसरे समुदाय के लोगों द्वारा ईंट, पत्थर, लाठी-डंडे से हमला किया गया। इसमें नगर परिषद के उपाध्यक्ष नीतीश कुमार एवं अन्य दो जख्मी हुए तथा इनकी गाड़ियों को भी क्षतिग्रस्त किया गया। इस संबंध में झाझा थाना में एक प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, जिसमें 41 लोगों को नामजद एवं 50-60 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया। इस मामले में पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है। झाझा एवं जमुई में दोनों पक्षों के लोगों के साथ शांति समिति की बैठक भी की गई है। शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए फ्लैग मार्च भी किया गया है तथा संबंधित इलाकों में पुलिस बलों को तैनात किया गया है। जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर अफवाह फैलने से रोकने के लिए इंटरनेट सेवा को तत्काल प्रभाव से बंद करवा दिया है।

## छत्तीसगढ़ नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत ऐतिहासिक : अरुण साव



**रायपुर(आईएएनएस)।** छत्तीसगढ़ के उप-मुख्यमंत्री अरुण साव ने सोमवार को नगरीय निकाय चुनाव में भाजपा की जीत पर खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा कि निगम की 10 सीटों पर भाजपा का 'कमल' खिला है। कांग्रेस बुरी तरह हारी है और अब उसे आत्मावलोकन करना चाहिए।

उन्होंने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि अगर राजधानी की बात करें, तो 70 में से 60 सीटें भाजपा ने जीती हैं। बिलासपुर में 70 में से 49 सीटें भाजपा को मिली हैं। यही हालात पूरे प्रदेश के हैं। नगरपालिका के 49 स्थानों पर चुनाव संपन्न हुए हैं। 49 में से 35 सीटों पर भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष निर्वाचित हुए हैं। पार्षदों की संख्या भी बढ़ी है। नगर पंचायतों में 114 में से 81 स्थानों पर भाजपा ने जीत दर्ज की है। 2,303 पार्षदों में से लगभग 1,900 पार्षद भाजपा के जीते हैं। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर इस बात को खारिज नहीं किया जा सकता है कि इस चुनाव में कांग्रेस की बुरी हालत हुई है। लेकिन, कांग्रेस के नेता आपस में लड़ने में मशगूल हैं और छत्तीसगढ़ की जनता इसका मजा ले रही है। नगरीय चुनाव में हार के बाद कांग्रेस द्वारा ईवीएम को मुद्दा बनाए जाने पर अरुण साव ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के नेता वैसे तो हर मुद्दे पर संविधान की दुहाई देते हैं। कहते हैं कि संविधान सर्वोपरि है। उसी संविधान में न्यायालय का प्रावधान है, लेकिन अफसोस जब सुप्रीम कोर्ट की तरफ से यह स्पष्ट कर दिया जाता है कि ईवीएम में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी नहीं है, तो कांग्रेस के नेता उसे मानने को स्वीकार नहीं करते हैं।.उन्होंने कांग्रेस नेताओं को हिदायत देते हुए कहा कि ये लोग अपनी हार का ठीकरा ईवीएम पर न फोड़े, बल्कि आत्मचिंतन करें और यह जानने की कोशिश करें कि आखिर किन वजहों से इस पार्टी को हार का मुंह देखना पड़ा है।

## कुंभ से लौट रहे श्रद्धालुओं की कार ट्रक से भिड़ी, तीन की मौत

**इटावा(आईएएनएस)।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज कुंभ में स्नान करके घर लौट रहे श्रद्धालुओं की एक कार में ट्रक ने टक्कर मार दी। सोमवार को हुए इस हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई है, जबकि दो लोग घायल हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस और हाईवे की टीम ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। एडिशनल एसपी ग्रामीण सत्यपाल सिंह ने बताया कि एक कार सवार, जो कि कुंभ से राजस्थान वापस जा रहे थे, तभी जसवंत नगर में उनकी गाड़ी में एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इसमें कार सवार तीन लोगों की मौत हो गई, जबकि दो लोग घायल हुए हैं। उनका इलाज अस्पताल में हो रहा है। जिला चिकित्सालय के डॉक्टर शिवम राजपूत ने बताया कि थाना जसवंत नगर के ग्राम नगला कन्हई के पास एक एक्सीडेंट हुआ था। इसमें एक कार और ट्रक की भिड़ंत हो गई। जिसमें एम्बुलेंस से जिला अस्पताल के इमरजेंसी में तीन लोग लाए गए थे। वे तीनों मृत थे। सभी के शव गृह में रखवा दिए गए। दो घायलों का इलाज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में हो रहा है। ये लोग कुंभ से स्नान करके भरतपुर लौट रहे थे। कार सवार लोग राजस्थान के भरतपुर के रहने वाले हैं। पांचों लोग कुंभ से स्नान के बाद वापस अपने घर जा रहे थे।



पटना। प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ मेले के दौरान लोग स्टेशन पर रेलवे लाइन पार करते हुए।

## भाजपा व आप की सरकारी छत्रछाया हावी होने के कारण बसपा को नहीं मिले नतीजे : मायावती



**लखनऊ(आईएएनएस)।** बहुजन समाज पार्टी (बसपा) की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने सोमवार को दिल्ली विधानसभा चुनाव के नतीजे तथा बसपा मूवमेंट के हित के खास मुद्दों को लेकर दिल्ली व अन्य पड़ोसी राज्यों के वरिष्ठ पदाधिकारियों की एक बैठक कर जरूरी दिशा-निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि दिल्ली चुनाव में भाजपा व आप पार्टी की सरकारी छत्रछाया ज्यादातर हावी रहने के कारण बसपा को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका। मायावती ने कहा कि दिल्ली चुनाव में दो पार्टियों के बीच राजनीतिक द्वेष, छल व चुनावी छलावा होने के कारण यहां के बहुजनों की स्थिति बदतर रहकर सही से सुधरने वाली नहीं लगती है। अर्थात् लोगों को उनके अपने थोड़े "अच्छे दिन" के लिए आगे भी तरसते रहना पड़ेगा।

उन्होंने कहा कि दिल्ली विधानसभा चुनाव भी, हरियाणा की तरह ही था। यहां बसपा के लोगों ने पूरी दमदारी के साथ संघर्ष किया। लेकिन विरोधी पार्टियों की जबरदस्त राजनीतिक चालबाजी व जुमलेबाजी के कारण भाजपा व आप पार्टी की सरकारी छत्रछाया ज्यादातर हावी रही और इस कारण बसपा को अपेक्षित परिणाम नहीं मिल सका।

### बिहार में बीपीएससी एग्जाम पर फिर मचा बवाल

# खान सर ने नए सिरे संभाला मोर्चा, दी चेतावनी

**एजेंसी। पटना**

बिहार लोक सेवा आयोग (BPSC) की 70वीं प्रारंभिक परीक्षा (PT) को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर फिर से प्रदर्शन शुरू हो गया है। कोचिंग संचालक खान सर भी सैकड़ों अभ्यर्थियों के साथ पटना की सड़कों पर उतर आए हैं। वे परीक्षा में अनियमितता के सबूतों के साथ गर्दनीबाग धरना स्थल पर पहुंच रहे हैं। अभ्यर्थी 13 दिसंबर और 4 जनवरी को आयोजित पीटी परीक्षा रद्द करने की मांग कर रहे हैं। ये आंदोलन 62 दिनों से चल रहा है। इसमें पप्पू यादव, प्रशांत किशोर, राहुल गांधी और चिराग पासवान जैसे नेता भी समर्थन दे चुके हैं। मामला पटना हाईकोर्ट में भी है, जहां 28 फरवरी को अगली सुनवाई होगी। गुरु रहमान भी धरना स्थल पर पहुंचे। कोचिंग संस्थानों के शिक्षक और छात्र आंदोलन में शामिल हो रहे हैं। पुलिस ने सुरक्षा बढ़ा दी है।



### पटना हाई कोर्ट में 28 फरवरी को सुनवाई

बीपीएससी पीटी परीक्षा का मामला पटना हाईकोर्ट में विचाराधीन है। पप्पू यादव और प्रशांत किशोर ने परीक्षा रद्द करने और दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर हाईकोर्ट में याचिका दायर की है। प्रदर्शनकारी छात्रों पर पटना प्रशासन की ओर से दर्ज किए गए मुकदमे वापस लेने की भी मांग की जा रही है। इस मामले में अगली सुनवाई 28 फरवरी को होनी है। इस बीच, एक अन्य कोचिंग संचालक गुरु रहमान भी गर्दनीबाग धरना स्थल पर पहुंच गए हैं। आंदोलन को मजबूत बनाने के लिए कोचिंग संस्थानों के शिक्षकों और परीक्षा की तैयारी कर रहे छात्रों को जुटाया जा रहा है।

**बीपीएससी पीटी परीक्षा को लेकर फिर बवाल**

बीपीएससी 70वीं पीटी परीक्षा को रद्द कर दोबारा परीक्षा कराने की मांग को लेकर पटना में फिर से विरोध प्रदर्शन शुरू हो गया है। इस प्रदर्शन का नेतृत्व जाने-माने कोचिंग संचालक खान सर कर रहे हैं। वे सैकड़ों अभ्यर्थियों के साथ गर्दनीबाग धरना स्थल की ओर कूच कर रहे हैं। खान सर के पास परीक्षा में हुई अनियमितताओं से जुड़े कुछ सबूत होने की खबर है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वे इन सबूतों के साथ सड़कों पर उतरे हैं और बीपीएससी से दोबारा परीक्षा कराने की जोरदार मांग कर रहे हैं। ये आंदोलन पिछले 62 दिनों से जारी है। इससे पहले भी कई नेता और हस्तियां इस आंदोलन का समर्थन कर चुके हैं।

### बिहार में मैट्रिक की परीक्षा शुरू

## 15.85 लाख से अधिक परीक्षार्थी हुए शामिल, छात्राओं की संख्या अधिक



**पटना (आईएएनएस)।** बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित मैट्रिक की परीक्षा सोमवार से शुरू हो गई। परीक्षार्थियों के लिए पटना समेत सभी जिलों में 1,677 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। सभी परीक्षा केंद्रों पर कदाचार मुक्त परीक्षा संपन्न करवाने को लेकर मुकम्मल व्यवस्था की गई है। बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के मुताबिक, इस साल मैट्रिक की परीक्षा में 15.85 लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल हो रहे हैं, जिसमें से 7.67 लाख छात्र और 8.18 लाख छात्राएं शामिल हैं। परीक्षा दो पाली में है। सोमवार को सुबह 9.30 बजे से परीक्षा शुरू हो गई है। पहली पाली में सुबह 9.30 बजे से 12.45 बजे तक और दूसरी पाली दो बजे से 5.15 बजे तक होगी। पहले दिन मातृभाषा की परीक्षा ली जा रही है। बिहार बोर्ड की ओर से परीक्षा में गड़बड़ी रोकने के लिए कई तरह के दिशा-निर्देश पहले ही जारी कर दिए गए थे। सभी परीक्षा केंद्रों पर 25 परीक्षार्थियों के लिए एक पर्यवेक्षक की व्यवस्था की गई है। सभी परीक्षा केंद्रों पर सीसीटीवी से नजर रखी जा रही है। सभी केंद्रों पर वीडियोग्राफी की भी व्यवस्था की गई है। इस परीक्षा के लिए 10 सेटों में प्रश्न पत्र तैयार किया गया है। समिति द्वारा परीक्षार्थियों को परीक्षा शुरू होने के 30 मिनट पहले परीक्षा केंद्र में प्रवेश कर लेने के निर्देश दिए गए थे।

# सड़क सुरक्षा चेकिंग पर विधायक का सख्त रुख, आम जनता को न करें परेशान, ऑन-स्पॉट फाइन सुविधा बढ़ाने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** मोटरसाइकिल चेकिंग के नाम पर आम लोगों को बेवजह परेशान न किया जाए–इस मुद्दे पर हुसैनाबाद के विधायक संजय कुमार सिंह यादव ने विधानसभा क्षेत्र के सभी थानों को सख्त निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि सड़क सुरक्षा के नाम पर चेकिंग के दौरान कुछ स्थानों पर अवैध वसूली की शिकायतें मिल रही हैं, जो गलत है।



**लग्न–मुहूर्त में आम लोगों को हो रही परेशानी :** विधायक ने कहा कि इस समय शादी-ब्याह और अन्य पारिवारिक कार्यों का मौसम है, जिसमें लोग आवश्यक कार्यों के लिए घरों से निकलते हैं। ऐसे में लगातार हो रही वाहन चेकिंग से उन्हें काफी असुविधा हो रही है। हालांकि, उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे हेलमेट, जूते और सभी वैध दस्तावेजों के साथ ही वाहन चलाएं।

**26 जनवरी को भी की थी अपील**

गौरतलब है कि 26 जनवरी को हुसैनाबाद के जयप्रकाश चौक पर आयोजित समारोह में भी विधायक ने नागरिकों से हेलमेट पहनने और सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की अपील की थी। उन्होंने दोहराया कि सुरक्षा के प्रति लापरवाही जानलेवा हो सकती है,

### चेकिंग के नाम पर अवैध वसूली पर सख्त आपत्ति

विधायक ने प्रेस से बातचीत में कहा कि यातायात नियमों का पालन जरूरी है, लेकिन इसकी आड़ में पुलिस को आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं करना चाहिए। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि फाइन जमा करने की सुविधा सभी थानों में और अधिक सुगम बनाई जाए, जिससे लोगों को परेशानी न हो।

### थाने में पैरवी करने की प्रवृत्ति पर नाराजगी

विधायक ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि वाहन चेकिंग अभियान की जानकारी सभी को है, फिर भी कुछ लोग नियमों का पालन नहीं कर रहे और पकड़े जाने पर थानों में पैरवी करवाने का प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने इसे पूरी तरह गलत ठहराते हुए कहा कि ऐसे में जनप्रतिनिधि क्या कर सकते हैं।

### सड़क सुरक्षा नियमों का पालन जरूरी

उन्होंने सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या पर चिंता जताते हुए कहा कि राज्यभर में हो रही दुर्घटनाओं से लोगों को सतर्क हो जाना चाहिए। पुलिस नागरिकों की सुरक्षा के लिए हेलमेट चेकिंग अभियान चला रही है, जो जरूरी भी है।

---

मोतियाबिंद शिविर में 150 की हुई जांच, 86 मरीजों का निःशुल्क लेंस प्रत्यारोपण

# आखों की रोशनी लौटाना सबसे बड़ा पुनीत कार्य : डॉ विनेश कुमार

**नवीन मेल संवाददाता**

**हुसैनाबाद।** जिला अंधापन नियंत्रण समिति व राधा लक्ष्मी ट्रस्ट दंगवार के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार और रविवार को हुसैनाबाद अस्पताल में निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन शिविर में 150 मरीजों की आंखों की जांच व 86 मरीजों को आईएलओं विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपन किया गया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. विनेश कुमार ने कहा कि किसी व्यक्ति की आंखों की रौशनी लौटाना सबसे बड़ा पुण्य का कार्य है। उन्होंने कहा कि इसमें जिला अंधापन नियंत्रण समिति और राधा लक्ष्मी



ट्रस्ट दंगवार के द्वारा इस क्षेत्र में पिछले कई सालों से शिविर आयोजित कर बेहतर कार्य कर रही है। उन्होंने क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं से अपील की है कि अपने-अपने क्षेत्रों से मोतियाबिंद रोग से ग्रस्ति लोगों को इस शिविर में पहुंचाने का काम करें। डॉ. अखिलेश गुप्ता ने बताया कि आईएलओ विधि द्वारा लेंस प्रत्यारोपण किया जा रहा है। सभी मरीजों को निःशुल्क दवा और चश्मा भी दिया जाएगा।

---

# झामुमो का ग्राफ लगातार बढ़ रहा : बैद्यनाथ राम



**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** झारखंड मुक्ति मोर्चा का ग्राफ लगातार बढ़ होता जा रहा है। लोग स्वयं आकर इसकी सदस्यता ग्रहण कर रहे हैं। इसके पीछे इस सरकार के द्वारा किया जा रहा कल्याणकारी योजना हैं। हमारी सरकार के द्वारा आधी आबादी के लिए मंईयां सम्मान जैसे योजनाएं लाई गई, ताकि आधी आबादी को किसी दूसरे के सामने हाथ ना फैलाना पड़े। ये बातें सोमवार को पूर्व मंत्री सह झामुमो के केन्द्रीय उपाध्यक्ष बैद्यनाथ राम ने अपने आवास पर झामुमो के सदस्यता अभियान के दौरान कही। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने राज्य के भौगोलिक स्थिति के हिसाब से योजनाएं बना रही है, अन्य सरकारों की तरह हवा हवाई में बातें नहीं करती। हमारी सरकार के द्वारा चलाई जा रही योजनाओं का परिणाम भी दिखने लगा है। राज्य में तेज गति से विकास हो रहा है। भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति के कारण ही रोजाना भ्रष्टाचारियों को जेल भेजा जा रहा है। इस दौरान सदस्यता ग्रहण करने वालों में मुख्य रूप से अंकित पांडेय, शाल कुमार, तौहीद आलम, मंजर हुसैन, अशोक यादव, शुभम गुप्ता, उपेंद्र प्रजापति, शमशेर आलम, जय किशोर उपाध्याय, अंकित उपाध्याय, नीरज रजक व मो सद्दाख आदि शामिल थे।

# फंदे से लटका मिला अधेड़ का शव, जांच में जुटी पुलिस

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज थाना क्षेत्र के जबड़ा पंचायत अंतर्गत जजलो गांव निवासी महेशी यादव के 40 वर्षीय पुत्र लक्ष्मण यादव ने अपने घर में ही साड़ी के फंदे में लटक कर आत्महत्या कर ली। सोमवार की सुबह उसका शव साड़ी के फंदे से लटका मिला। इसके बाद परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना मिलते ही हंटरगंज थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए चतरा सदर अस्पताल भेज दिया। वहीं मृतक के पास से एक मोबाइल पुलिस ने बरामद किया है। इधर पोस्टमार्टम के बाद पुलिस ने शव को परिजनों को सौंप दिया। लक्ष्मण ने किन कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या की इसका पता फिलहाल नहीं लग सका है। पुलिस हर पहलू पर बारीकी से जांच कर रही है।

---

परीक्षा के बीच कस्तूरबा गांधी विद्यालय की छात्राएं धरना बैठीं

# शिक्षक हटाने पर लगाए गंभीर आरोप



**नवीन मेल संवाददाता**

**चतरा।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय चतरा में सोमवार को परीक्षा के बीच छात्राएं अचानक धरने पर बैठ गई। छात्राओं का आरोप है कि उनके दो शिक्षकों को बिना किसी पूर्व सूचना के हटा दिया गया, जिससे उनकी तैयारी बीच में ही रुक गई है। साथ ही, उन्होंने विद्यालय के अकाउंटेंट व प्रबंधन पर मानसिक प्रताड़ना के गंभीर आरोप भी लगाया है। इसके अलावे अचानक जैक से सीबीएसई पैर्टन कर दिया गया लेकिन पाठयक्रम के तहत तैयारी नही कराई गई और उलटे में दो शिक्षकों को बिना किसी पूर्व सूचना के हटा दिया गया है। अब ऐसे में सबसे बड़ा सवाल यह है कि झारखंड एकेडमिक काउंसिल (जेएसी) की 10वीं और 12वीं की परीक्षाएं इस समय जारी हैं और ऐसे में छात्राओं का स्कूल परिसर में धरने पर बैठना कई बड़े सवाल खड़े कर रहा हैं। इस विरोध के कारण विद्यालय का शैक्षणिक माहौल पूरी तरह बाधित हो गया है। मामले की जानकारी मिलते ही उपायुक्त ने तत्काल जांच के आदेश जारी कर दिए हैं। वहीं कई पदाधिकारी विद्यालय पहुंचकर मामले की जानकारी ली। हालांकी छात्राएं आंदोलन के बाद डरी हुई हैं, उनका आरोप है कि बाद में उनहें प्रताड़ीत किया जाएगा।

# कलश यात्रा के साथ पांच दिवसीय महायज्ञ शुरू

**हंटरगंज (चतरा)।** हंटरगंज प्रखंड के उरैली पंचायत के पंडरी कला स्थित देवी मंडप में श्री ग्राम देवी प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांच दिवसीय महायज्ञ का शुभरंभ सोमवार को भव्य कलश यात्रा के साथ किया गया। देवी मंडप यज्ञशाला से विधिवत कलश यात्रा निकाली गई, जिसमें शामिल कलशधारी व श्रद्धालु गांव का भ्रमण करते हुए नीलाजन नदी घाट पहुंचे। वहां वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ गंगा पूजना के बाद कलश में जल भरा गया। उसके बाद पुनः गांव का भ्रमण करते हुए यज्ञशाला पहुंच कर कलशों को स्थापित कियाग या। यज्ञ का समापन 20 फरवरी को भंडारे के साथ किया जाएगा। कलश यात्रा में जिप अध्यक्ष ममता कुमारी, महायज्ञ कमेटी के सदस्य विजय यादव, मंगल सिंह, चित्रू सिंह, अखलेश यादव, महेंद्र यादव, भगवान यादव अभिमन्यु सिंह, मनोज सिंह के साथ भारी संख्या में महिला व पुरुष शामिल थे।

---

पेयजल स्वच्छता प्रमंडल के कार्यों की हुई समीक्षा बैठक

# ओडीएफ प्लस के तहत जिले में किए जाने वाले कार्यों का बेहतर कार्य योजना तैयार करें : उपायुक्त

**नवीन मेल संवाददाता**

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में पेयजल व स्वच्छता प्रमंडल अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कार्यपालक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल द्वारा लातेहार जिले में ओडीएफ व ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यों की जानकारी दी गई। उपायुक्त ने ओडीएफ प्लस के अंतर्गत लातेहार जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की जानकारी लेते हुए कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। कहा कि ओडीएफ प्लस के अंतर्गत आगे लातेहार जिले में किए जाने वाले कार्यों को लेकर बेहतर कार्य योजना तैयार करते हुए लक्ष्य के अनुरूप कार्य करना सुनिश्चित करें। इसके अलावा बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण टू अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में जिला को निर्धारित लक्ष्य के विरुद्ध प्रगति का अनुश्रवण, ग्राम स्तर पर स्वच्छता-ठोस तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए ग्राम कार्य योजना तैयार करने, 5 स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने का लक्ष्य का निर्धारण व प्रगति का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया। स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण टू अंतर्गत ग्राम स्तर पर निर्मित विभिन्न संरचनाओं में व्यक्तिगत घरेलू शौचालय, सामुदायिक स्वच्छता परिसर, गोबर गैस प्लांट, भस्मक यंत्र ,प्लास्टिक कचरा प्रबंधन इकाई, पृथक्करण शेड, कचरा उठाव, संग्रह वाहन, सोख्ता गड्ढ़ा, नाडेप, वर्मी कम्पोस्ट पीट का समय-समय पर आकलन करने का भी निर्देश दिया गया। साथ ही स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) चरण टू के क्रियान्वयन में अभिसरण आधारित कार्य करने के लिए 15वें वित्त आयोग, पंचायती राज व मनरेगा ग्रामीण विकास विभाग के माध्यम से ग्राम स्तर पर ठोस और तरल कचरा प्रबंधन संबंधित संरचनाओं



का निर्माण करना व गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करना आदि की विस्तृत समीक्षा करते हुए आवश्यक व उचित दिशा निर्देश दिया गया। समीक्षा के क्रम में उपायुक्त ने ग्राम स्तर पर स्वच्छता, ठोस एवं तरल कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु ग्राम कार्य योजना (वीएपी) तैयार करने और 5 स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने का शत-प्रतिशत लक्ष्य का निर्धारण करने का निर्देश दिया। जल जीवन मिशन के तहत हो रहे कार्य की जानकारी लेते हुए उपायुक्त ने कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया। कहा कि जल जीवन मिशन के तहत जिला अंतर्गत प्रत्येक घर तक शुद्ध पेयजल पहुंचाना सुनिश्चित करें। बैठक में उपायुक्त ने पेयजल आपूर्ति से संबंधित कार्य, पेयजल स्त्रोतों की स्थिति, चापानलों की स्थिति, चापानलों की मरम्मति व शौचालय निर्माण आदि से संबंधित विषयों पर विस्तार पूर्वक चर्चा की। बैठक में पेयजल स्वच्छता विभाग के कार्यपालक अभियंता दीपक कुमार महतो, सहायक अभियंता, कनीय अभियंता सहित अन्य उपस्थित थे।

# जिला पंचायती राज स्थापना समिति की हुई बैठक

**लातेहार।** उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता की अध्यक्षता में शनिवार को जिला पंचायती राज, स्थापना समिति की बैठक हुई। जिले में पदस्थापित पंचायत सचिव के स्थानांतरण के संबंध में चिकित्सा के आधार पर जो आवेदन प्राप्त हुए हैं, सभी आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए उपायुक्त द्वारा स्पष्ट रूप से निर्देश दिया गया कि आवेदकों का स्थानांतरण मेडिकल टीम का गठन कर सिविल सर्जन के अनुमोदन के उपरांत किया जाएगा।

# मनरेगा में 100 दिन काम करने वालों को सम्मानित किया गया

**बारियातू।** प्रखंड के शिबला पंचायत भवन परिसर मे मुखिया सुरेश उरांव की अध्यक्षता मे उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में आए हुए उपस्थित ग्रामीणों को रोजगार सेवक सुरेन्द्र यादव ने मनरेगा,आवास योजना,ग्रामीण, अबुआ आवास योजना, अभिसरण से संबंधित जानकारी दिया। योजनाओं के क्रियान्वयन में बेहतर प्रगति लाने का विशेष रूप से चर्चा की। कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण का मुख्य उदेश्य ग्रामीण क्षेत्रों में आवास की कमी को दूर करना है। यह योजना विकास मंत्रालय द्वारा संचलित की जाती है। इसके प्रत्येक परिवार को 25 वर्ग मीटर का आवास उपलब्ध कराया जाता है। इसके बाद मनरेगा में 100 दिन का काम पूरा करने वाले लाभुकों को सम्मानित किया गया। साथ में प्रशस्ति पत्र वितरण किया गया।

# वीर बुधु भगत जयंती व सरना झंडा बदली का आयोजन

**बारियातू।** प्रखंड अंतर्गत डाढा पंचायत के करमाही धर्म कड़ियां में राजी पाडहा सरना प्रार्थना सभा के तत्वावधान में वीर बुध भगत जयंती व सरना धर्म झंडा बदली कार्यक्रम जिला अध्यक्ष अशोक उरांव के अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ वीर बुध भगत के चित्र पर माल्यार्पण व सरना झंडा बदली कर किया गया। इसके बाद अशोक उरांव ने वीर बुध भगत के जीवनी पर प्रकाश डाला। उनके जीवन के कई प्रेरक घटनाओं का जिक्र करते हुए समाज के लोगों को उनके जीवन से प्रेरणा लेकर आदर्श समाज के निर्माण की बात कही।

---

जागरूकता

# अभियान के तहत दवा वितरण कर ग्रामीणों को किया गया जागरूक

## फाइलेरिया एक परजीवी संक्रमण, जो मच्छरों के काटने से फैलता है : डॉ असजद



**नवीन मेल संवाददाता**

**गढ़वा।** जिले में 10 से 25 फरवरी तक चल रहे फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत रंका अनुमंडल के विभिन्न गांवों में स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा फाइलेरिया की दवा का वितरण किया जा रहा है। इस क्रम में रंका सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. असजद अंसारी के नेतृत्व में चिनियां प्रखंड के रणपुरा गांव में ग्रामीणों को दवा दी गई और फाइलेरिया से बचाव के उपायों की जानकारी दी गई। दवा वितरण कार्यक्रम के दौरान डॉ. असजद अंसारी ने ग्रामीणों को फाइलेरिया रोग के लक्षण, कारण और रोकथाम के उपायों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि फाइलेरिया एक परजीवी संक्रमण है, जो मच्छरों के काटने से फैलता है। यह बीमारी हाथी पांव (लाइम्फेटिक फाइलेरियासिस) जैसी गंभीर समस्या पैदा कर सकती है, जिससे मरीज के अंगों में सूजन आ जाती है और वह स्थायी रूप से विकलांग भी हो सकता है। डॉ. अंसारी ने ग्रामीणों से अपील की कि वह इस अभियान के तहत निःशुल्क दी जा रही दवा का सेवन जरूर करें। उन्होंने कहा, यह दवा पूरी तरह सुरक्षित है और इससे कोई दुष्प्रभाव नहीं होता। इसे खाली पेट न लें, बल्कि भोजन के बाद ही लें। उन्होंने कहा कि सरकार इस अभियान के माध्यम से फाइलेरिया को पूरी तरह समाप्त करना चाहती है, इसलिए सभी को दवा का सेवन करना चाहिए।

### घर-घर जाकर दवा वितरण कर रही स्वास्थ्य टीम

स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव-गांव और घर-घर जाकर लोगों को दवा दे रही है, ताकि कोई भी व्यक्ति इस अभियान से वंचित न रहे। विशेष रूप से बच्चे, गर्भवती महिलाएं और गंभीर बीमारियों से ग्रसित लोग इस दवा का सेवन न करें, लेकिन बाकी सभी को इसे जरूर लेना चाहिए।

**फाइलेरिया से बचाव के लिए दी गई जरूरी सलाह :** स्वास्थ्य विभाग की टीम ने ग्रामीणों को फाइलेरिया से बचने के लिए कई अहम सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा कि घर और आसपास की सफाई पर ध्यान दें। रूके हुए पानी को जमा न होने दें, क्योंकि वहां मच्छर पनपते हैं। सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें। गर्मियों में पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें और मच्छर भगाने वाली क्रीम लगाएं।

**स्वास्थ्य विभाग ने किया सहयोग**

इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग की टीम भी मौजूद रही, जिसमें कई स्वास्थ्यकर्मी और आशा कार्यकर्ता शामिल थे। उन्होंने गांव के लोगों को फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के महत्व को समझाया और उन्हें इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक भाग लेने के लिए प्रेरित किया। रणपुरा गांव के ग्रामीणों ने इस अभियान के प्रति अपनी सहमति और समर्थन व्यक्त किया। गांव के एक निवासी ने कहा हमने पहले इस बीमारी के बारे में ज्यादा नहीं सुना था, लेकिन अब हमें समझ आ गया है कि यह कितनी खतरनाक हो सकती है। सरकार जो दवा दे रही है, हम सभी इसे लेंगे और दूसरों को भी लेने के लिए कहेंगे।

**सरकार का लक्ष्य है फाइलेरिया मुक्त जिला :** स्वास्थ्य विभाग के अनुसार, इस अभियान का लक्ष्य जिले को फाइलेरिया मुक्त बनाना है। इस अभियान के तहत लाखों लोगों को दवा दी जाएगी, जिससे आने वाले वर्षों में इस बीमारी का खतरा पूरी तरह समाप्त हो सके।

---

## पेज एक के शेष

### सबसे ज्यादा चंदा...

इसकी तुलना में मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) ने प्रशासनिक और सामान्य चीजों पर 56.29 करोड़ रुपये और कर्मचारियों पर 47.57 करोड़ रुपये खर्च किए। राष्ट्रीय दलों में से 6 ने चंदा और कंट्रीब्यूशन से कुल 2,669.87 करोड़ रुपए प्राप्त होने की घोषणा की। रिपोर्ट में यह भी कहा गया कि इन 6 दलों में से केवल कांग्रेस (58.56 करोड़ रुपए) और माकपा (11.32 करोड़ रुपए) ने कूपन बिक्री से कुल 69.88 करोड़ रुपए की आय प्राप्त करने की घोषणा की। माकपा, कांग्रेस और भाजपा की ऑडिट रिपोर्ट 12 से 66 दिन की देरी से प्रस्तुत की गईं। रिपोर्ट में कहा गया कि राष्ट्रीय दलों द्वारा सबसे अधिक खर्च चुनाव और प्रशासनिक अभियान पर किया गया।

### रिहा होंगे आजीवन...

मुख्यमंत्री सोरेन एवं अधिकारियों के बीच रिहाई के लिए प्रस्तावित सभी मामलों पर विचार के बाद कुल 37 कैदियों को रिहा किए जाने के निर्णय पर मुख्यमंत्री ने अपनी सहमति दी। बैठक में मुख्यमंत्री के अपर मुख्य सचिव अविनाश कुमार, प्रधान सचिव गृह, कारा एवं आपदा प्रबंधन विभाग वंदना दादेल, डीजीपी अनुराग गुप्ता, कारा महानिरीक्षक झारखंड सुदर्शन प्रसाद मंडल, अपर विधि परामर्शी विधि विभाग नीरज कुमार, प्रोवेशन पदाधिकारी चंद्रमौली, एआईजी तुषार रंजन गुप्ता, जेलर मो. नसीम सहित कई अधिकारी उपस्थित थे।

### रिहा हुए कैदियों...

कैदियों को सरकार द्वारा संचालित कल्याणकारी योजनाओं से जोड़ना सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि रिहा हुए कैदियों का जीवन यापन सुचारू रूप से हो, इसके लिए आय सृजन की व्यवस्था करें। रिहा हुए कैदियों को मुख्यधारा से जोड़कर उन्हें सकारात्मक दिशा देना हम सभी की जिम्मेदारी है।

### नए मुख्य चुनाव...

सूची तैयार करती है। वर्तमान में अर्जुन राम मेघवाल विधि एवं न्याय मंत्री हैं। इस सूची पर फिर प्रधानमंत्री, लोकसभा में विपक्ष के नेता और प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक कैबिनेट मंत्री से बनी चयन समिति विचार करती है। आम सहमति नहीं बन पाने पर समिति बहुमत के आधार पर नाम तय करती है।

### यूक्रेन को बेचने...

इनमें यूक्रेन का निरस्त्रीकरण, गुटनिरपेक्ष स्थिति, उसके नेतृत्व का ह्यनाजीवाद से मुक्तिह्ल और यहां तक कि एक स्वतंत्र राज्य के रूप में उसका अस्तित्व भी शामिल है, जिससे पुतिन घृणा करते हैं।

अमेरिकी रक्षा सचिव और पाइल क्लोन पीट हेगसेथ ने पिछले हफ्ते पुतिन को बड़ी मदद दी, यूरोप (ब्रिटेन सहित) को अपनी रक्षा के लिए अधिक भुगतान करना चाहिए - वह सकल घरेलू उत्पाद का 5% प्रस्तावित करता है - और ह्ययूक्रेन को भविष्य की घातक और गैर-घातक सहायता का भारी हिस्सा प्रदान करता है।ह्ल उन्होंने सुझाव दिया कि यूरोप में अमेरिकी सैनिकों की संख्या में कटौती की जा सकती है। यह सब ट्रंप के ट्रांसएटलांटिक गठबंधन के बारे में एक व्यापक सवाल उठाता है।

अमेरिकियों ने यूक्रेन पर नाटो के संयुक्त मोर्चे को तोड़ दिया है। उन्होंने अपना वचन तोड़ दिया है। उन्होंने जेलेंस्की और प्रमुख समर्थकों - ब्रिटेन, जर्मनी के ओलाफ स्कोल्ज, पोलैंड के डोनाल्ड टस्क और बाल्टिक गणराज्यों और स्कैंडिनेविया में कीव के सहयोगियों को कमजोर किया है, जिनमें से सभी ने अपना भरोसा, गलत तरीके से, अमेरिकी नेतृत्व में रखा है। तो फिर, नाटो किस लिए है? चीन और इंडो-पैसिफिक को उत्तरी अटलांटिक क्षेत्र पर प्राथमिकता देकर, पुतिन का अनुकरण करने और कनाडा, पनामा और डेनिश ग्रीनलैंड जैसे संप्रभु देशों पर आक्रमण करने की धमकी देते हुए उन्होंने पहले गठबंधन छोड़ने की धमकी दी थी। शायद उन्हें ऐसा करना चाहिए। इससे यूरोप को अपने भाग्य का फैसला खुद करने के लिए मजबूर होना पड़ सकता है। रूस यूरोप की सुरक्षा संरचना को फिर से व्यवस्थित करना चाहता है, जिसका संक्षिप्त रूप नाटो को कमजोर करना, विभाजित करना और पीछे धकेलना है। यूरोपीय लोगों को इस बात की चेतावनी थी कि यूक्रेन और रक्षा पर इस तरह के बदलाव आने वाले हैं। ट्रंप ने लंबे समय से यूरोपीय सरकारों, हंगरी के विक्टर ओर्बन जैसे कट्टर दक्षिणपंथी राजनेताओं को उपहास करने वाले के रूप में देखा है। वह यूरोपीय संघ के प्रति तर्कहीन दुश्मनी रखते हैं और अब तक ब्रुसेल्स से बात करने से इनकार करता रहे हैं। उनके स्टील टैरिफ इस आंतरिक तिरस्कार को दशार्ते हैं। इसलिए यूरोपीय संघ के विदेश नीति प्रमुख काजा कालास और ब्रिटेन के रक्षा सचिव जॉन हीली जैसे लोगों की ओर से सदमे और दर्द की चीखें, जो इस बात पर जोर देते हैं कि किसी भी अमेरिकी-रूस वार्ता में उनकी केंद्रीय भूमिका होनी चाहिए, थोड़ी देर से आती हैं। उन्हें ट्रप के साथ शुरू से ही एक कड़ा सार्वजनिक और निजी रुख अपनाना चाहिए था, ताकि उन्हें एकतरफा तरीके से आगे बढ़ने से रोका जा सके। इसके बजाय, यूरोप इस बात पर विभाजित था, और अभी भी है कि ट्रम्प और यूक्रेन दोनों से कैसे निपटा जाए, इटली के जियोर्जिया मेलोनी जैसे कुछ नेता पक्षपात कर रहे हैं, जबकि कीर स्टारमर जैसे अन्य लोग चुप हैं। यह फ्रांस के इमैनुएल मैक्रों के लिए एक औचित्य है, जिन्होंने बार-बार, काफी हद तक व्यर्थ में, यूरोपीय संघ से अपने स्वयं के सामूहिक, गैर-नाटो रक्षा बल, हथियारों की खरीद और विनिर्माण को विकसित करने और वित्तपोषित करने का आह्वान किया है। उस प्रयास को तुरंत बढ़ाया जाना चाहिए। पिछले सप्ताह के निर्णायक अमेरिकी आत्मसमर्पण के वैश्विक प्रभाव व्यापक रूप से महसूस किए जाएंगे। पश्चिमी गठबंधन के अंदर इस शानदार, आत्म-हानिकारक विच्छेद से चीन का हौसला बढ़ेगा। यह कहना शायद उचित होगा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग द्वारा धमकी दी गई ताइवान पर आक्रमण, काफी करीब आ गया है। रूस के सहयोगी, ईरान और उत्तर कोरिया भी पश्चिमी अव्यवस्था का आनंद लेंगे। क्या इसे बदलने में बहुत देर हो चुकी है? ट्रंप सिद्धांत का अनावरण किया गया है- ताकत ही सही है, कमजोर दीवार पर चढ़ जाता है। सभी विकल्प खुले रहने चाहिए। यूक्रेन और यूरोप को किसी भी युद्धविराम वार्ता में सीधे शामिल किया जाना चाहिए। तेजी से पीछे हटते हुए, हेगसेथ और अमेरिकी उपराष्ट्रपति, जेडी वेंस, अब इन बिंदुओं को स्वीकार करते दिख रहे हैं। लेकिन, सभी पश्चिमी लोकतंत्रों द्वारा वाशिंगटन पर ठोस दबाव बनाए रखा जाना चाहिए, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि कीव ट्रंप के अस्थिर सौदों से बच जाए और एक भयावह मिसाल से बचा जाए। यदि यूएस-यूके तथाकथित विशेष संबंध अभी भी कुछ मायने रखते हैं, तो इसका लाभ उठाने का समय आ गया है। ब्रिटेन को चुपचाप पर्दे के पीछे काम करना चाहिए, जब तक कि यह शोरगुल करने वाला, शोर मचाने वाला अमेरिकी कड़ी मेहनत से अर्जित सत्य को न समझ ले। किसी भी कीमत पर शांति बिल्कुल भी शांति नहीं है।

### समुद्रयान परियोजना में भारत का एक महत्वपूर्ण कदम

# पनडुब्बी मत्स्य 6000 ने पास की वेट टेस्ट

**नई दिल्ली (हि.स.)**




भारत की चौथी पीढ़ी की गहरे समुद्र में चलने वाली मानव वैज्ञानिक पनडुब्बी मत्स्य 6000 ने कट्टुपल्ली पोर्ट पर वेट टेस्टिंग सफलतापूर्वक पूरी कर ली है, जो डीप ओशन मिशन के तहत देश की समुद्रयान परियोजना में एक महत्वपूर्ण कदम है। पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के तहत गहरे समुद्र मिशन पहलों के तहत राष्ट्रीय महासागर प्रौद्योगिकी संस्थान द्वारा विकसित इस अत्याधुनिक पनडुब्बी को इसके कांपैक्ट 2.1 मीटर व्यास वाले गोलाकार पतवार के भीतर तीन मनुष्यों को ले जाने के लिए डिजाइन किया गया है। वर्ष 2025 के अंत तक 500 मीटर की गहराई पर इसका परीक्षण किया जाएगा।

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, डिजाइन चरण के पूरा होने के बाद मत्स्य 6000 की कार्यक्षमता के लिए महत्वपूर्ण विभिन्न उप-प्रणालियों की पहचान की गई और उन्हें विकसित किया गया है। पनडुब्बी में घटकों की एक व्यापक श्रृंखला है- गोताखोरी के लिए एक मुख्य गिट्टी प्रणाली, तीनों दिशाओं में गति के लिए थ्रस्टर्स, बिजली की आपूर्ति के लिए एक बैटरी बैंक और उछाल के लिए सिंटैक्टिक फोम। इसमें एक परिष्कृत बिजली वितरण नेटवर्क, अत्याधुनिक नियंत्रण हार्डवेयर और सॉफ्टवेयर के साथ-साथ उन्नत पानी के नीचे नेविगेशन डिवाइस भी शामिल हैं। संचार प्रणालियों में एक ध्वनिक मॉडेम, पानी के नीचे टेलीफोन और सतह संचार के लिए वीएचएफ शामिल हैं, जो सटीक सतह स्थान ट्रैकिंग के लिए पानी के नीचे ध्वनिक स्थिति और जीपीएस द्वारा पूरक हैं।

मत्स्य 6000 में गोलाकार पतवार के अंदर, मानव जीवन-सहायक प्रणालियों के एकीकरण, विभिन्न पर्यावरणीय एवं महत्वपूर्ण मापदंडों के प्रदर्शन, गतिशीलता के लिए नेविगेशन जॉयस्टिक, साथ ही पतवार के बाहर विभिन्न समुद्र विज्ञान सेंसर, पानी के नीचे प्रकाश व्यवस्था और कैमरों पर सावधानीपूर्वक ध्यान दिया गया है। इन सभी उप-प्रणालियों को स्वदेशी रूप से डिजाइन किया गया है और वर्तमान में गहन एकीकरण और योग्यता परीक्षण से गुजर रहे हैं। अपनी बाहरी संरचना के भीतर सभी प्रणालियों के निर्बाध एकीकरण को सुनिश्चित करने के लिए यह (मत्स्य) 500 मीटर की परिचालन सीमा पर एकीकृत शुष्क परीक्षणों की एक व्यापक श्रृंखला से गुजरा है। इन परीक्षणों के सफल समापन के बाद मत्स्य को 27 जनवरी से 12 फरवरी, 2025 के दौरान चेन्नई के पास कट्टुपल्ली पोर्ट पर स्थित एलएंडटी शिपबिल्डिंग सुविधा में गीले परीक्षण (वेट टेस्ट) करने और पनडुब्बी कार्यक्षमता का प्रदर्शन करने के लिए ले जाया गया।

**2025** के अंत तक 500 मीटर का ट्रायल होगा

**03** मनुष्यों को ले जाने के लिए किया गया है डिजाइन

### मूल्यांकन में नियंत्रण नेटवर्क की मजबूती भी रही शामिल

पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के अनुसार, इन परीक्षणों का उद्देश्य कई महत्वपूर्ण मापदंडों पर मत्स्य 6000 के प्रदर्शन का सावधानीपूर्वक आकलन करना था। मूल्यांकन में बिजली और नियंत्रण नेटवर्क की मजबूती, वाहन की फ्लोटेशन और स्थिरता, मानव सहायता और सुरक्षा प्रणाली, और सीमित स्वतंत्रता के भीतर गतिशीलता, विशेष रूप से आगे और पीछे की गति पर ध्यान केंद्रित किया गया है। इसके अतिरिक्त, नेविगेशन और संचार क्षमताओं की जांच की गई है। वैज्ञानिक पेलोड, जिसमें कई परिष्कृत समुद्र विज्ञान सेंसर शामिल थे, उनका पूरी तरह से परीक्षण किया गया और उनकी इच्छित कार्यक्षमता की पुष्टि करने के लिए प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन चरण में कुल आठ गोते शामिल थे, जिनमें पांच मानव रहित गोते और पांच मानवयुक्त गोते शामिल थे। प्रत्येक मानवयुक्त गोते को कठोर रूप से योग्य बनाया गया था, जिससे जीवन समर्थन प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित हुई। बंदरगाह पर मत्स्य 6000 के सफल गीले परीक्षण ने वर्ष 2025 के अंत तक 500 मीटर तक की गहराई तक उथले पानी के प्रदर्शन आयोजित करने के लिए विश्वास को मजबूत किया है।

### ब्लैकलिस्ट फास्टैग को समय रहते करना होगा रिचार्ज

## बदल गए फास्टैग के नियम

**ब्यूरो**




● रिचार्ज नहीं करने पर वसूला जा सकता है दोगुना टोल टैक्स

**नई दिल्ली।** नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने फास्टैग के नए नियम फास्टैग बैलेंस वैलिडेशन के नाम से जारी कर दिए हैं। ये 17 फरवरी 2025 से देशभर में लागू हो गए हैं। इसके तहत अब ब्लैकलिस्ट फास्टैग को समय रहते रिचार्ज करना होगा। ऐसा नहीं करने पर दोगुना टोल टैक्स वसूला जा सकता है। नए नियमों के तहत लो-बैलेंस के लिए 70 मिनट की विंडो दी गई है। यानी, टोल प्लाजा पर फास्टैग रीड होने के 60 मिनट पहले और रीड होने के 10 मिनट बाद तक हर हालत में रिचार्ज करना होगा, वरना दोगुना टोल टैक्स लिया जाएगा। इससे बचने के लिए आपको समय से पहले फास्टैग बैलेंस चेक करते रहना चाहिए। इसके साथ ही ऑनलाइन यह भी चेक किया जा सकता है कि आपका फास्टैग ब्लैकलिस्ट तो नहीं है। फास्टैग का बैलेंस चेक करने के लिए आप नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया की वेबसाइट पर जाइए। लिंक https://www.npci.org.in/what-we-do/netc-fastag/check-your-netc-fastag-status पर क्लिक करके आप सीधे उस पेज पर पहुंच जाएंगे, जहां बैलेंस चेक करने का विकल्प मिलता है। इसके अलावा आप पेटीएम और गूगल पे या फोनपे की मदद से भी फास्टैग का बैलेंस चेक कर सकते हैं।

सबसे पहले गूगल पे ऐप ओपन करना होगा। इसके बाद टॉप में दिखने वाले सर्च बार में फास्टैग सर्च करना होगा। फिर आपको कई बैंकों के फास्टैग दिखेंगे, वहां अपने बैंक के फास्टैग को सेलेक्ट करें। अगर आपका फास्टैग गूगल पे से लिंक नहीं है, तो व्हीकल नंबर दर्ज करके फास्टैग को लिंक कर पाएंगे। इसके बाद आपको फास्टैग बैलेंस के साथ उसी पेज पर रिचार्ज का ऑप्शन मिलेगा। पेटीएम से फास्टैग बैलेंस चेक करना बेहद आसान है। इसके लिए पेटीएम ऐप ओपन करना होगा। इसके बाद फास्टैग सेक्शन में जाना होगा। अगर व्हीकल ऐड नहीं हैं, तो उसे टॉप में दिखने वाले एड ऑप्शन की मदद से गाड़ी नंबर डालकर ऐड करना होगा। ऐड करते ही आपके फास्टैग का बैलेंस दिखने लगेगा।

### ब्लैकलिस्ट स्टेटस ऐसे करें चेक

सबसे पहले आपको नेशनल पेमेंट्स कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया वेबसाइट पर जाना होगा। या फिर आप सीधे https://www.npci.org.in/what-we-do/netc-fastag/product-overview पर क्लिक कर सकते हैं। इसके बाद आपको लेफ्ट साइड चेक योर एनईटीसी फास्टैग स्टैटस ऑप्शन पर टैप करना होगा। वहां एक नया पेज ओपन होगा, जहां आपको अपना व्हीकल नंबर या फिर एनईटीसी फास्टैग आईडी डालनी होगी। इसके बाद कैप्चा कोड डालना होगा। नीचे की तरफ दिख रहे चेक स्टैटस ऑप्शन पर क्लिक करना होगा। क्लिक करने के बाद नीचे की तरफ आपके फास्टैग की स्टेट्स रिपोर्ट मिल जाएगी। इसमें छिपे नंबर के साथ टैग आईडी, व्हीकल नंबर की जानकारी मिलेगी। यह भी बताया जाएगा कि आपका फास्टैग एक्टिव है या नहीं। इसके अलावा फास्टैग किस दिनांक को जारी हुआ है और किस बैंक ने फास्टैग जारी किया है, इसकी जानकारी मिलेगी। आप चाहें तो नीचे दिए ऑप्शन पर क्लिक करके फास्टैग को बंद कर सकते हैं।इसके अलावा बैलेंस वापसी के लिए दावा कर सकते हैं।

### नोएडा में रेनीवेल का हुआ उद्घाटन

## प्रतिदिन 12 से 14 मिलियन लीटर पानी मिलेगा



**नोएडा (आईएएनएस)**

नोएडा में लगातार खारे पानी की समस्या बनी हुई है और पूरे इलाके को गंगाजल सप्लाई नहीं मिल पाती। जिसके कारण कई इलाके ऐसे हैं जहां पर पीने के पानी की समस्या काफी ज्यादा है। इसी को देखते हुए नोएडा प्राधिकरण ने रेनीवेल बनाकर उसका उद्घाटन किया है। रेनीवेल को काम में लाया जाएगा ताकि पानी की कमी को दूर किया जा सके। इसी कड़ी में सोमवार को नोएडा के विधायक पंकज सिंह द्वारा मुख्य कार्यपालक अधिकारी लोकेश एम की उपस्थिति में सेक्टर-14A, नोएडा के सामने स्थित रेनीवेल संख्या-6 का उद्घाटन किया गया। यह रेनीवेल कई वर्षों से अक्रियाशील था, जिसे भारत सरकार की संस्था वैप्कॉस लिमिटेड से परामर्श के बाद पूरी तरह से सुदृढ़ कर क्रियाशील किया गया। अब इस रेनीवेल से प्रतिदिन लगभग 12-14 मिलियन लीटर पानी (एमएलडी) प्राप्त किया जा सकेगा, जिसकी टीडीएस (टोटल डिसोल्वड सॉलिड्स) वैल्यू 350-360 के बीच है। इस नए जल स्रोत से नोएडा के 10-12 सेक्टरों में मिश्रित जलापूर्ति प्रदान की जा सकेगी, जिससे स्थानीय नागरिकों को साफ और पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। यह परियोजना क्षेत्रीय जल आपूर्ति व्यवस्था में एक महत्वपूर्ण कदम साबित होगी और नोएडा के विकास में सहायक सिद्ध होगी। गौरतलब है कि अभी तक नोएडा के अलग-अलग इलाकों में पानी की सप्लाई के लिए गाजियाबाद की तरफ से गंगाजल पानी की सप्लाई की जाती है।

### मैं तूफानों से खेलता हूं, खुद भी एक तूफान हूं : अनिल विज

**चंडीगढ़ (आईएएनएस)।** हरियाणा सरकार के कैबिनेट मंत्री



अनिल विज ने अंबाला छावनी निकाय चुनाव के नामांकन के आखिरी दिन पार्टी के 32 प्रत्याशियों का नामांकन कराने पहुंचे। इस मौके पर विज ने जीत के प्रति आत्मविश्वास जताते हुए सभी प्रत्याशियों की जीत का दावा किया। मंच पर अपने परंपरागत अंदाज में विज ने विरोधियों पर निशाना साधते हुए एक शेर भी सुनाया, जिसमें उन्होंने कहा, "तूफानों से खेलता हूं मैं, मैं खुद भी एक तूफान हूं, हमसे टकराने वालों के लिए उनके खात्मे का पैगाम हूं, उनके खात्मे का पैगाम हूं। उन्होंने कहा कि मैं यहां प्रत्याशियों के नामांकन के लिए आया हूं। मैं सभी उम्मीदवारों को विजय का आशीर्वाद देने के साथ-साथ 2047 तक एक विकसित भारत बनाने का लक्ष्य रखता हूं। एक सर्वेक्षण में यह सामने आया कि चुनाव के बाद मोदी जी की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है और वे प्रदेश और देश के विकास के लिए नई घोषणाएं कर रहे हैं।

## 'परीक्षा पे चर्चा' में मैरी कॉम, सुहास यतिराज और अवनि लेखरा ने शेयर किया छात्रों से सफलता का मंत्र

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**




परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में मैरी कॉम, सुहास यतिराज और अवनि लेखरा जैसी दिग्गज खेल हस्तियों ने छात्रों के साथ संवाद किया और उनसे अहम टिप्स भी साझा किए। परीक्षा में छात्रों की बेस्ट परफॉरमेंस को समर्पित इस मंच की शुरुआत देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की है। इस मंच पर छात्रों को परीक्षा में होने वाले तनाव, डर और शंकाओं से उभरने के लिए प्रोग्राम किया जाता है, जिसमें विविध क्षेत्रों की जानी-मानी हस्तियां भी शिरकत करती हैं। परीक्षा पे चर्चा के 8वें संस्करण में छात्रों को मार्गदर्शन देने के लिए शामिल हस्तियों में मैरी कॉम भारत की दिग्गज महिला मुक्केबाज हैं, जिन्होंने कई बार विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया और ओलंपिक में बॉक्सिंग में मेडल जीतने वाली पहली भारतीय महिला मुक्केबाज भी हैं। सुहास यतिराज आईएएस अधिकारी होने के अलावा शानदार पैरा शटलर भी हैं, जिन्होंने पैरालंपिक खेलों में पदक जीतकर देश का नाम रोशन किया है। वहीं युवा अवनि लेखरा एक पैरा शूटर हैं, जिन्होंने टोक्यो और पेरिस पैरालंपिक खेलों में ऐतिहासिक गोल्ड मेडल हासिल करके इतिहास रचा है। परीक्षा पे चर्चा मंच पर मैरी कॉम, सुहास यतिराज और अवनि लेखरा ने बच्चों को टिप्स दिए कि कामयाबी का कोई शॉर्टकट नहीं होता। फेल्योर सफलता का सबसे बड़ा हिस्सा है। आपके विचार आपकी किस्मत बनाते हैं। खुश रहें, पर संतुष्ट कभी न हों। फोकस बढ़ाने के लिए टिप्स दिए। किसी भी चैलेंज से लड़ने के लिए खुद से लड़ना सीखें। अच्छी चीजें आसानी से नहीं मिलतीं। उसके लिए मेहनत करें। सोना बहुत जरूरी है क्योंकि मानसिक रूप से फिट रहेंगे, तभी शारीरिक रूप से फिट होंगे। सुहास यतिराज ने कहा, "आपका दिमाग आपका सबसे बड़ा दोस्त और सबसे बड़ा दुश्मन दोनों हो सकता है। जब आप कोई भी परीक्षा देने जाते हैं तो नर्वस होते ही हैं।" सुहास ने अपनी प्रतियोगिता के अनुभव बताए कैसे वह शुरुआत में बड़े इवेंट में खेलते हुए डर जाते थे। लेकिन उन्होंने हार का डर बाद में कोर्ट के बाहर छोड़ दिया और इसका उन्हें नतीजा मिला। इसके बाद उन्होंने एशियन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता। उन्होंने कहा कि जब आप डर छोड़ देंगे तो अपना बेस्ट देंगे। अवनि लेखरा ने कहा, "इतने बच्चों को देखकर मुझे अपने स्कूल के दिन याद आ रहे हैं। कई बार मुझे लगा कि शूटिंग छोड़ देनी चाहिए। जब हमें किसी चीज की जानकारी नहीं होती तो डर लगता है। इसके बाद मैंने शूटिंग को लेकर जानकारी जुटाई और इस खेल में अच्छा किया।

## पेपर लीक की सभी बातें निराधार व झूठी अफवाह पर ध्यान न दें छात्र : सीबीएसई

**नई दिल्ली ।** सीबीएसई की बोर्ड परीक्षाओं के बीच कुछ शरारती तत्वों ने पेपर लीक की बात फैलाने की कोशिश की है। हालांकि सीबीएसई के अधिकारियों ने इन बातों पर तुरंत लगाम लगाते हुए बताया कि पेपर लीक की सभी बातें पूरी तरह से निराधार और झूठी हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह केवल एक अफवाह है और छात्रों को इस पर ध्यान नहीं देना चाहिए। बोर्ड ने परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों व उनके अभिभावकों से कहा है कि वे केवल सीबीएसई की आधिकारिक वेबसाइट पर भरोसा करें।

## ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने विदेश मंत्री जयशंकर से की मुलाकात

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक ने सोमवार को नई दिल्ली में विदेश मंत्री एस. जयशंकर से मुलाकात की। सुनक वर्तमान में अपने परिवार के साथ भारत के दौरे पर हैं। विदेश मंत्री जयशंकर ने एक्स पर लिखा, "आज दिल्ली में ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक से मिलकर अच्छा लगा। भारत-ब्रिटेन संबंधों को मजबूत करने के लिए उनके निरंतर समर्थन की सराहना करता हूं।

## ताइवान जलडमरूमध्य पर दावा करने का चीन को अधिकार नहीं : ताइपे

**ताइपे (आईएएनएस)**

ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने सोमवार को दोहराया कि ताइवान जलडमरूमध्य में नौवहन की स्वतंत्रता है और चीन को इस पर संप्रभुता का दावा करने का कोई अधिकार नहीं। इससे पहले चीन ने रविवार को ताइवान जलडमरूमध्य से गुजरने वाले कनाडाई युद्धपोत पर आपत्ति जताई थी। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने एक्स पर लिखा, "ताइवान जलडमरूमध्य किसी भी तरह से 'पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना' की संप्रभुता के अधीन नहीं है! समान विचारधारा वाले देशों की नौवहन की स्वतंत्रता इसकी कानूनी स्थिति को साबित करती है। रक्षा मंत्रालय ने कहा, "ताइवान और उसके पड़ोसियों के खिलाफ चीन की सैन्य कार्रवाइयां केवल यही दर्शाती हैं कि चीन क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए सबसे बड़ा खतरा है।

# चीन हमारा दुश्मन नहीं, भारत को बदलनी होगी सोच : सैम पित्रोदा

**नई दिल्ली (आईएएनएस)**



कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राहुल गांधी के करीबी सैम पित्रोदा ने कहा कि चीन से खतरे को अक्सर बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है। अब समय आ गया है कि हम पड़ोसी देश को पहचानें और उसका सम्मान करें। आईएएनएस से बातचीत में पित्रोदा ने भारत-चीन संबंधों पर कहा कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। उन्होंने कहा कि भारत का दृष्टिकोण हमेशा से टकराव वाला रहा है, जो दुश्मनी पैदा करता है, सोचने का यह तरीका बदलना चाहिए, यह जरूरी नहीं कि हम हमेशा चीन को दुश्मन मानें और यह सिर्फ चीन के लिए नहीं बल्कि सभी के लिए होना चाहिए। सैम पित्रोदा ने कहा, "मुझे नहीं पता कि चीन से क्या खतरा है। मुझे लगता है कि इस मुद्दे को अक्सर जरूरत से ज्यादा बढ़ा-चढ़ाकर पेश किया जाता है, क्योंकि अमेरिका को हमेशा दुश्मन की पहचान करनी होती है। कांग्रेस नेता ने यह भी कहा कि अब सभी देशों को एक साथ आने का समय है। हमें सीखने, संवाद बढ़ाने, सहयोग करने और मिलकर काम करने की जरूरत है, हमें 'कमांड और कंट्रोल' की मानसिकता से बाहर निकलना होगा। उन्होंने कहा, "चीन चारों ओर है... चीन बढ़ रहा है... हमें इसे पहचानना और समझना होगा। हर देश आगे बढ़ रहा है, कुछ तेजी से, कुछ धीमे। जो बहुत गरीब हैं, उन्हें तेजी से बढ़ना होगा, और जो संपन्न हैं, उनकी वृद्धि धीमी होगी। जो विकसित हैं, उनकी आबादी बुजुर्ग होगी, जबकि विकासशील देशों की आबादी युवा होगी। हमें इन सब चीजों को एक साथ देखना होगा। पित्रोदा की यह टिप्पणी हाल ही में अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच हुई बैठक के बाद आई है, जिसमें भारत-चीन सीमा तनाव पर चर्चा हुई थी। 13 फरवरी को हुई एक संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भारत और चीन के बीच चल रहे तनाव में मध्यस्थता करने की पेशकश की।

### सैम पित्रोदा के 'चीन हमारा दुश्मन नहीं' वाले बयान से कांग्रेस का किनारा



इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के अध्यक्ष सैम पित्रोदा के 'चीन हमारा दुश्मन नहीं' वाले बयान से कांग्रेस पार्टी ने किनारा कर लिया है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने सैम पित्रोदा के बयान को उनकी अपनी राय बताया है। उन्होंने कहा कि चीन हमारी विदेश नीति, बाह्य सुरक्षा और आर्थिक क्षेत्र की सबसे बड़ी चुनौती बना हुआ है। जयराम रमेश ने सोमवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "सैम पित्रोदा द्वारा चीन पर व्यक्त किए गए कथित विचार निश्चित रूप से भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के विचार नहीं हैं।

### चीन पर सैम पित्रोदा का बयान, गलवान के शहीदों का अपमान : सुधांशु त्रिवेदी



भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने सोमवार को इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा के बयान को गलवान के शहीदों का अपमान बताया है। पित्रोदा ने आईएएनएस से एक्सक्लूसिव बातचीत में कहा था कि भारत को अपनी मानसिकता बदलने की जरूरत है और यह धारणा छोड़ने की जरूरत है कि चीन दुश्मन है। सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत लगातार आगे बढ़ रहा है। लेकिन, कुछ शक्तियां इसे प्रभावित करने में लगी हुई है।